3 बस्तर संभाग
मुख्यमंत्री ने बच्चों संग लिया गर्मी की छुट्टियों वाली स्कूल लाइफ...

6 अभिमत
दुनियाभर में महंगाई की मार

10 संस्कारधानी
चिखली चौकी प्रभारी पर एसडीओं को बचाने का आरोप...

11 छत्तीसगढ़
एसईसीएल में 46वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 29 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 278 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### महाराष्ट्र में कोरोना के ओमिक्रोन सब-वेरिएंट के पहले मामले की पुष्टि, 7 लोग संक्रमित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पहली बार कोरोना के B.A 4 वेरिएंट के चार मरीज और B.A. 5 वेरिएंट के तीन




मरीजों की पुष्टि हुई है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को इसकी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक सभी मरीजों में कोरोना के मामूली लक्षण हैं और सभी का होम आइसोलेशन में इलाज हो रहा है। गौरतलब है कि अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका समेत दुनिया के कई हिस्सों में ओमिक्रॉन के सब वेरिएंट की पुष्टि हुई थी। लेकिन भारत में अबतक कोरोना के इस सब वेरिएंट का कोई केस नहीं मिला था।

### सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम से तीसरे दिन भी की पूछताछ

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम से कथित रूप से रिश्वत लेकर चीनी नागरिकों को वीजा देने के एक मामले में लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी पूछताछ की। सीबीआई के सूत्रों ने यह जानकारी दी। चिदंबरम से चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने के संबंध में सीबीआई ने शुक्रवार को सात घंटे तक पूछताछ की थी, जिसके अगले दिन शनिवार को वह एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे।

# कोंडागांव के मरीजों को एक ही छत के नीचे मिलेगी 120 प्रकार के स्वास्थ्य जांच की सुविधा

## मुख्यमंत्री बघेल ने किया अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बघेल ने किया अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण कोंडागांव में अब एक ही छत के नीचे मरीजों को अलग-अलग 120 प्रकार के स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। शहर के जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड 'हमर लैब' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, स्थानीय विधायक मोहन मरकाम, नारायणपुर विधायक चन्दन कश्यप, राष्ट्रीय स्वास्थ्य की मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**ओडिसा के ग्रामीण कर रहे छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री की तारीफ**

पैथोलोजिस्ट डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि हमर लैब अत्याधुनिक उपकरणों के साथ एक इंटीग्रेटेड हेल्थ लैब है। जांच से संबंधित समस्त संसाधनों का उपयोग एक स्थान पर करते हुए गुणवत्ता पूर्ण जांच सेवाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे मरीजों को बाहर महंगे दरों पर जांच की समस्या से भी राहत मिलेगी। हमर लैब में क्लीनिकल पैथोलॉजी, हेमेटोलॉजी, सीरोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री एवं माइक्रोबॉयलोजी अंतर्गत 120 विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी।

**ओडिसा के ग्रामीण कर रहे छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री की तारीफ**

हमर लैब का लोकार्पण करने कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रशंसा ओडिसा के ग्रामीणों ने की। ओड़िसा के नवरंगपुर जिले के खड़का गांव से पहुंचे राजूराम बंजारा और रायगढ़ के नरेश राय मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद नियमित जांच के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि ओड़िसा में सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें कोंडागांव आना पड़ा। यहां इलाज की बहुत ही अच्छी सुविधा मिली।





### सवा साल में 1632 लोगों की आंखों का किया गया है ऑपरेशन

मुख्यमंत्री से बातचीत के दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना मीणा ने बताया कि जिले में 2020 से कोरोना के कारण आंखों का ऑपरेशन रोक दिया गया था, जिसे फरवरी 2021 से। फिर से चालू किया गया। इन सवा सालों के दौरान 1632 लोगों की आंखों का ऑपरेशन कर राहत पंहुचाई गई, जिनमे 1144 मरीज मोतियाबिंद के थे। वहीं अप्रैल और मे 239 मरीजों का ऑपरेशन किया गया।

### एक परिवार की तीन बच्चियों की आंखों को मिली रोशनी


कोंडागांव में आँखों का इलाज शुरू होने से जहां हजारों लोगों की आंखों में रोशनी पहुंची। वहीं फरसगांव तहसील के आलीबेड़ा के अनिल मरकाम की तीन बेटियों की आंखों को रोशनी मिली। अनिल मरकाम की 17 वर्षीय बेटी वन्दना, 23 वर्षीय सवीना और 10 वर्षीय यमुना को मोतियाबिंद था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लंजोड़ा में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी सरिता साहू जब आलीबेड़ा मिडिल स्कूल में बच्चों की स्क्रीनिंग करने पहुंची थीं, तब उन्होंने इन बच्चियों की आंखों के मोतियाबिंद की पहचान की थी और उनके पिता को इनके इलाज के लिए रायपुर जाने की सलाह दी थी। गरीब पिता इन बच्चियों को रायपुर नहीं ले जा पाए। कोंडागांव में नेत्र विशेषज्ञ की नियुक्ति होने के बाद इन बच्चियों की आंखों का ऑपरेशन किया गया।

### मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी खिंचाने की दिखी होड़

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोंडागांव जिला अस्पताल पहुंचने बाद लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखा और लोग उनके साथ सेल्फी खिंचाने की मांग करने लगे। लोगों के उत्साह और प्रेम पूर्वक किये गए अनुनय को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अस्पताल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही मरीजों के साथ भी सेल्फी ली।

# योग को धर्म और मजहब से जोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण : कोविंद

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि कुछ लोग योग को धर्म और मजहब से जोड़ रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कोविंद आरोग्य भारती की ओर से आयोजित एक देश, एक स्वास्थ्य-वर्तमान समय की आवश्यकता पर 'आरोग्य मंथन' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए सरल जीवनशैली, संतुलित खानपान और योग आदि पर जोर दिया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कुछ लोग गलतफहमी फैलाने के लिए योग को धर्म और मजहब से जोड़ देते हैं। जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि किसी डॉक्टर के पास अगर दो मजहब के लोग जाएं और डॉक्टर उन्हें योगासन करने को कहे तो कोई भी मजहब का व्यक्ति डॉक्टर का विरोध नहीं करेगा क्योंकि उसे अपने स्वास्थ्य की चिंता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुधार के लिए वह व्यक्ति योग अवश्य करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि ये मुद्दे भ्रांतियां फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। रोग निवारण में कभी भी मजहब आड़े नहीं आता। इस पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। समझने की आवश्यकता है कि प्रकृति के साथ संपर्क में रह कर ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

### प्रधानमंत्री संग्रहालय बहुत अच्छे से सजाया गया हैः सीतारमरण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण किया वहां पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रमुख कार्यों को बेहतरीन



तरीके से प्रस्तुत किये जाने की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सीतारमण ने वहां आये कुछ दर्शकों से बातचीत की। इस दौरान उनके कार्यालय के कुछ कर्मी और स्वयंसेवक भी उनके साथ थे। तीनमूर्ति के पास पुराने नेहरू संग्रहालय की जगह नवविकसित इस संग्रहालय का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में ही उद्घाटन किया है। सीतारमण ने ट्विटर पर इसकी सराहना करते हुए कहा कि इस संग्रहालय में स्वाधीनता के बाद के सभी प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों और योगदान की झांकी प्रस्तुत की गयी है। उन्होंने वहां की व्यवस्था की तारीफमें लिखा, ' बहुत अच्छे तरीके से सजाया संग्रहालय है जहां हमारे सभी प्रधानमंत्रियों और हमारे संविधान के इतिहास को प्रस्तुत किया गया है।

## युवाओं की नौकरी छीनना मोदी सरकार को पड़ेगा महंगा : राहुल

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व वाली सरकार युवाओं को रोजगार देने की बजाय उनकी नौकरियां छीन रही है और यह काम उसको महंगा पड़ेगा। गांधी ने ट्वीट किया, मोदी सरकार नई नौकरियां नहीं दे रही लेकिन बची हुई नौकरियां छीनने में ज़रूर सक्षम है। याद रहे, यही युवा आपके सत्ता के घमंड को तोड़ेगा। इनके भविष्य को बर्बाद करना इस सरकार को महंगा पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर पोस्ट की है जिसमें लिखा है कि रेलवे में 90000 पदों पर नौकरी मिलने की संभावना समाप्त हो गयी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी इस मुद्दे पर सरकार पर हमला किया और कहा, बेरोजगारी ने 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ा, करोड़ों ने रोजग़ार की उम्मीद छोड़ दी, अब रेलवे में 50 प्रतिशत नौकरियां हमेशा के लिए ख़त्म। 91,629 पदों पर अब कभी भर्ती नहीं। गांव से शहर तक युवा, रेलवे और सेना में भर्ती के लिए दिन रात जुटे हैं, मग़र मोदी सरकार में भर्ती और उम्मीद दोनों ख़त्म।

## शाह ने एनएसीपी में तटीय सुरक्षा पर जानकारी ली

वार्ता ‹ ओखा
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के ओखा में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग (एनएसीपी) का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों ने समुद्री पुलिस बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनएसीपी के प्रयासों के बारे में उन्हें जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह और पुलिस महानिरीक्षक जी एस मलिक ने शाह के यहां पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय तटीय राज्यों के समुद्री बलों की प्रतिक्रिया और कौशल को तेजी से बढ़ाने के लिए 26/11 के मुंबई हमले के मद्देनजर एनएसीपी का गठन किया गया था। बीएसएफने कहा शाह को तटीय सुरक्षा में उभरती चुनौतियों और तटीय राज्यों द्वारा अनुमानित जरुरतों के मद्देनजर सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से समुद्री पुलिस बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनएसीपी के प्रयासों के बारे में बताया गया। शाह ने ट्वीट किया, गुजरात के ओखा में राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी का दौरा किया और सीएपीएफ और तटीय पुलिस को दिए गए प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी ली। तटीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए एक विशेषज्ञ और आधुनिक पुलिस बल बनाने के लिए 2018 में एनएसीपी की स्थापना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता की सोच का ही परिणाम है। गृह मंत्री ने प्रतिकूल मौसम और भौगोलिक चुनौतियों वाले इलाके में संस्थान स्थापित करने और तटीय पुलिस कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए बीएसएफगुजरात फ्रंटियर और एनएसीपी के प्रयासों की सराहना की। बीएसएफ ने कहा कि इस अकादमी का आधारभूत ढांचा तैयार किया है और मरीन पुलिस फाउंडेशन कोर्स का सफलतापूर्वक संचालन किया है।

## विश्व के पहले नैनो उर्वरक कारखाने का उद्घाटन

# यूरिया सब्सिडी इस वर्ष दो लाख करोड़ रुपए से अधिक हो सकती हैं : मोदी

वार्ता ‹ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को उर्वरकों के अंतरराष्ट्रीय बाजार में उछाल के आघात से बचाने के लिए चालू वित्त वर्ष 2021-22 में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की सब्सिडी देनी पड़ सकती है। उन्होंने गुजरात के गांधीनगर में विश्व के पहले नैनो (तरल) उर्वरक कारखाने का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार इस समय प्रति बोरी यूरिया पर 3,200 रुपए और डाय अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक पर 2,530 रुपए की सब्सिडी दे रही है। कार्यक्रम को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में देशभर में इफको के केंद्र पर लाखों लोगों ने ऑनलाइन भाग लिया। मोदी ने कहा, भारत विदेशों से जो यूरिया मंगाता है इसमें



यूरिया का 50 किलोग्राम का एक बैग 3,500 रुपये का पड़ता है, लेकिन देश में, किसान को वही यूरिया का बैग सिर्फ300 रुपये का दिया जाता है। यानी यूरिया के एक बैग पर हमारी सरकार 3,200 रुपये का भार वहन करती है। उन्होंने कहा कि इसी तरह डीएपी पर पिछले 12 महीने में सरकरी सहायता करीब पांच गुना बढ़ाकर 2530 रुपए तक पहुंच गयी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, किसानों के प्रति संवेदनशील हमारी सरकार ने निर्णय किया कि हम सारी मुसीबत सह लेंगे लेकिन किसानों पर इसका असर नहीं पड़ने देंगे। उन्होंने कहा, देश के किसान को दिक्कत न हो इसके लिए केंद्र सरकार ने पिछले साल 1.60 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी फर्टिलाइजर के क्षेत्र में दी है। किसानों को मिलने वाली ये राहत इस साल दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दो साल कोरोना संक्रमण के कारण वैश्विक बाजार में उर्वरकों की कीमत बढ़ गयी थी और उसके बाद युद्ध (रूस-यूक्रेन) आ धमका और कीमतें उससे भी कई गुना बढ़ गयीं और उपलब्धता घट गयी। मोदी ने कहा, किसानों के प्रति संवेदनशील हमारी सरकार ने निर्णय किया कि हम सारी मुसीबत सह लेंगे लेकिन किसानों पर इसका असर नहीं पड़ने देंगे। उन्होंने कहा, आज आत्मनिर्भर कृषि के लिए देश पहले नैनो यूरिया लिक्विड प्लांट का उद्घाटन करते हुए मैं विशेष आनंद की अनुभूति करता हूं। अब यूरिया की एक बोरी की जितनी ताकत है।

### देश भर में आठ नये नैनो यूरिया कारखाने लगाए जाएंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में विश्व के पहले नैनो (तरल) उर्वरक कारखाने का उद्घाटन किया और कहा कि देश में ऐसे कुल और आठ कारखाने स्थापित करने की योजना है। मोदी ने इस अवसर पर आयातित महंगे यूरिया पर निर्भरता कम करने के विकल्प तलाशने पर भी बल दिया। सहकारी उर्वरक कंपनी इफ्को द्वारा स्थापित इस कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 500 मिलीलीटर की 1.5 लाख बोतल नैनो यूरिया बनाने की है। मोदी ने कहा कि एक बोतल यूरिया एक बोरी यूरिया का काम करेगी और किसान उसे बाजार से अपने जेब में डालकर घर ला सकता है। इससे उसकी परिवहन की लागत बचेगी।



# आदिवासी प्रतिनिधिनियों ने सरगी माला पहनाकर किया सीएम भूपेश का आत्मीय स्वागत






**मुख्यमंत्री को छिंद पत्तों से बने गुलदस्ते भी भेंट किये गए साथ ही साफा बांधा**

**कोंडागांव।** मुख्यमंत्री पहुंचे भेंट मुलाकात स्थल, आदिवासी प्रतिनिधिनियों ने सरगी माला पहनाकर किया आत्मीय स्वागत, मुख्यमंत्री को छिंद पत्तो से बने गुलदस्ते भी भेंट किये गए साथ ही साफा बांध कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात में कहा - बड़ेडोंगर में माई का दर्शन कर आपसे भेंट मुलाकात करने आया हूं। समर कैम्प की आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी में मुख्यमंत्री ने बच्चों की बनाई मिट्टी की कलाकृतियां, भित्ति चित्र, सिलाई कड़ाई, चित्रकला, जूट शिल्प को देखा। इस दौरान 4 वर्षीय बच्ची नन्हीं पीहू ठाकुर को मुख्यमंत्री ने अपने साथ ले लिया। दसवीं कक्षा के छात्र देवदत्त ने मुख्यमंत्री को अपने द्वारा बनाया उनका पोट्रेट भेंट किया।

# मुख्यमंत्री बने कन्हैया बांसुरी की मधुर तान के साथ किया कोंडागांव सी-मार्ट का उद्घाटन




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम में दौरान कोंडागांव में सी-मार्ट का उद्घाटन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सी मार्ट में विक्रय की जा रही शबरी बांसुरी को भी बजा कर मधुर तान छेड़ी। शबरी बांसुरी एक अनोखा वाद्य है जिसे मुंह से फूंक कर बजाने की बजाय हाथों से हिलाकर बजाया जाता है। यह वाद्य हाथों के व्यायाम के लिए भी उपयोगी है।

शबरी बांसुरी की मधुर तान के साथ किया कोंडागांव सी-मार्ट का उद्घाटनबिहान अंतर्गत उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय सी-मार्ट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सी मार्ट में हर्बल उत्पाद, कोदो, कुटकी, रागी कुकीज, जामुन चिप्स सहित सभी उत्पादों का अवलोकन किया। कोंडागांव के चिखलपुटी में खुले इस सी-मार्ट स्टोर से एक ही छत के नीचे स्थानीय उत्पाद उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने सी मार्ट के उत्पादों की सराहना की।

शबरी बांसुरी की मधुर तान के साथ किया कोंडागांव सी-मार्ट का उद्घाटनउल्लेखनीय है कि सी मार्ट कोंडागांव में लगभग 19 लाख रुपये लागत के उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। सी मार्ट में मुख्यमंत्री ने जामुन चिप्स की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यहां पहली बार मैं जामुन के चिप्स देख रहा हूँ। मुख्यमंत्री को स्टोर की महिलाओं ने बताया कि जामुन हर सीजन में उपलब्ध नहीं होता इसलिए हमने जामुन के चिप्स बनाये हैं, ताकि बारहों महीने जामुन का स्वाद लिया जा सके । उड़ान समूह में महिलाएं कुल 587 उत्पाद बना रही हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, लोकसभा सांसद दीपक बैज, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, विधायक चंदन कश्यप भी उपस्थित थे।

## विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहना



विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहनासाइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में सरकार की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलाव और विकास कार्यों की उपलब्धियों पर आधारित राज्य स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है।आज दुर्ग जिले की ग्राम दमोदा, अरानी, समोदा,ननकट्ठी,गाड़ाघाट, हिर्री,बोरई, करंजा,जनपद दुर्ग सहित विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कर विकास योजनाओं की सराहना की।प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल योजना कारगर साबित हो रहा है। इससे सरकारी स्कूलों के प्रति विद्यार्थियों एवं पालकों का रुझान बढ़ा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लोग अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सरकारी स्कूलों में दिलवा कर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

**विकास प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहना :** प्रदर्शनी में राज्य सरकार की योजनाओंग्राम पंचायत ननकट्ठी के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस छायाचित्र प्रदर्शनी में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को विशेष रूप से फोकस किया गया हैं।

## गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने नहीं दिया ब्यौरा

- रद्द हो सकता है पंजीयन, भारत निर्वाचन आयोग सख्त




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में पंजीकृत 38 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से सिर्फ दस ने ही आय व्यय का ब्यौरा निर्वाचन आयोग में जमा किया है। यही नहीं, 80 फीसद राजनीतिक दलों ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतारे। अब निर्वाचन आयोग ऐसे पंजीकृत दलों पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। दरअसल, राजीतिक दल के रूप में पंजीयन कराने के बाद टैक्स में छूट सहित कई सुविधाएं मिलती हैं। आयोग उन दलों की मान्यता खत्म करने पर विचार कर रहा है, जिन्होंने चुनाव में न तो उम्मीदवार उतारे, न ही आय-व्यय का ब्यौरा ही दिया। निर्वाचन आयोग देश के दो हजार 174 पंजीकृत राजनीतिक दलों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। आयोग ने छत्तीसगढ़ से भी राजनीतिक दलों की जानकारी तलब की है। निर्वाचन आयोग के आला अधिकारियों ने बताया कि गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों पर वित्तीय अनियमितता सहित समय पर सालाना आडिट रिपोर्ट पेश न करने और चुनाव खर्च का ब्यौरा न देने जैसे गंभीर आरोप है। इनमें बड़ी संख्या में ऐसी पार्टियां भी है, जिन्होंने वर्ष 2018 का विधानसभा और वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव भी नहीं लड़ा है। बावजूद उन्होंने करोड़ों की टैक्स छूट हासिल की है। आयोग ने पारदर्शिता के लिए राजनीतिक दलों को मिलने वाले चुनावी चंदे, चुनावी खर्च, बैंक खातों और पैनकार्ड की जानकारी मांगी है। जानकारी नहीं देने वाले दलों को मिलने वाली टैक्स छूट पर निर्वाचन आयोग रोक लगाने पर विचार कर रहा है। नियमों के मुताबिक चुनाव खत्म होने के 90 दिनों के भीतर सभी राजनीतिक दलों को चुनावी खर्च का ब्यौरा देना जरूरी है। छत्तीसगढ़ के गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दस राजनीतिक दलों ने ही अंशदान, वार्षिक लेखा परीक्षण और निर्वाचन आय-व्यय का ब्यौरा दिया है। इसमें राष्ट्रीय मानव एकता कांग्रेस पार्टी, आप सबकी अपनी पार्टी, नया भारत पार्टी, छत्तीसगढ़ संयुक्त जातीय पार्टी, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, भारत भूमि पार्टी, आजादी का अंतिम आंदोलन, सुंदर समाज पार्टी और मानव राष्ट्रीय एकता कांग्रेस ने ब्यौरा जमा किया है।

# अनुकंपा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की लंबित मांगों की रणनीति पर मीटिंग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अनुकंपा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ द्वारा मीटिंग रायपुर घड़ी चौक कलेक्टर गार्डन में रखी गई, जिसमे अनुकम्पा संघ के अध्यक्षा और सदस्य गण शामिल हुए जिसमे आगे की रणनीति तैयार की गई। पीड़ित महिलाओं ने एक एक करके अपनी बात रखी की इतने संघर्ष के बाद भी माननीय मुख्यमंत्री जी अनुकम्पा जैसे संवेदनशील मामले पर मोहर लगाने में देरी क्यों और नियम का हवाला क्यों दिया जा रहा है, जिससे पीड़ित परिवारों के मन में हताशा हो रही है। अनुकम्पा संघ का साथ देने पहुंची प्रदेशअध्यक्ष महामंत्री गंगा पासी ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया कि इन बहनों को अधिकार दिया जाए। मीटिंग में ही प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने संसद महोदया छाया वर्मा से बात की और साथ में गंगा पासी ने भी उनकी बात सुनी। मीटिंग समाप्त होने के बाद सभी अनुकम्पा संघ मंत्रालय पहुंचे और अपर मुख्य सचिव पिल्लई दे बात कर अपना पक्ष रखा। विदित हो कि अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण 27/4/2022 से जेडी में जा चुका है।अधिकारियों का कहना है की जो भी करेंगे मुख्यमंत्री जी ही करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से कहा है कि वे संवेदन शीलता दिखाते हुए हमारी अनुकम्पा नियुक्ति का तत्काल कैबिनेट में नियमो में संशोधन करके प्रस्ताव पारित करके आदेश जारी करें।

# नई दिल्ली में रेलवे सुरक्षा बल के अलंकरण समारोह में संजय कुमार गुप्ता सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संजय कुमार गुप्ता, मंडल सुरक्षा आयुक्त , रेलवे सुरक्षा बल, रायपुर मंडल को उनके 34 वर्ष के उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा के लिए 27मई को अश्वनी वैष्णव, कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार के द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्य म अलंकरण समारोह में भारतीय पुलिस सेवा पदक से सम्मानित किया गया है, उनके इस सम्मान पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल परिवार रायपुर मंडल, रेलवे के अन्य अधिकारीगण एवं शुभचिन्तको के द्वारा बधाईया दी है।

## रेलवे प्रशासन ने एक्सप्रेस में जनरल टिकट की सुविधा बहाल की

**रायपुर ।** रेलवे प्रशासन रायपुर से चलने वाली पांच एक्सप्रेस ट्रेन संपर्क क्रांति, सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग जम्मूतवी, साउथ बिहार एक्सप्रेस और दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस में जनरल टिकट की सुविधा बहाल की है। शादी के सीजन में 33 ट्रेनों के रद होने के बाद यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। 26 माह बाद अब यात्री जनरल टिकट लेकर एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर सकते हैं। इन पांचों ट्रेनों में एक-एक जनरल कोच लगाने की व्यवस्था की गई है, जिसमें यात्री जनरल टिकट लेकर यात्रा कर सकेंगे। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार एक जुलाई से सभी ट्रेनों में जनरल टिकट की व्यवस्था शुरू हो जाएगी, वहीं पांच ट्रेनों में अलग-अलग तारीखों में यह सेवाएं शुरू की जाएंगी।

**प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में आई है, तब से कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई**

# क्या छत्तीसगढ़ की जेलों में चल रहा है कांग्रेस सरकार का ढाबा, कूटते हैं नंबरदार, लूटते हैं बाबा : विष्णुदेव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने राज्य की जेलों में बंदियों के उत्पीड़न की खबरों का हवाला देते हुए कहा है कि क्या छत्तीसगढ़ की जेलों में कांग्रेस सरकार का ढाबा चल रहा है ? जेलों में रहने, सोने, खाने के रेट निर्धारित हैं। दाल, रोटी, चावल के साथ ही लजीज खाने का मेन्यू नम्बरदारों के जरिये बंदियों को आमद के साथ ही समझा दिया जाता है। जिन बंदियों के पास यह निर्धारित रेट देने की हैसियत है, वे जेल में आराम से रह सकते हैं। लेकिन जो बंदी रकम नहीं दे सकते, उनके साथ मारपीट की जाती है। रात भर सोने नहीं दिया जाता। बैठकर रात गुजारने के लिए मजबूर किया जाता है। प्रदेश भाजपा अ ध्य क्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जेलों में कांग्रेस की सरकार में जिस तरह ढाबा चलाकर बंदियों को लूटा जा रहा है, वह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। कांग्रेस की सरकार में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है। पूरे प्रदेश में जंगलराज चल रहा है और जेलों में लूटमार हो रही है। कानून का राज न बाहर है और न ही जेल के अंदर है। कांग्रेस सरकार की लुटेरी व्यवस्था हर जगह अराजकता मचाये हुए है। इस सरकार की प्राथमिकता अपराध रोकना नहीं, बल्कि छिटपुट मामलों के आरोपियों से जेलों में भीड़ बढ़ाकर उन्हें लूटना ही इसका मकसद हो गया है। बड़े-बड़े माफिया, अपराधी राजनीतिक संरक्षण पा रहे हैं और छोटे मोटे मामलों में बंदी लोगों का जेल में आर्थिक और शारीरिक शोषण हो रहा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में आई है, तब से कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई है। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। हद तो यह हो गई कि जेल भी लूट खसोट का अड्डा बन गई हैं। सवाल तो यह है कि ऊपर चंदा भेजने के लिए और कितना नीचे गिरेंगे।

## रमन सिंह का कबूलनामा भूपेश बघेल सरकार की लोकप्रियता का प्रमाण : सुशील आनंद



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बयान, छत्तीसगढ़ में भाजपा की हालत ठीक नहीं को भाजपा की हकीकत का कबूलनामा बताया है। यह बयान देकर रमन सिंह ने स्वीकार कर लिया है कि भूपेश बघेल सरकार की नीतियों और लोकहित के कामों से भाजपा अस्तित्व के संकट में घिर गई है। रमन सिंह ने इस सच को भी स्वीकार कर लिया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा तीन बार अपने दम पर नहीं, बल्कि मतों के बंटवारे के कारण बहुत कम अंतर से जीती। लेकिन कांग्रेस ने वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा की बी टीम के मैदान में होने के बावजूद भाजपा का तीन चौथाई बहुमत से सफाया कर दिया और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कामों से साढ़े तीन साल में छत्तीसगढ़ से अन्य दल हाशिये में चले गये। भाजपा की पतली हालत उजागर कर रमन सिंह ने अभी से हार स्वीकार कर ली है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की हालत ठीक नहीं है, यह कहने की बजाय रमन सिंह को यह कहना चाहिए था कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार जनता की उम्मीदों पर सौ फीसदी खरी उतरी है इसलिए अब यहां भाजपा के लिए कोई उम्मीद नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस, भूपेश बघेल सरकार के कार्यों और जनहितकारी नीतियों के कारण बेहद मजबूत है और भविष्य में भी जनता के आर्शिवाद से ऐसे ही मजबूत बनी रहेगी। जब प्रतिद्वंद्वी दल के नेता भूपेश बघेल सरकार की मजबूती के सामने हथियार डाल दें तो यह साफ हो रहा है कि कांग्रेस सरकार के कामों और योजनाओं के सामने विपक्ष बेबश है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा अपने अंतर्विरोध के कारण जर्जर हो गई है।


## इस वर्ष भी केंद्र, राज्य द्वारा मांगे गये उर्वरक की आपूर्ति में कोताही बरत रहा : सुरेंद्र वर्मा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूंजीवादी मोदी सरकार और प्रदेश के भाजपा नेता चाहते ही नहीं है कि छत्तीसगढ़ के किसान भरपूर पैदावार ले, इसीलिए मोदी सरकार के द्वारा लगातार रासायनिक खाद के उत्पादन, सप्लाई और सब्सिडी में कटौती की जा रही है। विगत रबी सीजन में राज्य के द्वारा मांगे गए 7 लाख 50 हजार मीट्रिक टन रासायनिक खाद में केंद्र के द्वारा 45 प्रतिशत कटौती कर दी गई थी और अब आगामी खरीफ सीजन में भी नियमित सप्लाई बाधित की जा रही है। रेलवे का रैक नहीं दिया जा रहा है। विदित हो कि संघीय व्यवस्था के तहत रसायनिक खाद का उत्पादन, वितरण और वितरण केंद्र सरकार का दायित्व है। खरीफ सीजन 2022 के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा किए गए रासायनिक उर्वरक की मांग पर 13.70 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक छत्तीसगढ़ को देने की स्वीकृति दी गई है, परंतु अब तक आपूर्ति 2.5 लाख मीट्रिक से भी कम है। आने वाले 10-15 दिनों में खरीफ की बुवाई और थरहा देने का कार्य आरंभ हो जाएगा। जिसके लिए सभी किसानों को उर्वरक की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही सुदूर वनांचल, नदी नाला प्रभावित क्षेत्रों और पहुंच मार्ग विहीन गांवों के सहकारी समितियों के गोदाम में पूरे खरीफ सीजन के लिए भंडारण मानसून आने से पहले ही करना होगा।

# मुख्यमंत्री ने बच्चों संग लिया गर्मी की छुट्टियों वाली स्कूल लाइफ का आनन्द



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

अबेकस क्लास में चुटकियों में गणित के सवाल हल कर बच्चों ने किया मुख्यमंत्री को चकितस्कूल लाइफ में गर्मी की छुट्टियों का बच्चे साल भर इंतजार करते हैं। और जब इन छुट्टियों की मस्ती में खुद मुख्यमंत्री साथी बन जाएं, तो फिर बात ही क्या है। ऐसा ही हुआ आज कोंडागांव में चल रहे समर कैम्प में, जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बच्चों से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बच्चों संग गर्मी की छुट्टियों वाली स्कूल लाइफ का आनन्द लिया। समर कैम्प में बच्चों द्वारा की जा रही एक्टिविटीज में मुख्यमंत्री खुद शामिल हुए और बच्चों की कला और हुनर को सराहा। बच्चों द्वारा प्रदर्शित आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी को मुख्यमंत्री ने 4 वर्षीय नन्हीं साथी पिहू ठाकुर के साथ देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री बच्चों संग बचपन के रंग में रंगे नजर आये। समर कैम्प में शास्त्रीय नृत्य कत्थक और वेस्टर्न डांस सीख रहे बच्चों की प्रस्तुति देख मुख्यमंत्री मुग्ध हो गए। उन्होंने कहा की मैं पहली बार इतने छोटे बच्चों की शास्त्रीय और वेस्टर्न डांस की दो अलग अलग विधाओं को एक साथ इतने अच्छे से परफॉर्म करते देख रहा हूँ। आप दो अलग अलग डांस की जुगलबंदी कर रहे हैं और आपका बैलेंस भी नहीं बिगड़ रहा, ये कमाल है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा- देखिए, ये है बदलता बस्तर। उन्होंने ने बच्चों संग सेल्फी और फटो क्लिक करवायीं। समर कैम्प में बच्चों ने मुख्यमंत्री को अबेकस क्लास में चंद सेकेंड्स में गणित की गणनाओं को बिना पेन या पेपर के हल कर के चकित कर दिया। मेंटल मैथ्स से मन में ही जोड़,घटाव, गुणा और भाग कर गणित के सवाल सुलझा रहे बच्चों की बच्चों की मुख्यमंत्री ने खूब सराहना की। समर कैम्प की आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी में मुख्यमंत्री ने बच्चों की बनाई मिट्टी की कलाकृतियां, भित्ति चित्र, सिलाई क?ाई, चित्रकला, जूट शिल्प को देखा। इस दौरान 4 वर्षीय बच्ची नन्हीं पीहू ठाकुर को मुख्यमंत्री ने अपने साथ ले लिया। दसवीं कक्षा के छात्र देवदत्त ने मुख्यमंत्री को अपने द्वारा बनाया उनका पोट्रेट भेंट किया। समर कैम्प में अपने बीच मुख्यमंत्री को पाकर बच्चों का उत्साह आसमान छू रहा था। हर बच्चा मुख्यमंत्री के साथ फोटो खिंचाने लालायित था। मुख्यमंत्री ने भी पूरी आत्मीयता के साथ बच्चों संग सेल्फी और टफोटो खिंचवाए। बच्चों ने मुख्यमंत्री को पूरी तरह घेर लिया तो मुख्यमंत्री ने बच्चों के ही अंदाज में उनसे कहा- सब मेरे सामने आ जाओगे तो मैं ही छुप जाऊंगा। मंच पर तबला, गिटार, हारमोनियम, पर हम होंगे कामयाब गीत गाकर प्रस्तुत कर रहे बच्चों के साथ मुख्यमंत्री पूरी तरह रम गए। उन्होंने भी गीत के बोल दोहराए और ताली बजाकर बच्चों की ताल से ताल मिलाई। इस मौके पर उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्य सभा सांसद फूलोदेवी नेताम, बस्तर सांसद दीपक बैज, केशकाल विधायक संतराम नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# स्टापडेम दो साल में ही टूटा: मुख्यमंत्री ने किसान की शिकायत पर जांच करने और नया स्टाप डैम बनाने के दिये निर्देश

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़े डोंगर में ग्रामीणों के साथ की भेंट मुलाकात

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

धान के बदले दूसरी फसल को प्रोत्साहन देने का परिणाम, मक्का का रकबा तेजी से बड़ा किसानो ने मांगी फैक्ट्रीकेशकाल विधानसभा के बड़े डोंगर में आज भेंट-मुलाकात में किसान रतीराम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से स्टापडैम को लेकर शिकायत की। उसने बताया कि उनके गांव जुगानी में सिंचाई के लिए बनाया गया स्टापडैम दो साल में ही टूट गया। इससे 6 सौ किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने नया स्टाप डैम बनवाने की घोषणा के साथ ही भवरदीग नाले पर बने स्टापडैम के टूटने के कारणों की जांच के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। किसानों ने मुख्यमंत्री से मक्का की फैक्ट्री लगाने की माँग भी की। किसानों ने कहा कि दूसरी फसलों को भी प्रोत्साहित करने की शासन की योजना के चलते किसान बड़े पैमाने पर मक्का की फसल लेने लगे हैं। क्षेत्र में मक्के के बड़े रकबे के मुताबिक फैक्ट्री होनी चाहिए। साथ ही किसानों ने सहकारी बैंक की शाखा खोलने की माँग भी की। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की न्याय योजनाओं की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित हो रही है। इसके चलते बैंकिंग सिस्टम की जरूरत ग्रामीण महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बड़े डोंगर में सहकारी बैंक की शाखा आरंभ करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि किसान अपनी फसल का बढ़िया दाम लें, इसकी अधोसंरचना तैयार करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर प्रभारी मंत्री कवासी लखमा, राज्य सभा सांसद फूलोदेवी नेताम, बस्तर सांसद दीपक बैज, केशकाल विधायक संतराम नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बड़ेडोंगर उपतहसील का किया निरीक्षण- मुख्यमंत्री ने पिछले साल 27 जनवरी को बड़ डोंगर में उपतहसील की घोषणा की थी। घोषणा के अगले ही माह से कार्यालय का कार्य आरंभ हो गया था। मुख्यमंत्री ने आज उपतहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली तथा सभी प्रकरणों को तय समयसीमा में हल करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने हाथों से हितग्राहियों को ई-श्रम कार्ड, हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड सौंपा। आमगांव के किसानों ने सिंचाई पंप के लिए माँगी बिजली, मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश- भेंट मुलाकात के दौरान आमगांव के 39 ग्रामीणों ने सिंचाई पंप के लिए बिजली की माँग की। मुख्यमंत्री ने इन्हें बिजली कनेक्शन देने के निर्देश दिये। कोरई ग्राम पंचायत के ओबीसी वर्ग के लोगों ने पट्टा नहीं मिलने की बात कही। मुख्यमंत्री ने नियमानुसार पट्टा दिये जाने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया।



### किसानों ने मांगी फैक्ट्री मुख्यमंत्री ने की कई अहम घोषणाएं

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर बड़े डोंगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य में उन्नयन की घोषणा की। बड़ेडोंगर में सहकारी बैंक की शाखा खोलने के साथ ही फरसगांव के कोनगुड़ में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बड़ेडोंगर में पर्यटन को ब?ावा देने मंगल भवन के निर्माण के साथ ही घोटियामुंडा चांदाबेड़ा मार्ग पर नाले में पुल निर्माण की घोषणा भी की। बड़ेडोंगर के दंतेश्वरी मंदिर में अधूरे कार्य को पूरा करने की घोषणा के साथ ही मंदिर में प्रस्तावित नये कार्यों को स्वीकृति भी दी। शंकरपुर, कुम्हार बड़गांव, पांडेआठगांव, चिंगनार, हिर्री, भंडार सिवनी, मांझीआठगांव में नये स्कूल भवनों की घोषणा भी की। जैतपुरी से गिरोला मार्ग पर पुलिया निर्माण की घोषणा भी उन्होंने की।

### बाजार शुरू होते ही लग जाती है मोबाइल मेडिकल गाड़ी

मुख्यमंत्री ने हाट बाजार में जाने वाले मोबाइल मेडिकल वैन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। बांगोली की आसमती खड़ी हुई और उन्होंने कहा कि हम जब बाजार पहुंचते हैं तो यह गाड़ी खड़ी मिलती है। जैसे ही बाजार शुरू होता है यह गाड़ी लग जाती है। यहां बढ़िया इलाज होता है और दवाई भी मुफ्त मिलती है। उरांदाबेड़ा की गिरिजा बाई ने बताया कि उन्हें मोबाइल वेन से दवा मुफ्त मिल रही है। दवा का और इलाज का कोई खर्चा नहीं लग रहा।

### कर्ज माफी से खुली तरक्की की राह

किसान शंकरलाल शार्दुल ने बताया कि भूपेश सरकार द्वारा कर्जमाफी से उनकी तरक्की की राह खुल गई। कर्ज बढ़ गया था मानसिक रूप से बहुत परेशान थे। मुख्यमंत्री जी, आपकी सरकार आई। पांच लाख रुपए का कर्जा माफ हुआ। उपज का अच्छा रेट मिला तब सोचा कि खेती के लिए अब मेहनत करूंगा। इसके बाद तो महिंद्रा के दो ट्रैक्टर ले चुका हूँ। मेरी खेती शानदार हो रही है।

# प्रशासन ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया

## सड़क साफ कर पुरानी समस्या को भी हल कर दिया

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com



पुराना बाजार चौक के पास चल रही हाडर्वेयर दुकानों द्वारा सड़क किनारे निमार्ण सामाग्री के साथ साथ सरिया सिमेंट सीट बेचे जाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। और सड़क किनारे सरिया और गिटटी लेने या उतारने आने वाली गाडियों के चलते स?क में जाम की स्थिती बनी रहती थी और आए दिन दुघर्टनाएं भी होती थी। नगर पंचायत द्वारा इन दुकानदारों को समान हटाने का नोटिस दिया जाता था पर हर बार राजनीति के चलते वर्षो से इन दुकानों का समान सड़क किनारे से नहीं हट रहा था। पर प्रशासन द्वारा सड़क किनारे किऐ गऐ अतिक्रमण हटा न सिर्फ सड़क साफ करा दी नगर की पुरानी समस्या को भी हल कर दिया।

अब पुराना बाजार में आने जाने के लिए सड़क में पर्याप्त जगह है साथ ही सड़क किनारे से गिटटी व अन्य भवन निर्माण की सामग्री हटाने से दुघर्टनाओं की संभावना खत्म हो गई है। रोजाना स्कूल की छुटटी के दौरान स्कूल से निकलने वाले छात्रों को इससे काफी परेशानी होती थी इस दौरान सड़क में पहले से भीड़ और स्कूली बच्चों की भीड़ से सड़क जाम की स्थिती आ जाती थी। इस समस्या को ले आऐ दिन नगरवासी द्वारा नगर पंचायत से इन समानों को हटाने की मांग की जाती रही है पर हर बार नगर पंचायत महज एसे दुकानदारों को नोटीस जारी कर ही मामला शांत कर देता था। इस समान के सडक किनारे रखने के कारण हमेशा सड़क में या तो समान उतारने या चढ़ाने के लिए कोई न कोई वाहन दुकान के सामने खड़ा ही रहता था जिस कारण सड़क में यातायात प्रभावित होता तो कई वार यह खडे वाहन दुघर्टना का कारण बनते थे। पर अब इस समस्या से लोगों को काफी राहत मिलेगी। प्रशासन ने पुराना बाजार चैक में न सिर्फ सड़क किनारे रखे समानों को हटवा दिया साथ ही सड़क के दोनों ओर नाली के उस पार तक का हर अतिक्रमण को हटा दिया। नाली के उस पार सड़क के किनारे मिटटी डाल उंचा किया गया था जिस कारण सड़क का पानी नाली में नहीं जा पाता था और सड़क ही नाली बन गई थी इस समस्या को भी ठीक करते हुए सड़क के दोनों और सफाई करा दी अब सड़क का पानी आसानी से नाली में जाऐगा जिससे वषा के दौरान वाहनों के आने जाने से लोगों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पखांजूर तहसीलदार ने बताया की प्रशासन का अब पूरा प्रयास रहेगा की इस तरह से कोई अतिक्रमण भविष्य में न हो और कोई नाली के इस पार मिटटी न डाले इसके लिए नगर पंचायत को सड़क किनारे नियमित निगरानी करने और ऐसा करने वालों पर जुमार्ना लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# मुख्यमंत्री ने पूरा किया वादा, तीन दिन के भीतर लोकेश्वरी को मिला 3 लाख रुपए का चेक

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के तहत बस्तर संभाग का दौरा कर रहे है। जहां वे सीधे आम जनता से मुलाकात कर उनकी दिक्क तों का निवारण तुरंत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बस्तर संभाग में शासकीय योजनाओं की मैदानी स्तर तक पहुंच की जांच-परख स्वयं कर रहे हैं। कई जगह मुख्यमंत्री घेल की उदारता और संवेदनशीलता देख प्रशासन के साथ आमजन भी चौकस है। इसी कड़ी में बस्तर विधानसभा के भैंसगांव ग्राम पंचायत में भेंट-मुलाकात के दौरान 26 मई को मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भीड़ में भी रोती हुई बेटी को देख लिया। ग्राम पंचायत कुरूषपाल की रहने वाली इस बेटी लोकेश्वरी को मुख्यमंत्री ने अपने पास बुलाकर उनकी समस्या सुनी। लोकेश्वरी की समस्या पर तत्काल संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा तीन लाख रूपए की सहायता राशि तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बस्तर प्रशासन ने तत्काल अमल करते हुए महज तीन दिन के भीतर कलेक्टर रजत बंसल ने स्वयं लोकेश्वरी के घर जाकर उन्हें 3 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि लोकेश्वरी ने मुख्यमंत्री को बताया था कि उसके पिता की 15 साल पहले मौत हो चुकी है। घर ना होने की वजह से अपनी विधवा मां और भाई के साथ अपने मामा के यहां रहने को मजबूर हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से वो और उसका भाई पढ़ाई भी नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि घरेलू कार्यों में मां की मदद करनी पड़ती है। उनकी समस्या सुन मुख्यमंत्री ने तत्काल सहायता राशि की घोषणा की। इस अवसर पर ज़िला पंचायत सीईओ रोहित व्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी बस्तर ओपी वर्मा उपस्थित थे।

# धनोरा के पूर्ण तहसील बनने से लोगों को मिली राहत, नव निर्मित तहसील कार्यालय का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण




पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के धनोरा को पहले उप तहसील का दर्जा था। क्षेत्रवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 27 जनवरी 2021 को धनोरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। उनकी घोषणा के अनुरूप अब धनोरा पूर्ण तहसील बन चुका है। भेंट-मुलाकात अभियान की कड़ी में मुख्यमंत्री बघेल केशकाल विधानसभा अंतर्गत धनोरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। तहसीलदार न्यायालय के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने नायब तहसीलदार दयाराम साहू से क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों, भुइंया पोर्टल में एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने दर्ज प्रकरणों की जानकारी लेते हुए, समस्त प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दूसरी ओर उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने पर क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री से कहा कि धनोरा पूर्ण तहसील बन जाने से अब राजस्व संबंधी व तहसीलदार कार्यालय से जुड़े अनेक काम के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ता।

# कोटवारों को विधायक नाग ने किया सम्मानित



**अन्तागढ़।** विधायक अनूप नाग ने विगत दिनों अंतागढ़ में तहसील के कोटवारों से भेट की एवं समाज में कम वेतन में भी उनकी अमूल्य सेवा और समर्पण भाव से किये जाने वाले कार्यों के लिए उनका उत्साह बढ़ाया और गमछा पहनाकर सम्मानित भी किया श्री नाग ने कोटवारों को संबोधित करते हुए कहा कि कोटवार समाज के लिए ब्रिटिश काल के पहले से ही महत्वपूर्ण पद और व्यक्ति रहा है जिसका गांव और समाज में महत्वपूर्ण स्थान है चाहे राजस्व हो या पुलिस हो या कोई भी विभाग हो या ग्राम स्तर का कोई भी काम हो चाहे देवी देवताओं का काम हो या अन्य कोई भी काम बिना बिना कोटवारों के सहयोग से कल्पना भी करना बेमानी है मेरे भी शासकीय सेवाकाल के दौरान मुझे कोटवार भाईयो का भरपुर सहयोग मिला, इसलिए मैने स्वयं मेरे विधानसभा क्षेत्र के कोटवारों को बुलाकर मिलने की इच्छा जाहिर कि,जो मेरे प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार कर मेरे से मिलने आये, उपस्थित कोटवारों ने अपनी समस्या विधायक के समक्ष रखा जिसे विधायक स्थानीय स्तर की समस्या पर तुरन्त स्थानीय अधिकारियों से चर्चा कर पुरा करने को कहा वही राज्य स्तर की मांगों पर उचित प्रयास करने का आश्वासन दिया।

### ब्रिटिश काल के पहले से ही रहा है कोटवार समाज का विशेष महत्व

## केशकाल विधानसभा को मिली 146 करोड़ रुपए के विकासकार्यों की सौगात

# धनोरा में जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों से मुखातिब हुए सीएम भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल इन दिनों समूचे 90 विधानसभाओं का दौरा कर स्थानीय लोगों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। इसी क्रम मे शनिवार को सीएम केशकाल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बड़ेडोंगर और धनोरा पहुंचे थे। जहां धनोरा के हेलीपैड में उतरते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों व कांग्रेसी कार्यकताओं ने सीएम का भव्य स्वागत किया। ततपश्चात उन्होंने ग्राम धनोरा के किसान सुरेंद्र मण्डावी के घर मे भोजन भी किया। भोजन करने के बाद सीएम जनचौपाल स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने आम जनता से भेंट मुलाकात की। इस दौरान जनचौपाल में आए जनसैलाब ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याओं और मांगों को रखा। जिसे गम्भीरतापूर्वक लेते हुए सीएम ने तत्काल निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं अंत मे विधानसभा को 146 करोड़ रुपए के विकासकार्यों की सौगात दी है।




### जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बंध में हुई बातचीत

इस दौरान सीएम ने जनता को संबोधित करते हुए उन्हें हाट बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, नरवा गरवा घुरवा बाड़ी योजना, किसानों की ऋण माफी, बिजली बिल हाफ धान के समर्थन मूल्य समेत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बातचीत करते हुए उनसे इन योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन होने के सम्बंध में जानकारी लिया। अधिकांश योजनाओं के सम्बंध में ग्रामीणों की सकारात्मक प्रति या ही मिली। भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार जनहितैषी सरकार है, हमने जितनी योजनाएं बनाई है उन सभी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मैं आप लोगों के बीच आया हूँ। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक संतराम नेताम की मांग को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा को 10 बिस्तर से बढ़ाकर 50 बिस्तर करने, धनोरा में आईटीआई खोलने, धनोरा में नवीन शासकीय महाविद्यालय खोले जाने, धनोरा एवं छोटे राजपुर में किसानों की मांग पर केंद्रीय सहकारी बैंक की शाखा खोलने समेत समूचे विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग गांव की आवश्यकताओं को देखते हुए 146 करोड़ रुपए के विकासकार्यों की सौगात दी है। सीएम की घोषणाओं के दौरान समूचा जनचौपाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, जनता ने इन सौगातों के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एक स्वर में धन्यवाद भी दिया।

### विधायक संतराम ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

संतराम नेताम ने कहा कि केशकाल विधानसभा के लिए बड़े ही हर्ष की बात है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने यहां आकर हमसे मुलाकात किया है। धनोरा के ग्रामवासियों ने मुझसे मांग किया था कि मुख्यमंत्री जी हमारे गांव आएं, फ्लस्वरूप आज सीएम साहब हमसे मिलने के लिए हमारे गांव आए हैं। भूपेश बघेल जी प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जो संवेदनशील गांव में जाकर रात रुक कर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं। उन्होंने केशकाल विधानसभा की विभिन्न मांगों और समस्याओं को देखते हुए अनेक विकासकार्यों की सौगात दी है इसके लिए मैं समूचे विधानसभा क्षेत्रवासियों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ।

# बड़ेडोंगर के नई मंजिल क्लस्टर संगठन को आजीविका गतिविधियों के लिए मिली एक करोड़ 44 लाख की राशि



**केशकाल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा केशकाल के बड़ेडोगर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में आजीविका गतिविधियों के लिए नई मंजिल क्लस्टर संगठन की अध्यक्ष भगतीन पटेल को एक करोड़ 44 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। अध्यक्ष भगतीन पटेल ने बताया कि पूरे क्लस्टर में 484 समूह है जिसमें 5313 सदस्य है। समूहों द्वारा आजीविका से सम्बंधित कार्य मत्स्य पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, साग-सब्जी का उत्पादन कर वि य करते है। समूहों के द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लिया है। भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री बघेल ने समूह के सदस्यों को आजीविका गतिविधि के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के माध्यम से चेक प्रदान कर सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएँ दी।

# लवन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों का हो रहा बेहतर उपचार, चिकित्सक हमेशा उपलब्ध रहने से मरीजों को राहत






पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नगर पंचायत लवन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध होने से मरीज इलाज कराने अन्यत्र नहीं जा रहे हैं इससे मरीजों को अतिरिक्त असुविधा, एवं इलाज में लगने वाली भारी भरकम खर्च से भी राहत भी मिला है।मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाइयां मिलने से मरीजों के परिवार में खुशी की लहर है।बेहतर इलाज की सुविधाएं मुहैया कराने पर अस्पताल में नियुक्त चिकित्सको के प्रति मरीज के परिवार जनों ने धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता जाहिर किये हैं।

गौरतलब हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में नियुक्त चिकित्सक एवं कर्मचारियों द्वारा पूरी ईमानदारी एवं लगनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किये जा रहे हैं।इससे मरीजों का विश्वास चिकित्सको के प्रति दिनों दिन देखनो को मिल रहा है।अस्पताल में चिकित्सको एवं नर्सो के अलावा अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति हमेशा रहता है।शायद यही वजह है कि लवन तहसील अंतर्गत तमाम गॉव के लोगों को स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन आते देखने को मिलता है इसके अलावा लवन तहसील के अलावा अन्य जिला जैसे बिलासपुर जिला के जोन्धरा, भिलौनी,गोपाल पुर सहित अन्य गांव के मरीजों भी इलाज कराकर स्वास्थ्य लाभ लिए गए हैं।लवन अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए कसडोल विधानसभा के वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त अस्पताल पहुंच कर भर्ती मरीजों से रूबरू चर्चा कर वस्तु स्थिति का जमीनी हकीकत जानने की कोशिश किये गए हैं तब मरीजों ने स्वतंत्र मन से मीडिया से बात करते हुए बताया यंहा इलाज बहुत ही अच्छा है ,चिकित्सक हमेशा हालचाल लेने आते हैं साथ ही बेहतर देखरेख कर रहे हैं, किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, चिकित्सक हमेशा उपलब्ध रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य सुविधाओं के चलते हैं जल्दी स्वस्थ होने की बात भी भर्ती मरीजों ने मीडिया से जानकारी साझा किये।ड्यूटी पर उपस्थित मेडिकल ऑफिसर डॉ गुलशन पटेल, महिला चिकित्सक डॉ रुचि कोसरिया, नर्स एवं फार्मासिस्ट जी पी साहू सहित अन्य कर्मचारियों से बात करने पर बताया गया है कि उनका प्रथम कर्तव्य मरीजों की अच्छी देखभाल, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, किसी भी मरीज को कोई परेशानी न हो इस बात को विशेष ध्यान देना है।आगे यह भी कहा कि अस्पताल में नियुक्ति मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाए मुहैय्या करना उनका प्रमुख दायित्व है और उसका पालन सदैव करते रहने की बात कहा।इस बात को भी कहा कि मरीजों का चिकित्सको, नर्सो एवं अस्पताल कर्मचारियों के प्रति जो विश्वास और आस्था रहता है उसे कभी टूटने नहीं देंगे।मरीजों की हर समस्याओं को ध्यान रखना एक चिकित्सक का धर्म है उसे हमेशा निभाएंगे ।शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में मेडिकल ऑफिसर गुलशन कुमार पटेल, महिला चिकित्सक डॉ रुचि कोसरिया,जी पी साहू, मुकेश चौहान, संदीप वर्मा, एम जॉन, उर्वशी साहू, कामिनी साहू, धन सिंग, रामकृष्ण साहू, दिनेश साहू, नीरेंद्र पटेल, होलीराम निराला, गिरजा मनहरे, मुन्ना कैवर्त ,जय किशन डहरिया सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति रहा।

# कांग्रेसजनों ने नेहरु जी की 58वीं पुण्यतिथि मनाई



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की 58 वी पुण्यतिथि बलौदा बाजार के नेहरू चौक स्थित प्रतिमा में माल्यार्पण कर व जिला कांग्रेस कार्यालय में नेहरु जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा जी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरु के देश की आजादी के लिये किये गए आंदोलन व 14 साल तक जेल में बिताए उनके संघर्ष का उल्लेख करते हुए आजादी के बाद प्रधानमंत्री के रुप मे 17 वर्षो तक देश को औद्योगिक ऊँचाई की ओर अग्रसर किया तथा वैज्ञानिक रुप से भारत को समृद्ध किया। देश मे सिंचाई के साधनों के लिए बड़े बड़े बांधों का निर्माण किया।हरित क्रांति से लेकर गुट निरपेक्षता, विश्व बंधुत्व की भावना के साथ देश मे एकता की नींव को मजबूत किया। नेहरु जी बच्चों में काफी लोकप्रिय थे। देश के निर्माण में उनकी भूमिका और योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर प्रभारी महामंत्री गोपी साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी, दिनेश यदु ,जुगल भट्टर , संतोष तिवारी,मनीष चंद्राकर , आर्यन शुक्ला,गंभीर ठाकुर, धीरज बाजपेई, संतोष यादव , अविनाश मिश्रा , सुखदेव साहू छल्ला साहू , संजय सोनी,हेमचंद केसरवानी , तिलक राम कनौजे , दिगंबर साहू , संजय यादव , निलेश बंजारे ,देवेंद्र बंजारे , अर्जुन सेन , शस्वत यादव , अंबु पंजवानी सहित अनेको कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# थाना सुहेला पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान डीजल चोर गिरोह को दबोचा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा चोरी, नकबजनी के अपराधों पर नकेल कसने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरी. पुरूषोत्तम कुर्रे एवं उपनिरी. नरेन्द्र सिंह (प्रशिक्षु थाना प्रभारी) के नेतृत्व में दिनांक 26.05.2022 को रात्री गस्त मे लगे कर्मचारीयो प्रधान आरक्षक सुरेश वर्मा, आरक्षक संतोष साहू, अंजोर माझी द्वारा ग्राम सकरी में रात्रि गस्त के दौरान तीन व्यक्ति यों को डीजल चोरी करते पकड़ा गया। आरोपियों से 35 लीटर का डिब्बा में डीजल भरा एवं 5 लीटर वाला डिब्बा में आधा लीटर डीजल भरा एवं डिजल निकालने का पाईप बरामद किया गया। आरोपीगणों का कृत्य अपराध सदर घटित करने का पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया जो न्यायिक रिमांड में भेजा जाता है।

# सिंघम डिप्टी रेंजर दीपक तिवारी व टीम की बड़ी कार्यवाही

■ अवैध रूप से ईमारती कौहा लकड़ी परिवहन करते पकड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा वन विभाग की बड़ी कार्यवाही वन अमला जो की सर्तरता पूर्वक अवैध रुप से लकड़ी के व्यवसाय करने वाले दलालो पर अपनी पैनी नजर बनाये रखे हुये है। जो की ग्रामीण ऐरीया से छोटे बड़े किसानों से औने पौने दामों मे वृक्षों की खरीदी कर दलालों द्वारा अंचलों व नगर में अपनी पेठ जमा ली है।मोटी रकम के लालच में ईट भठठे के अलावा कई जगहो पर अपना कस्टमर बनाया है।जिसे समय समय पर सम्पर्क करके ईमारती लकड़ियों को बेचा जाता है। लकड़ी दलालों के पसीने छुट गये है वे सोचने में मजबूर हो गया है। की वन विभाग के अधिकारी के नाक के निचे से अपनी मालवाह माजदा, ट्रक गाड़ियों से ईमारती लकड़ियों को बाहर ले जाने में बहुत दिक्कते हो रही है। क्यो की वन विभाग के सिधंम कहे जाने वाले डिप्टी रेंजर दीपक तिवारी की नजरो से एक भी अवैध परिवहन करने वाले गाड़ी एक भी बचकर नही जा सकता है। तिल्दा नेवरा में पदस्त होते ही एक्शन मोड में आते ही अवैध रूप से संचालित आरा मशीन, ईमारती लकडीयो की तस्करी, अवैध कटाई एवंम अवैध रूप से संचालित कोयला भट्ठी को उनके टीम द्वारा छापा मार कार्यवाही शुरु कर सिल भी किया गया है । उसके अलावा अपने टीम के कर्मचरीयों को बहुत ज्यादा ऐक्टीव भी किया है। जिनके कारण उनके कर्मचारीयों कभी भी समय दिन हो या रात अपने साहब के साथ डियुटी पर डटे रहते है।जो की अवैध रूप से लकड़ी तस्करी करने वाले दलालों के पसीने भी छुटने लगे है। उसी तारम्य से फिर से छापामार कार्य वाही शुरू हो गयी है। जो की वन विभाग के टिम को लगातार सफलता मिल रही है। पायनियर प्रतिनिधि द्वारा वन विभाग के डिप्टी रेजरं दीपक तिवारी जी से बात करने पर बताया गया की वन विभाग की सबसे बड़ी कार्यवाही की गई लगभग चार लॉख की ईमारती लकड़ी पकड़े है। उसके एक दिन औसोंदा के कोयला भट्ठी में छापा मार कारवाई कर सिल किया गया था जो कि 27मई को रात्रि में करीब 11 बजे के आसपास दिन शुक्रवार को जे. आर.नायक, रायपुर विश्वेश कुमार व्ही.एन. मुखर्जी एवं एस.एल. बंजारे साहब के निर्देशन में तिल्दा दीपक तिवारी के नेतृत्व में वसीम कासिफ वनरक्षक,रमेश पाल, पुनीत धीवर वनचौकीदार, यशपाल शर्मा, दुष्यंत गिरी गोस्वामी, सनत कुमार, हर्ष भारती, वाहन चालक रामेश्वर साहू एवं वन स्टॉफ तिल्दा के द्वारा हा॥ रायपुर से बिलासपुर मार्ग पर जिओ पेट्रोल पंप के पास एक मेटाडोर क्रमांकसीजी10 -0244 गीला अर्जुन लकड़ी का लट्ठा से भरी हुई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसींवा के पास एक ट्रक क्रमांक सीजी04 - 3285 गीला अर्जुन लकड़ी का लट्ठा से भरी हुई लकड़ी का अवैध रूप परिवहन कर रहे गाड़ियों का मौका से जप्तीनामा बनाकर गाड़ियों को काष्ठागार धरसींवा लाया गया।

# थाना परिसर में लगा निःशुल्क स्वास्थ शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com





फिट टू गवर्नमेंट एम्प्लाई केम्पिंग के तहत आयोजित एन.सी.डी. कार्यक्रम के मार्गदर्शन में एन.पी.सी.डी.सी.एस. कार्यक्रम अंतर्गत 27 से 31 मई सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण कैम्प का आयोजन किया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को स्वास्थ लाभ देना है कार्यालयों में काम की अधिकता की वजह से लोग अपने स्वास्थ का ठीक से ख्याल नहीं रख पाते है जिसके कारण लोगो बीमारी के शिकार हो रहे है फिट टू गवर्नमेंट एम्प्लाई केम्पिंग के तहत तिल्दा नेवरा के शासकीय कार्यालय जनपद -थाना -नगरपालिका -तहसील कार्यालय में शिविर लगाया जा रहा है गैर संचारी रोग जैसे बी.पी., शुगर की जांच तथा कैंसर स्क्रिनिंग ह्रदय रोग -बुजुर्ग देखभाल -परामर्श एवं उपचार किया जा रहा है एवं दवाई भी निःशुल्क वितरण की जा रही है । इसी कड़ी में आज थाना परिशर में निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण कैम्प लगाया गया जिसका लाभ थाना स्टाफ केद्वारा लिया गया परीक्षण कैम्प लगभग 73 लोगों की जांच की जा चुकी है-पुलिस विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों ने इस योजना की सराहना की है और कहा की पुलिस विभाग के लिए वरदान है यह योजना -क्योकि विभाग में काम की व्यस्तता की वजह से पुलिस विभाग के कर्मचारी और अधिकारी अपने स्वास्थ के प्रति ध्यान नहीं दे पाते है इस तरह से शिविर लगाने से सुविधा मिल रही है शिविर में डाक्टर रूही चन्द्राकर- स्टाफ नर्स अविनाश सिंग -काउंसलर अनिल कुमार नेताम -आर एच डब्लू पिंकी धृतलहरे -लैब टेक्नीशियन संगीता वर्मा और सौरभ शर्मा शामिल थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी हुए सम्मलित

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडा बार लंबित अपराध, चालान, मर्ग, शिकायतों, थाने में विभिन्न मामलों में रखे गए जप्ती माल के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर पीड़ित पक्ष को इसका लाभ मिल सके इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों पर विभिन्न धाराओं के तहत कड़ी कार्यवाही करने हेतु कहा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटनाओं में अंकुश नहीं लगा पाने वाले प्रभारियों के ऊपर नाराजगी व्यक्त की गई है। उन्हें क्षेत्र अंतर्गत अपने आसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करते हुए चोर गिरोह की धरपकड़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपने पर्यवेक्षण मे आने वाले सभी थाना एवं चौकियों का सतत् मानिटरिंग कर पुलिसिंग में और अधिक जोर देने हेतु विशेष रूप से हिदायत दिया गया है। इस दौरान बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों की धरपकड़ एवं गंभीर मामलों में उत्कृष्ट विवेचना पश्चात आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुये काप ऑफ द मंथ के रूप में चुना गया है जिसमे क्षेत्र अंतर्गत लूटपाट एवं चिटफंड मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की कार्यवाही के लिए उपनिरीक्षक रोशन सिंह राजपूत थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पीताम्बर पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थ बघेल एसडीओपी भाटापारा के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला स्व सहायता समूहों के गतिविधियों का लिया जायजा

# कलेक्टर ने किया गौठान सहित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डोमन सिंह ने बलौदाबाजार विकासखंड के विभिन्न गौठानों का निरीक्षण कर संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान बलौदाबाजार के ग्राम संकरी एवं अर्जुनी के गौठान में पहुँचकर महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किए जा रहे आजीविका कार्यो का विस्तृत जायजा लिया। साथ ही उन्होंने गौठान में ही स्व सहायता समूह की महिलाओं से रूबरू होकर उनको होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी हासिल किया। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आप सभी की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। आप सभी मिलकर और क्या अच्छा काम हो सकता इस बारे में भी सोचकर हमे अवगत कराएं। मुख्यमंत्री के सपनों के अनरूप हम सभी गौठानो को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित करने चाह है। हम सभी चयनित गौठानो में कही सिलाई मशीन,मिनी राइस मिल एवं दाल मिल,मसाला मिल शीघ्र ही लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त हम जल्द गौठानो में पौनी पसारी योजना के तहत मोची,बढई एवं कुम्हारों के लिए भी नवीन कार्य योजना बनाएं जा रहे है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने संबधित अधिकारियों को गौठानो में आजीविका गतिविधियों को अधिक बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। गोधन न्याय योजना के बारे में पूछा कि सतत रूप गोबर खरीदी हो रही है कि नही जिस पर सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति दिन नियमित रूपसे गोबर की खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम सकरी में पंचायत भवन,पॉलिटेक्निक कॉलेज, लाईवलीहुड कॉलेज ग्राम अर्जुनी में सोसायटी,आंगनबाड़ी केन्द्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,कृषि विभाग का फॉर्म हाउस एवं भाटापारा तहसील एवं एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

टीकाकरण का लिया जायजा, स्वास्थ्य विभाग की टीम का किया उत्साहवर्धन कलेक्टर डोमन सिंह ने ग्राम अर्जुनी के काली मंदिर नजदीक कोविड टीकाकरण में शामिल होते हुए कोविड टीका लगाने वाले हितग्राहियों सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम का उत्साहवर्धन किया। कोविड टीका लगाने आये रामकृष्ण ध्रुव से बातचीत कर टीकाकरण संबंधित होने वाले परेशानियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर डोमन सिंह ने रामकृष्ण ध्रुव से पूछा आपके घर मे सब लोगों का टीका लग गया है। तो उन्होंने बताया की सभी ने लगा लिया है। मेरा बस बचा था आज मैं अपना दूसरा डोज लगवा रहा हूं। कलेक्टर ने आसपास उपस्थित ग्रामीणों से भी टीका लगाने की अपील की।

**एसडीएम-तहसील कार्यालय में जल्द ही बाउंड्रीवाल सहित गार्डन का होगा निर्माण :** कलेक्टर डोमन सिंह ने भाटापारा के एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाउंड्रीवाल एवं गार्डन बनाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ करनें के निर्देश कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि मैं भाटापारा में एसडीएम रहा हूं यहां का कार्यालय सबसे अच्छा हो यह मेरी दिली ख्वाहिश है। कार्यालयीन कर्मचारियों के अनुरोध पर उन्होंने जीएडी कालोनी का भी जायजा लिया। इस दौरान सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बाउंड्रीवाल नही होने से होने वाले समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने नगरीय निकाय अधिकारियों को बरसात के पूर्व ब्लॉक प्लांटेशन कराने के निर्देश दिए है। साथ ही नगर में स्थित अवरेठी तालाब के गहरीकरण करनें के भी निर्देश दिए गए है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

### // जोनल निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/ /NIT-06/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2022-23 सुकमा, दिनांक-19/05/2022

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत सिविल एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य कराये जाने हेतु जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
| --- | --- |
| 1. जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत रू. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन/मंच/पुलिया/ बाउंड्रीवाल/नाली/सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य हेतु (वि.ख.सुकमा हेतु 3 जोन, छिन्दगढ़-4 जोन एवं वि.ख.-कोन्टा-3) | प्रत्येक जोन हेतु 40.00 लाख |
| 2. जोनल निविदा विकासखण्ड सुकमा, छिन्दगढ़ एवं कोन्टा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य जिसमें रू. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु | प्रत्येक वि.खण्ड हेतु 10.00 लाख |

**निविदा डाऊनलोड एवं डी.डी. बनाने की अंतिम तिथि 04.06.2022**

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://cg.nic.in/resworks से डाऊनलोड की जा सकती है।

(ए. डी. कुरैशी)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला-सुकमा (छ.ग.)

G- 91594/4

# 27 किलोमीटर फैले गजरा नाले के स्ट्रक्चर की हो रही मरम्मत, खेती में नई जान फूकेंगा गजरा नाला

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बारिश शुरू होने से पहले कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे पाटन विकासखंड में चल रहे नरवा कार्य का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। क्षेत्र में जल संधारण के स्तर को बढ़ाने के लिए लगातार नालों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में 27 किलोमीटर में फैले गजरा नाला के स्ट्रक्चर की मरम्मत भी की जा रही है। कलेक्टर ने रवेली से नाले के कार्य को देखना प्रारंभ किया और जामगॉव (एम), अमेरी, बटंग, खम्हरिया से होते हुए कुरूदडीह तक पूर्ण व प्रगतिरत कार्य का परीक्षण किया।

नाले के जीर्णोद्धार के लिए डीएमएफ व मनरेगा के समन्वय से लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसमें नए 14 स्ट्रक्चरों में कार्य पूर्ण हो चुका है और बाकी प्रगतिरत हैं। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से समयसीमा पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया ताकि बरसात के जल का ज्यादा से ज्यादा संग्रहण किया जा सके। कलेक्टर ने नरवा योजना पर बल देते हुए कहा कि शासन की इस योजना से निः संदेह भू-जल स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। निकट भविष्य में इससे आस-पास के क्षेत्र के किसानों को सिंचाई व फसल लेने में आसानी होगी और किसान दो फसल भी आसानी से ले सकेंगे। इसके पश्चात कलेक्टर ग्रामीण औद्योगिक पार्क सांकरा भी पहुंचें। जहां उन्होंने अष्टगंध बनाने के लिए उपयोग में आने वाली मशीनों का निरीक्षण किया । उन्होंने स्व सहायता समूह की दीदियों से नवीन नवाचारों के लिए चर्चा भी की। वहां उपस्थित जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन ने बताया कि स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा सांकरा में अष्टगंध, फूलों द्वारा निर्मित गुलाल, बाती, धूप अगरबत्ती और गोबर के कंडे निर्मित किये जाते है। यहां वर्तमान में 60 लोगों को रोजगार दिया गया है जिसे भविष्य में बढ़ाकर लगभग 250 करने की योजना है। कलेक्टर ने बिल्डिंग के बाहर बने स्ट्रक्चर का भी निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने बाहर बने 4 बड़े शेडों को शीघ्र नवीन आजीविका मूलक उद्यम के लिए शुरू करने के लिए कहा। इस अवसर पर एसडीएम पाटन विपुल गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



# बिजली आपूर्ति बाधित करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ की गई थाने में शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

दिनांक 25 मई 2022 को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चरोदा के विभिन्न क्षेत्रों के चार ट्रांसफार्मरों यथा जीई रोड एसबीआई चरोदा, आदर्श नगर, बोस ट्रांसफार्मर, पुराना आईटीआई को बिना किसी सूचना के अनाधिकारिक रुप से बंद कर दिया गया था। एसबीआई चरोदा के सीसीटीवी कैमरे के फूटेज से उस व्यक्ति की षिनाख्त आस-पास के व्यक्तियों के द्वारा की गई है। सीएसपीडीसीएल भिलाई-चरोदा जोन के सहायक यंत्री ने अपने उच्च अधिकारियों को सूचित कर पुलिस में षिकायत दर्ज करवाई है।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. चरोदा उपकेंद्र से निकलने वाली 11000 वोल्ट के फीडरों के द्वारा चरोदा जीई रोड, पंचषील नगर, आदर्ष नगर, नवीन नगर, षिक्षित नगर, इंदिरा नगर, समता कॉलोनी, दादर, पथर्रा एवं जंजगिरी में विद्युत आपूर्ति की जाती है। विगत दो-तीन दिनों से अज्ञात व्यक्ति द्वारा अनाधिकारिक रुप से चालू लाईन को बंद कर दिया जा रहा है, जिनके कारण विद्युत अवरोध की षिकायत में बढ़ोतरी हो रही है एवं विद्युत दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। जनता के आक्रोष का भी प्रतिदिन सामना करना पड़ रहा है।

भिलाई-चरोदा जोन के सहायक यंत्री ने बताया कि अवैध रुप से कटआउट निकालकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बिजली बंद किये जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्ति द्वारा आर एम यू का ढककन खोल दिया जाता है जिससे 11 के.व्ही. लाइन बंद हो जाती है। 11 के.व्ही लाइन में लगे एबी स्विच को भी काट दिया जाता है।

इसका पता लगते ही विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही की और पुलिस में षिकायत दर्ज की। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग ने बताये गये ट्रांसफार्मरों के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं, जिसमें अवैध व्यक्तियों द्वारा ट्रांसफार्मर के नीचे लगे बॉक्स का कटआउट निकालते हुए दिखाई पड़ा है। पुलिस विभाग उन्हें जल्द ही गिरफतार कर कार्यवाही करेगा। आसपास के लोगों ने बताया कि उन्होंने जब बिजली बंद की षिकायत की तो विभाग की पड़ताल से पता चला कि वो विद्युत विभाग के कर्मचारी है ही नहीं।

# देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार केबिनेट मंत्री अनिता भेंडिया के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के द्वारा 27 मई को कांग्रेस कार्यालय में , आधुनिक भारत के जनक देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारतरत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 58 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम स्व.नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण, तिलक व पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई और उनके द्वारा किये गए कार्यों को स्मरण किया गया।



इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, दक्षिण मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, जिला सचिव युवराज साहू, एल्डरमेन प्रमोद तिवारी ने नेहरू की जीवनी पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन विवेक मसीह अध्यक्ष मंडल कांग्रेस कमेटी उत्तर क्षेत्र ने किया व आभार प्रदर्शन महामंत्री सुरेश ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक महामंत्री रूबी एंथोनी, कोषाध्यक्ष नवीन कथूरिया, महामंत्री श्रीनिवास राव, प्रवीण शर्मा, प्रदीप बाघ, जितेन्द्र मेश्राम, डोमेन्द्र सावलकर, रामू शर्मा, पप्पू पंजवानी, प्रदीप बबलू, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# छत से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com

छत में मोबाइल रखकर सोए व्यक्ति का मोबाइल पार, पुलिस ने सीसीटीवी खंगाल कर आरोपी को धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि नंदू महंती के घर मे किराये में रह रहे रमाकांत पांडव अपने साथी कमलेश पांडे व उमेश सिदार के साथ छत में मोबाइल रख कर सो रहे थे, उस दौरान अज्ञात व्यक्ति में छत में रखे रेडमी का मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी ने जिसकी सूचना पिथौरा आरक्षी केंद में दी, पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457-380 कायम कर ममला विवेचना में लिया थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे के मार्गदर्शन पर मोबाइल के आरोपी की पतासाजी की गई इस दौरान पिथौरा पुलिस ने पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी रामसागर पारा पिथौरा के रूप में पहचान हुई संदेही को पकड़कर पूछताछ हेतु थाना लाया गया जिसने अपना नाम सुमित सागर पिता विजय सागर उम्र 34 वर्ष पिथौरा का होना बताया घटना के बारे में बारीकी से पूछताछ करने पर मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से एक ना रेडमी का मोबाइल जप्त किया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक मुकेश साहू शैलेश ठाकुर उमेश साहू मेहर बीसी महेंद्र समेत थाना स्टाफ का योगदान रहा।



# ग्राम महमरा में समर कैम्प का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले के प्राथमिक शालाओं में समर कैंप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ग्राम महमरा में समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चे, पालक एवं समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य खेल-खेल में सीखना, मजेदारी और स्कूल में सीखे ज्ञान की पुनरावृत्ति कराते हुए बच्चों के विकास स्तर को बढ़ाना है। इस दौरान बच्चों के साथ कविता, कहानी सुनाना, कहानी वाचन, पेंटिंग एवं स्कुल में सीखे कार्यो की पुनरावृत्ति कराई गई।



समर मेला के दौरान ग्राम महमरा के सरपंच शिव निषाद और झुमुक द्वारा बच्चों को कहानी सुनाई गई। इस अवसर पर नींव कार्यक्रम के जिला समन्वयक हेमंत साहू, ब्लॉक समन्वयक प्रदीप शर्मा, विजय आदित्य, एवं शिक्षा सारथी झुमुक उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क टी.एल.एम. किट का किया वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में एडीप योजना के अंतर्गत आज विशेष आवश्यकता वर्ग वाले बच्चों को दिव्यांगजन कौशल विकास पुर्नवास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव द्वारा निःशुल्क टी.एल.एम. किट, श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग के सभागार में किया गया। जिसमें 16 मानसिक विमंदता एवं 02 श्रवण बाधित बच्चे अपने पालक/अभिभावक के साथ उपस्थित हुए। टी. एल. एम. किट एवं श्रवण यंत्र प्राप्त करते हुए, बच्चों तथा उनके पालकों में हर्ष व्याप्त है। पालकों/अभिभावकों द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए यह कहा गया कि हम अपने बच्चों के शिक्षण में प्राप्त किट का विधिवत उपयोग करेंगे ताकि उनके जीवन कौशल को उपयोगी बना सके। कार्यक्रम में श्री सुरेन्द्र पाण्डेय जिला मिशन समन्वयक, इन्द्र कुमार रामटेके, सहायक कार्यक्रम समन्वयक गजेन्द्र कुमार साहू क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव, कु. प्रियंका सिंगरोल, उत्तम चंद्रवंशी थैरेपिस्ट अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# भिलाई निगम क्षेत्र में जारी विकास कार्यों की अपर आयुक्त ने की समीक्षा



■ **बैठक में प्रगतिरत कार्य को गुणवत्तापूर्वक व शीघ्र करने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने भिलाई निगम क्षेत्र में जारी विकास कार्यो को लेकर बैठक आयोजित की। निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ीयों में पेयजल आपूर्ति एवं शिविर में प्राप्त राशनकार्ड से संबंधित आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने कहा। मुख्यमंत्री मितान योजना, अवैध प्लाटिंग, प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, धन्वंतरी योजना, गोठान और आजीविका गतिविधियों को गंभीरता से लेकर कार्य करने के निर्देश दिए।

निगम के सभागार में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने भिलाई निगम क्षेत्र में विकास कार्यो एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी जोन आयुक्तों व योजना से संबंधित अधिकारी कर्मचारियों से कार्यों की जानकारी लेते हुए शासन की योजनाओं को हर व्यक्ति को लाभान्वित कराने के उददेश्य लेकर कार्य करने कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास के निर्माणाधीन आवास और हितग्राहियों को मिलने वाली किश्त की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए प्रक्रिया को जल्द पूरा करने कहा गया।

भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों को भिलाई निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण, अवैध कॉलोनी की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर ऐसे अनैतिक कार्य करने वालों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए। राजीव गांधी आश्रय योजना के पट्टा वितरण, लीज एवं फ्री होल्ड, स्लम पट्टा धारक को भू स्वामी अधिकार देने के कार्यो की जानकारी लेते हुए कार्य में आ रही समस्या का निराकरण करते हुए कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साफ सफाई, ऑनलाईन भवन अनुज्ञा, पेंशन प्रकरण सहित शिविर में प्राप्त होने वाले समस्याओं के आवेदनों को बिना लेटलतिफी के निराकरण करे ताकि कोई भी आवेदन पेंडिंग न हो।

# आम आदमी पार्टी ने का गीता भवन एवं बड़े साजापाली में, केन्द्रीय पर्यवेक्षक ने दिया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा केजरीवाल के दिशानिर्देशानुसार 22 मई को 90 विधानसभा के 90 ऑब्जर्वर सहित विधानसभा प्रभारी , विधानसभा अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के उद्देश्य से गांव गांव तक संगठन बनाने रायपुर में प्रशिक्षण रखा गया था। इसका संचालन प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने किया । इसी तारतम्य में दिल्ली के आब्जर्वर राम सिंह द्वारा 26 मई को सरायपाली विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षों की मीटिंग सरायपाली प्रभारी मिश्रा के उपस्थिति में आम आदमी पार्टी सरायपाली दो अलग अलग जगहों सरायपाली में गीता भवन एवं बड़े साजापाली के सामुदायिक भवन में बैठक ली । जहां पर विधानसभा में संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने के लिए कहा गया,इस अवसर पर सरायपाली विधानसभा संगठन मंत्री मुरारी प्रधान ने बताया विधानसभा में 104 कार्यकर्ताओं कि टीम बनाई गयी है।



अब ये सभी 104 कार्यकर्त्ता 25 मई से 25 जून तक हर ग्राम मोहल्ला में जन संवाद करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग के पश्चात् गांव-गांव और मोहल्ला-मोहल्ला में हर कार्यकर्त्ता को 10 गावों की जिम्मेदारी दी गयी है जो दो चरणों में पूर्ण होगी। प्रथम चरण में गावों का सर्वे और दूसरे चरण में गावों के लोगों से संवाद कर उनकी और छत्तीसगढ़ की हर समस्या पर चर्चा करेंगें तथा जनता को दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा किए कार्यों की जानकारी देंगे।इस तरह से सिर्फ सरायपाली विधानसभा ही नही पूरे छत्तीसगढ़ में आने वाले कुछ महीनों में आम आदमी पार्टी का एक विशाल संगठन बनने जा रहा है।यह संगठन अगले साल के विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण रोल में रहते हुए जीत में मजबूत कड़ी साबित होगा।

# नगर पंचायत बनने के बाद अब तेजी से विकास के राह में बढ़ेगा अमलेश्वर

■ **व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों बढ़ाने के लिए अमलेश्वर में बनेगा इंनफ्रास्ट्रक्चर**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे नए अस्तित्व में आए दुर्ग जिले के नगर पंचायत अमलेश्वर के दौरे पर थे। जहां उन्होंने अमलेश्वर, मगरकट्टा, भोथली और अलमोड़ा के पंच, सरपंच व सचिवों के साथ नए नगर पंचायत अमलेश्वर के गठन को लेकर चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ विकास के बारे में चर्चा और नगर पंचायत के बनने पर उन्हें नगर विकास के संबंध में अपने सुझाव से अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित पंच, संरपंच, सचिव व अन्य जनप्रतिनिधियों को बताया कि नगर पंचायत बनने के बाद अब अमलेश्वर नगर पालिका के अंतर्गत आ गया है इसलिए शहरी स्तर पर होने वाले बुनियादी कार्य यहां भी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगरीय और शिक्षा सुविधा के साथ-साथ यहां व्यवसायिक व औद्योगिक गतिविधियां भी शुरू होगीं जिससे यहां के क्षेत्र का बड़े स्तर पर विकास होगा और उन्हें रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर उन्होंने सरपंचों को पंचायत निधि पर भी चर्चा की जिसका उपयोग उन्होंने सरपंचों को सुव्यवस्थित कार्य योजना बनाकर करने के लिए कहा। शासकीय संपत्तियों का किया जाए चिन्हांकन - इस अवसर पर कलेक्टर ने वहां उपस्थित राजस्व के संबंधित अधिकारियों को शासकीय जमीनों के चिन्हांकन के लिए निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र सूची उपलब्ध कराने को कहा। ताकि भविष्य में रोड, नाली स्कूल और अन्य बुनियादी अधोसंरचनाओं के लिए शीघ्र जमीन उपलब्ध कराई जा सके।

## कलेक्टर ने अपात्र हितग्राहियों का पुनरीक्षण करने का दिया निर्देश

**दुर्ग.**कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा नगर पालिका कुम्हारी का दौरा किया गया। यहां उनके द्वारा पूर्व में किए गए पट्टे के सर्वे कार्य का निरीक्षण किया गया। जिसमें पात्र और अपात्र हितग्राहियों का पुनरीक्षण करने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। नगर पालिका कुम्हारी में प्रथम चरण में राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत 1091 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 471 पात्र एवं 620 अपात्र पाये गये। द्वितीय चरण में 620 में 86 हितग्राहियों को पात्र कर पट्टा वितरित किया गया।

नगर पालिका कुम्हारी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में पट्टे से संबंधित कुल 154 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनका त्वरित निराकरण करने का निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिया।

# घर पहुंच सेवा देने वाले मितानों को दक्षता बढ़ाने मिला प्रशिक्षण

**दस्तावेजों का परीक्षण व ऑनलाइन प्रक्रिया को शीघ्रता से निपटाने दिए गए टिप्स**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा देने शुरू की गई मितान योजना को और बेहतर बनाने उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। घर पहुंचकर विभिन्न तरीके के प्रमाण बनाने की सुविधा प्रदान करने वाले मितान की दक्षता को बढ़ाने दस्तावेजो का परीक्षण एवं ऑनलाइन प्रक्रिया को शीघ्रता से निपटाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा टिप्स दिए गए। हितग्राहियों के घर पर दस्तावेज परीक्षण, जन्म, मृत्यु एवं विवाह सहित किसी भी प्रमाण पत्र के लिए कौन कौन से आवश्यक दस्तावेज होते है इसकी विस्तृत जानकारी तहसीलदार एवं सक्षम अधिकारियों ने बताया।



भिलाई निगम के सभागार में भिलाई, दुर्ग, चरोदा एवं रिसाली निगम के अंतर्गत कार्य करने वाले मितानों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित भिलाई की, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, तहसीलदार क्षमा यदु ने मितान योजना के तहत अब तक आए हुए आनलाइन आवेदनों की जानकारी लेते हुए शीघ्रता से प्रमाण पत्र को बनाकर हितग्राही तक पहुंचाने कहा गया। प्रशिक्षण में भिलाई के अलावा अन्य निकायों से आए हुए मितान को हितग्राही के घर से दस्तावेज ऑनलाइन सबमिट के लिए फोटो लेने के तरीके, कितने एमबी पर अपलोड करने के फार्मेट की विस्तृत जानकारी दिए जिससे विभागीय अधिकारियों को दस्तावेज परीक्षण में समस्या न हो और शीघ्रता से कार्य को संपादित किया जा सके। तहसीलदार क्षमा यदु ने मितानों को मितान योजना के तहत जितने भी प्रमाणपत्र बनाए जाने है उनके लिए हितग्राही से लिए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजो की जानकारी दिए ताकि प्रमाणपत्र नियमों के तहत बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने बताया कि हितग्राही से लिए आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करते समय दस्तावेजों में अंकित नाम और भरे जाने वाले नामों को ध्यानपूर्वक मिलान के पश्चात ही आवेदन सबमिट करे। गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने प्रदेश के सभी 14 निगमों में मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की है। जिसमें कुल 13 प्रकार के प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में घर बैठे प्राप्त किये जा सकेगे। इच्छुक जनो को टोल फ्री नंबर 14545 नम्बर पर केवल एक बार कॉल करना है। शिविर में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, डाटा सेंटर प्रभारी तपन अग्रवाल, प्रोग्रामर अशोक, रतन पात्रो, लोक सेवा केन्द्र से जैजल एवं स्टाफ उपस्थित थे।

## संपादकीय

# बंदूक की संस्कृति बच्चों की हत्या

**रॉब** प्राथमिक स्कूल में नरसंहार ने एक बार फिर अमेरिकी नौजवानों में बंदूक की संस्कृति पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका की अपने बारे में धारणायें उलट रही हैं। 'दुनिया के पुलिसमैन' या 9-11 के बाद 'दुनिया के सैनिक' जैसी कहावतें अब उलट गई हैं। हालीवुड में अमेरिकन मैरीन की प्रभावशाली छवि तथा नशे जैसी आदत डालने वाले वीडियो गेमों ने खूनी रूप धारण कर लिए हैं। अमेरिका के 'स्पेशल आपरेटर' को आमतौर से 'अमेरिकन जीवनशैली' का अंग माना जाता है, अब नवीनतम फ्रैंकस्टीन जैसा दानव सिद्ध हो रहा है। यह हत्याकांड टैक्सास में हुआ है जिसे स्वघोषित 'फ्रंटियरमैन' या 'बकेनर्स' की भूमि माना जाता है जो अब भी पुराने चरवाहों या काऊब्वाय जैसी हैट व बूट पहनते हैं, घोड़ों पर सवारी करते हैं तथा उनकी बंदूकें, राइफलें व रिपीटर्स उनकी मर्दवादी छवि मजबूत करते हैं। टेक्सास के उवाल्डे में मंगलवार को घटी नरसंहार की नवीनतम घटना ने अमेरिकनों को एक बार फिर झकझोर दिया है, जिस पर लंबे समय से ध्यान देने की जरूरत है। पहले नरसंहार करने वालों को इस्लामी जिहादी, श्वेत नस्लवादी या दक्षिणपंथी स्थानीय आतंकी बता दिया जाता था। लेकिन आज के अमेरिकन हत्यारे इस किस्म के नहीं हैं। ये अधिकांश पुरुष तथा सामान्य नागरिक हैं, सामान्य पड़ोसी की तरह रहते हैं तथा गरीबी या सामाजिक अलगाव की भावना छिपाते हैं। आमतौर से इनका जीवन बरबाद हो चुका होता है अथवा वे दयनीय रूप से मानसिक विकृति का शिकार होते हैं। इन स्थितियों से परेशान हत्यारे अपनी समझ से न्याय पाने का सर्वोत्तम तरीका बंदूक उठाना समझते हैं। लेकिन पहले ऐसे व्यक्ति को इस भूमिका में आने के लिए टीवी पर्दे की छवि, चीविंग गम रैपर, पहलवान बनाने वाले व्हे टिन तथा एक फिल्म चुननी होती है। वास्तव में हर अमेरिकी विज्ञापन में बंदूक लहराते, मर्दवादी व स्वघोषित चौकीदार दिखते हैं। इसी प्रकार हत्यारा टैक्टिकल बैटल यूनीफार्म, हैट, वेस्ट, ग्लव्स व कार्गो ट्राउजर्स की व्यवस्था करता है क्योंकि सबसे मजबूत अमेरिकी यही 'वेशभूषा' पसंद करते हैं।

'स्पेशल आपरेटर' ने हथियार के बारे में काफी सोचा होगा। उसने डीडीएम4 राइफल चुनी जो सेना की एम4 कार्बाइन का सिविल रूप है। सौभाग्य से सिविल रूप पूरी तरह स्वचालित नहीं होता है नहीं तो और ज्यादा लोग मारे जाते। एआर-15 राइफल तथा 375 गोलियों पर उसे 400 से 2000 डालर तक खर्च करने पड़े होंगे तथा होलोग्राफिक साइट के 700 डालर और लगे होंगे। इस प्रकार हत्यारा ओलिव-ग्रीन कपड़े पहने अमेरिकन सैनिक सुपरमैन के रूप में आ गया होगा। दुनिया को ऐसी विभीषिकाओं का अनुमान काफी पहले डोनाल्ड ट्रंप के युग में हो गया था जब बिना किसी उद्देश्य के बंदूके लहराते स्पेशल आपरेशन फोर्सेज़-एसओएफ जैसे लोग पूरे देश में अपनी पिकअप पर घूमते देखे जा सकते थे। उरका उद्देश्य केवल हत्यारा दक्षिपंथी दृष्टिकोण प्रदर्शित करना होता था। दुनिया को उन दंगाइयों की याद है जिन्होंने ट्रंप के आह्वान पर जनवरी में अमेरिकी कैपिटाल पर धावा बोला था। वे कैवलार व धातु के हेल्मेट पहने तथा शानदार हथियार लिए थे। ऐसे 'एक्टिविस्टों' ने कोविड मास्क आदेश का विरोध करते हुए हवा में गोलियां चलाईं। वे बंदूक चला कर यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका को प्यार करते हैं। अब अमेरिका में बंदूक की संस्कृति हाशिए से निकल कर मुख्यधारा संस्कृति बन गई है। उत्तेजना फैलाने वाले ऐसे सशस्त्र लोग स्वयं को दक्षिणपंथी 'नायकत्व' के प्रतीक की तरह पेश करते हैं तथा गोलियों से कर्ज का भुगतान करते हैं। रिपब्लिकन जहां बंदूक की संस्कृति को गरिमापूर्ण मानते हैं, वहीं डेमोक्रेट उसे प्रतिबंधित करने के आधे-अधूरे प्रयास करते हैं। अमेरिका को इसका रोज नुकसान उठाना पड़ता है। अमेरिकन सोच फौरन बदलने की जरूरत है। इसका अर्थ केवल बंदूकों की सीमा तय करने के साथ ही मर्दवादी छवि बदलना भी है जिसके कारण परेशान लोग बंदूक उठा लेते हैं। यह आम लोकतांत्रिक समझ के विपरीत है कि बंदूक पर स्वामित्व उदारवादी है।

# दुनियाभर में महंगाई की मार

## महंगाई पर नियंत्रण के लिए सभी केन्द्रीय बैंकों को फौरन समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसे तत्काल सक्रिय किया जाए।



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं)



**ऐसा** लगता है कि सारी दुनिया में उच्च मुद्रास्फीति या महंगाई अब सामान्य बात होती जा रही है और कम से कम निकट भविष्य में यही स्थिति बनी रहेगी। अप्रैल, 2022 में आईएमएफ के वर्ड इकोनोमिक आउटलुक ने अनुमान लगाया था कि 2022 के दौरान विकसित देशों में मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत, उभरते बाजारों में 8.7 प्रतिशत तथा विकासशील देशों में पहले जनवरी में लगाए अनुमानों की तुलना में क्रमशः 1.8 से 2.8 प्रतिशत अधिक रहेगी। रूस-यूक्रेन युद्ध अब चौथे महीने में प्रवेश कर रहा है जिसके कारण सप्लाई में अभूतपूर्व बाधायें आई हैं। इसके कारण काफी समय से विभिन्न चीजों के दाम बढ़ रहे हैं और धीरे-धीरे स्थिति और खराब होने की आशंका है। खराब होता सप्लाई-मांग संतुलन तथा वस्तुओं के मूल्य में और वृद्धि से कम से कम मध्यकालीन रूप से मुद्रास्फीति लगातार ऊंची बनी रहेगी। इसके कारण ब्याज दरें बढ़ेंगी, अधिक वेतनों की मांग होगी तथा इसके परिणामस्वरूप कंपनियों का मुनाफा घटेगा।

इसके कारण मजबूरी में उनको उत्पादन घटाना पड़ेगा जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ेगी तथा वास्तविक वेतन में और कमी आएगी। वैश्विक महामारी के बाद दुनिया वैसे भी आर्थिक बहाली के लिए संघर्ष कर रही है तथा पहले की तुलना में उच्च कर्ज स्तर से निपटने के प्रयास कर रही है। इसका कारण वैश्विक महामारी से राजकोषीय नीतियों का विस्तार भी है। अब उच्च मुद्रास्फीति का प्रभाव खासकर उभरते बाजारों व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है जिससे कर्ज का संकट गंभीर हो गया है।

बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण युद्ध, प्रतिबंध, चीन में कोविड उभार के कारण लाकडाउन तथा इन सबके कारण सप्लाई श्रृंखला में पैदा भारी बाधायें हैं। ये सभी केन्द्रीय बैंकों के नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए केवल मौद्रिक नीतियां मुद्रास्फीति रोकने के लिए काफी नहीं हैं, हालांकि विभिन्न देशों ने अनेक नीतियां बनाई हैं जो उनकी परिस्थितियों तथा अन्य चीजों पर आधारित हैं। सरकारों को राजकोषीय नीतियों के विस्तार के प्रति भी सावधानी बरतनी चाहिए जिससे कुछ लोगों को कठिनाई हो सकती है जो महामारी के सालों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में विकास पूरी दुनिया में फिलहाल पिछली सीट पर चला गया है। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति का मापन सीपीआई द्वारा होता है जो अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जबकि यह मार्च में 7 प्रतिशत थी। यह पिछले आठ साल में सर्वाधिक है। शहरी मुद्रास्फीति 7.1 प्रतिशत तथा ग्रामीण मुद्रास्फीति 8.4 प्रतिशत थी। सीपीआई में भोजन व पेयपदार्थों को 45.9 प्रतिशत तथा ईंधन को 6.8 प्रतिशत स्थान मिला है। यदि हम इसे बाहर निकाल दें तो प्रमुख मुद्रास्फीति 6.5 प्रतिशत है। यह आरबीआई के 6 प्रतिशत लक्ष्य से अधिक है। फैक्ट्री उत्पादन में सुस्ती बनी हुई है। औद्योगिक सूचकांक में मार्च 2022 में केवल 1.9 प्रतिशत बढ़ा जो अप्रैल 2021 में सबसे नीचे 134.4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। इसका कारण विनिर्माण क्षेत्र का खराब प्रदर्शन था जो बढ़ती लागत तथा सप्लाई में बाधा पैदा हो रही है। मुद्रास्फीति का एक हिस्सा आयातित भी है क्योंकि हमारा 80 प्रतिशत से अधिक ईंधन तथा 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल उन देशों से आयातित है जो स्वयं गंभीर महंगाई का सामना कर रहे हैं। आयात खर्च बढ़ने से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार घटा है और यह 598 बिलियन डालर तक पहुंच गया है जो केवल 11 महीनों के आयात के लिए काफी है।

यह जनवरी 2022 में 635 बिलियन डालर था। मुद्रास्फीति के आंकड़े पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा व तेलंगाना में 9 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गए हैं। केन्द्रीय वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई है कि मांग में धीरे-धीरे सुधार होने से लगातार बनी रहने वाली मुद्रास्फीति की आशंका गलत है। हालिया महीनों में जीएसटी के अधिक संग्रह से भी आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के बजाय वस्तुओं की कीमतें बढ़ी होंगी। अमेरिका के फेडरल बैंक द्वारा मुद्रास्फीति के कारण ब्याज दर में 0.5 प्रतिशत वृद्धि के बाद आरबीआई ने भी रेपो रेट तथा सीआरआर में 4 मई को 0.4 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की। उम्मीद की जाती है कि जून में भी ब्याज दर तथा सीआरआर में वृद्धि की जाएगी। क्रिसिल रेटिंग ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 6.3 प्रतिशत लगाया था। उसे उम्मीद है कि आरबीआई रेपो दरों में 2023 वित्त वर्ष के दौरान 0.75 प्रतिशत तथा 1 प्रतिशत के बीच वृद्धि करेगा। अर्थशास्त्रियों व कार्पोरेट नेताओं को उम्मीद है कि ब्याज दर वित्त वर्ष 2023 के अंत तक अंततः 5.5 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। वास्तव में 4.4 प्रतिशत रेपो दर तथा 10 वर्ष में जी-सेक का 7 प्रतिशत से ऊपर रहने का अर्थ ब्याज दर के और ऊपर जाने का संकेत देता है। लेकिन ब्याज दर में हर वृद्धि से सरकार के लिए राजकोषीय परिवर्तन का स्पेस घटता है जिसका विकास पर प्रभाव पड़ता है। पहले ही भारत का विकास अनुमान सभी एजेंसियों ने घटा दिया है। आरबीआई ने भी इसे घटा कर 2022-23 के लिए 7.2 कर दी है, जबकि पहले यह अनुमान 7.8 प्रतिशत था।

थोक मुद्रास्फीति का मापन डब्लूपीआई से होता है जो सीपीआई मुद्रास्फीति से लगातार अधिक रहा है। यह मार्च 2022 में बढ़ 14.55 प्रतिशत पहुंच गया जबकि फरवरी में 13.11 प्रतिशत था। कीमतें सभी क्षेत्रों में बढ़ी हैं ये विनिर्माण उत्पादों में 10.71 प्रतिशत, मूल धातुओं में 25.27, ईंधन व बिजली में 34.52 प्रतिशत तथा मूलभूत वस्तुओं में 15.54 प्रतिशत हैं। हालांकि, खाद्य पदार्थों की कीमत में कुछ कमी आई है। मासिक आधार पर थोक कीमतों में मार्च में 2.69 प्रतिशत वृद्धि हुई जो 2004 के बाद सर्वाधिक है। इसका कारण डब्लूपीआई व सीपीआई में भिन्नता मुख्यतः उनमें शामिल वस्तुओं के कारण है। डब्लूपीआई में विनिर्मित वस्तुओं को 64.2 प्रतिशत हिस्सा मिलता है जो सीपीआई की तुलना में बहुत अधिक है जहां प्राथमिक वस्तुओं को 22.6 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इसके बाद 13.2 प्रतिशत हिस्सा ईंधन और बिजली को मिलता है। जहां आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को नीतिगत निर्णय पर आधारित मानता है, वहीं थोक मूल्य में वृद्धि भी अंततः खुदरा मूल्यों में कुछ तिमाहियों के बाद दिखती है क्योंकि कंपनियां उपभोक्ताओं पर बोझ डालती हैं। इस प्रकार उच्च डब्लूपीआई मुद्रास्फीति मार्च में प्रथमिक वस्तुओं में दिखी जिसके परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतों में और वृद्धि होगी जिसका प्रभाव अमीरों की तुलना में गरीबों पर अधिक होगा।

इससे वित्त मंत्री का यह अनुमान गलत सिद्ध होता है कि गरीब लोगों पर मुद्रास्फीति का प्रभाव अमीरों जितना नहीं है। आश्चर्यजनक बात है कि आरबीआई ने कार्रवाई करने में इतना समय क्यों लगाया और उसने मनमाने ढंग से काम क्यों किया जिससे बाजार को भारी धक्का लगा। इससे विदेशी निवेशकों में असहज स्थिति पैदा हुई तथा शेयर बाजार में रुपये की कीमत में भारी गिरावट आई। ब्याज दरों में वृद्धि का प्रभाव अनुमान से अधिक रहा है। यदि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण करना है तो सभी केन्द्रीय बैंकों को तत्काल समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिसका फौरन क्रियान्वयन संभव हो। डब्लूटीओ को मुद्रास्फीति के खिलाफ संघर्ष में शामिल किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति यदि कोविड से खराब नहीं तो उतनी ही बुरी बीमारी है तथा इससे प्रभावी संघर्ष के लिए सारी दुनिया को एकसाथ आना होगा।

# ...पर उपदेश कुशल बहुतेरे

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



**पर** उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे'। गोस्वामी तुलसीदास की यह चौपाई हर युग में हर काल में प्रासंगिक रही है। इसका अर्थ है कि दूसरे को उपदेश देना सरल है पर खुद उस पर अमल करना कठिन। इस समय उपदेशक ज्यादा हैं और उन पर अमल करने वाले कम। अगर व्यक्ति स्वयं आदर्शों का पालन करने लगे तो उसे उपदेश देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां इस चौपाई को राजनीतिक संदर्भों में उद्धृत किया गया है। यूं तो इससे वाबस्ता किरदार एक से ज्यादा हैं लेकिन शुरुआत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जो शुरू से जुझारू रही हैं और अपनी राजनीति के प्रारम्भिक काल में ही उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हराकर सनसनी फैला दी थी। ममता आज भी जुझारू हैं। यह अलग बात है कि वह उन्हीं मुद्दों की मुखालफत से जूझ रही हैं जिनको लेकर वह खुद जब-तब गिले शिकवे करती रहती हैं। मतलब यह कि 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' की कहावत उन्हीं पर चरितार्थ हो रही है। ममता बनर्जी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों के चांसलर यानी कुलाधिपति को लेकर नया व अभूतपूर्व निर्णय किया गया। नई व्यवस्था के तहत अब राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री प्रदेश के विश्वविद्यालयों की चांसलर होंगी। इस संबंध में जल्दी ही राज्य विधान सभा में एक विधेयक पेश किया जाएगा। विधानसभा में इसका पारित होना महज औपचारिकता होगी और यूं राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आने वाला सबसे महत्वपूर्ण व व्यवहारिक दायित्व उनसे छिन जाएगा।

यह बात सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ व ममता बनर्जी के बीच छत्तीस का आंकड़ा है और यह हर दूसरे तीसरे व चौथे दिन परिलक्षित होता रहता है। ममता के इन आरोपों को भी सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि जगदीप धनखड़ केंद्र के इशारे पर ममता सरकार को परेशान करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहते। राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच ऐसा टकराव कोई नया नहीं है। अखिलेश



यादव के मुख्यमंत्री रहते तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक से उनके संबंध बहुत सहज नहीं थे और विधान परिषद के लिए मनोनयन व लोकायुक्त के चयन के मुद्दे पर क्या क्या हुआ यह भी देखा व समझा जा चुका है। बहरहाल असहज रिश्तों के बावजूद तत्कालीन अखिलेश सरकार ने राज्यपाल के अधिकार व दायित्व में कटौती करने या यूं कहें कि राज्यपाल के पर कतरने की कोई कोशिश नहीं की। अतीत ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है जब राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच तल्खी देखी गयी और यह सिलसिला आज भी जारी है। इसकी प्रमुख वजह केंद्र व राज्य में अलग अलग दलों की सरकारों का होना ही है। पश्चिम बंगाल के बाद इसकी बानगी महाराष्ट्र में भी देखी जा सकती है जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार ने करीब दो साल पहले विधान परिषद में मनोनयन के लिए जो सूची राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को भेजी थी वह आजतक ठंडे बस्ते में पड़ी है और विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक जा चुका है। बावजूद तल्खी के महा विकास अघाड़ी सरकार ने वैसा कोई अतिवादी कदम नहीं उठाया जैसा ममता बनर्जी ने उठाया है।

ममता बनर्जी का यह कदम इसलिए भी ध्यान आकर्षित करता है क्योंकि ममता का आचरण उसके बिल्कुल उलट है जिसको लेकर वह खूब जोर से शोर मचाती हैं। यानी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'। ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली तृणमूल सरकार से केंद्र की राजग सरकार के रिश्ते कभी भी सौहार्दपूर्ण नहीं रहे। शायद ही कोई हफ्ता बीतता होगा जब ममता बनर्जी केंद्र पर यह आरोप न लगाती हों कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत के संघीय ढांचे को नष्ट कर रही है। यूं तो ममता की ओर से और भी कई आरोप नियमित तौर पर लगाए जाते हैं लेकिन संघीय ढांचे पर प्रहार व मोदी की तानाशाही सूची में सर्वोपरि हैं। और ममता के लिए जबरदस्त विरोधाभास यही है कि यही दोनों आरोप खुद उन पर भी चस्पा होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या राज्यपाल की जगह खुद विश्वविद्यालयों का चांसलर बनना क्या देश के संघीय ढांचे को मजबूत करता है? क्या अधिकारियों या फिर कुलपतियों को बुलाए जाने पर भी राजभवन न जाने देकर ममता बनर्जी संघीय ढांचे को और मजबूत करने के लिए खाद पानी दे रही हैं? लोग भूले नहीं हैं कि विगत में राज्य के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी की बाढ़ समीक्षा बैठक में कैसे प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ाई गईं और जिसके चलते उपजे विवाद के संदर्भ में पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव का मामला अभी भी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। लोग यह भी नहीं भूले हैं कि किस तरह सीबीआई को अपना काम करने से रोका गया था और देश की सर्वोच्च अन्वेषण संस्था को शासकीय दायित्व निभाने के दौरान पश्चिम बंगाल की पुलिस ने बंधक बना लिया था। और इस मामले में भी कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट फ्रंट को चुनाव की मुख्य स्पर्धा से बाहर कर दिया है और उनका मुकाबला सिर्फ भाजपा से है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने टीएमसी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन पिछले साल ममता बनर्जी ने विधान सभा चुनाव में इसका बदला सूद सहित लिया और राजनीतिक हल्कों में यह कहा और महसूस किया जाता है कि चुनाव में मिली शानदार सफलता ने ममता के व्यक्तित्व में एक अधिनायक को जन्म दे दिया है। अगर बहस के लिए मान लें कि पीएम मोदी में भी अधिनायकवादी तत्व मौजूद हैं तो फिर यह कहने से कोई गुरेज नही होगा कि ममता बनर्जी का अधिनायकवाद मोदी से कहीं आगे है।

ममता बनर्जी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। वह मोदी को सत्ता से हटाने के लिए आतुर व व्याकुल हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर गठजोड़ बनाने की संभावनाओं को भी वह तलाशती रहती हैं। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति की दौड़ में वह खुद भी उन्हीं कृत्यों व प्रवृत्तियों को आत्मसात कर चुकी हैं जिनके लिए वह दूसरों पर उंगली उठाती रहती हैं। राज्य व राज्य के मुख्यमंत्री की भूमिका व सार्थकता तभी है जब वह पीएम के प्रति भी आदर का भाव रखें। यह एक तरह 'गिव एंड टेक' जैसा रिश्ता है जिसमे दोनों एक दूसरे के पूरक हैं न कि विरोधी। और ऐसा न होने पर तो ममता बनर्जी के लिए यही कहा जाएगा 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे।'

## फरमाया



**हम** केवल सरकार चलाना जानते हैं। हम वोटबैंक की राजनीति नहीं करते हैं।

**– अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**इस** मूर्खतापूर्ण युद्ध को आपके पुतिन ने शुरू किया है। यह युद्ध झूठ पर खड़ा है।

**– अलेक्सेई नवाल्नी**
क्रेमलिन के आलोचक



**राहुल** ने फिर ब्रिटिश एमपी जेरेमी कार्बिन से मुलाकात की। वे भारत से घृणा व उसे नापसंद करने वाले तथा कश्मीरी अलगाववाद के पैरोकार हैं।

**– किरन रिजिजू**
केन्द्रीय मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।


www.dailypioneer.com

## सदन की गरिमा

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के चलचित्र सामान्य जनमानस ने देखे। भूतकाल में सदनों में घटी घटनाओं का भी जनता ने खूब स्वाद लिया है, बॉलीवुड फिल्मों की तरह। पहले अतीत में भी कई विस्मयकारी रूप देखने को मिल चुके हैं। आज मर्यादाओं को भूलते हुए फिर नेता प्रतिपक्ष सदन की गरिमा को तोड़ते नज़र आए। जहां दूसरी बार नियुक्त उपमुख्यमंत्री का अपमान करते नेता प्रतिपक्ष को सबने देखा। अपने आप को फारेन रिटर्न बुद्धिजीवी कहलवाने वाले युवा नेता प्रतिपक्ष को सत्तासीन दल के उपमुख्यमंत्री के लिए क्या असंसदीय भाषा शोभा देती है। ये तो अच्छा है कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में बैठे लोग वर्षो के संघर्ष से परिपक्व हो गए हैं, वरना यदि अन्य विधायकगणों की और से ऐसी ही प्रतिक्रिया सामने से आ जाती तो पुनः आप लोग सदन की गरिमा को तार-तार करने में कोई कोताही न बरतते। जमीनी संघर्ष आपने देखा ही नहीं, पर जिसे आप शायद बड़प्पन समझ रहे हैं वो जनता की नज़र में कहीं बदतमीजी तो नहीं? माना आप मुँह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, पर सदन की गरिमा बनाये रखना आपका कर्तव्य है।

**– मनोज**, मेरठ

## लघुकथा : सेवानिवृत्त पाजामा



**विजय मिश्रा 'अमित'**
अति महाप्रबंधक (जन)
छग स्टेट पावर कंपनी

**प्रदीप** भोले प्रथम श्रेणी के उच्च अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे ।उनकी दिनचर्या में खान-पान पहनावा सब कुछ ऊंचे दर्जे का ही शामिल था। घर पर रहते समय अथवा रात को सोते समय सफेद पजामा कुर्ता पहनना उनकी आदत में शुमार था ।सेवानिवृत्ति के बाद भी अपनी इस जीवन शैली को उन्होंने अपनाए रखा था,पर सत्तर वर्ष की आयु में अपने लिए नया पजामा कुर्ता बाजार से खरीद कर लाना संभव नहीं था,अतः उन्होंने एक दिन अपने बेटे से दो जोड़ी सफेद पजामा कुर्ता खरीद कर लाने का फरमान जारी कर दिया।

बूढ़े पिता के फरमान का पालन करना तो दूर सुनना भी बेटे और बहू को नागवार गुजरा।बहू ने अपने पति के चेहरे पर उभरे भाव से परख लिया था कि उन्हें पापा श्री का यह फरमान पसंद नहीं आया है। फौरन मौका पर चौका मारते हुए प्रदीप भोले की पत्नी ने कहा- पापाश्री के आशीर्वाद से आप शासकीय विभाग में उच्च श्रेणी के अधिकारी के पद पर सेवारत हैं।आपको भी दौरे पर जाना रहता है। याद है पापाजी दौरे पर जाते समय हमेशा सफेद पजामा कुर्ता बैग में लेकर जाया करते थे। आप भी इस जीवन शैली को बनाए रखें।पापा जी को अच्छा लगेगा। श्रीमती जी की बातों से प्रदीप भोले सहमत हुए।

वे आगे कुछ कहते उसके पहले बहुरानी ने कहा - पापाश्री के लिए नया कुर्ता पाजामा खरीदने के बजाय अपने पुराने कुर्ता पाजामा उन्हें दे दीजिए,क्योंकि वह तो घर पर ही पहनेंगे।आपको तो बाहर दौरे पर भी जाना होता है,और वे तो सेवानिवृत्त हो गए।सेवानिवृत्त पाजामा उनके काम आ जाएंगे।भोले जी को अपनी चतुर पत्नी की सोच और मितव्ययिता भरा सुझाव भा गया था।वह अपने पुराने पाजामा कुरता लेकर पापाजी के पास पहुंचे और पुराना पाजामा देते हुए बोले- पापा जी यह मुझे ढीले होते हैं। आप इसे इस्तेमाल कर लीजिए। मैं अपने लिए नया ले आऊंगा।

बेटे की बात सुनकर भोले जी ने बनावटी हंसी का सहारा लिया और बोले- शाबाश बेटे,तूमअब बहुत होशियार हो गए हो। पुरानी चीजों का उपयोग कैसा करना है यह बखूबी समझ गए हो।इतना कहकर वे मन ही मन बुदबुदाए मैं भी पुराना हो चुका हूं और मेरा उपयोग कैसा होना चाहिए यह भी तुम भली-भांति समझ गए हो। सेवानिवृत्त पापा जी को सेवानिवृत्त पाजामा देकर प्रदीप भोले के चेहरे पर विजयी मुस्कान आ गई।जिसे देखकर पुराने पाजामा कुर्तों को भी रोना आ गया था।

# ग्राम पंचायत भंवरमरा में महोबे ने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगो को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

## भंवरमरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं स्टाफ को समय पर ड्यूटी में उपस्थित रहने के दिए निर्देश





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जनचौपाल के माध्यम से जिला प्रशासन खुद चलकर ग्रामीणों के पास पहुच रहा हैं। जहां ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या और मांगो का तत्काल निराकरण किया जा रहा हैं। गुरुर मुख्यालय में आयोजित अनुविभाग स्तरीय जनचौपाल के बाद कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम भंवरमरा में आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगो को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा की जिला प्रशासन की पहल से जिले के विभिन्न गांवो में जन चौपाल आयोजित किए जा रहें है। जिसमे आमजनों की समस्याओं और मांगो का निराकरण करने जिला एवं ब्लाक स्तर के सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनचौपाल में प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार समस्या का निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने जनचौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों से चर्चा कर फसल बीमा, राशन, आवास, पेंशन, वनाधिकार पट्टा, पेयजल, शौचालय, राजस्व प्रकरण के निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जन चौपाल कार्यक्रम में 3 हितग्राहियों को श्रम विभाग कि योजना अंतर्गत सुरक्षा उपकरण कीट भी प्रदान किए। डौंडीलोहारा एसडीएम ने बताया कि आज ग्राम भंवरमरा में राशन, पेंशन, पेयजल, राजस्व, विद्युत, आवास, राशन कार्ड, निर्माण, अतिक्रमण आदि से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जन चौपाल आयोजित किया गया था, जिसमे कुल 119 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक दीवान, एसडीएम मनोज मरकाम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी के मौजूद थे।

### स्वास्थ्य केन्द्र, गौठान और आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण

आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम के बाद कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ग्राम भवरमरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम नंगूटोला में गौठान और डौंडीलोहारा मुख्यालय में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने ग्राम भवरमरा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, औषधि भंडारण कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वहां चिकित्सक एवं स्टाफ को समय पर ड्यूटी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं। इसके पश्चात कलेक्टर श्री महाबे ने ग्राम नंगूटोला गौठान का निरीक्षण किया और गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, वर्मी टाका तथा आजीविका मूलक गतिविधियां का अवलोकन किया। उन्होंने गौठान में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने और अधिक से अधिक आजीविका मूलक गतिविधि संचालित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विकासखंड मुख्यालय डौंडीलोहारा में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल निर्माण के कार्यो का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य समयसीमा पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए।

# जैन साधु संतों की आलोचना करने वाले के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के जैन समाज के सभी सदस्यो ने एकजुटता का परिचय देते हुए जैन समाज के संत जो अहिंसा के पुजारी है समाज को सही रास्ता दिखलाते है ऐसे संतो की आलोचना , अभद्र शब्दो का प्रयोग करने वाले अमित बघेल ,छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने को लेकर ज्ञापन राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कैंद्रीय गृहमंत्री के नाम बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया प्रशासन से आग्रह किया गया कि इस प्रकार से अशांति फैलाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई जावे,सबसे पहले बीजा जैन श्री संघ द्वारा बीजा द्वारा देवरबीजा चौकी प्रभारी को अमित बघेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया, आप को बता दे की सारे विश्व में अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले,आपसी प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा बढ़ाने वाले, जियो और जीने दो का संदेश देने वाले और जगत के सभी प्राणिमात्र के प्रति करुणा भाव धारण करने वाले जैन मुनियों के बारे में ऐसी धारणा रखने वाले और खुले मंच से उनके प्रति ऐसी घटिया भाषा का प्रयोग करने वाले कि मानसिकता का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है। अमित बघेल जिन्होंने आज जैन मुनियों के बारे में बहुत ही गंदे गंदे शब्दों का प्रयोग किया है, यह छत्तीसगढ़ राज्य जो कि आपसी प्रेम और सद्भाव के लिए जाना जाता है, के लिए अच्छा सूचक नहीं है और यह बयान इस प्रेम सद्भाव के वातावरण में जहर घोलने वाला कृत्य है। अगर शासन इस प्रकार की कृत्य पर संज्ञानत्र लेकर कार्यवाही नहीं करेगी तो भविष्य में सभी जाति विशेष कर अल्पसंख्यकों को विशेष परेशानी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में इन शब्दों का प्रयोग किसी भी साधु के लिए नहीं किया गया है, यह एक बहुत ही निंदनीय कृत्य है। अमित बघेल द्वारा ना सिर्फ जैन मुनियों के प्रति अपशब्द कहे गए अपितु समय आने पर इंसानों को तक मारकर जीव बलि देने तक कि बात कही गई जोकि सर्व मानव समाज के लिए अपमानजनक है एवं उनकी घिनौनी सोच को दशाती है। ज्ञापन देने वालों में बीजा जैन श्री संघ से राजेश सांखला (ए) अध्यक्ष, गौतम बाफना, सुरेश बाफना, ज्ञानचंद जैन, उत्तम चंद जैन, पारस बोहरा, राजेश सांखला, राकेश सांखला, गौतम बोथरा, दिनेश बोथरा, रोहित जैन राजेश मालु, राहुल जैन, अशोक जैन शुभम बोथरा, संदीप जैन, हिमांशु बोथरा, विक्की पारख, वर्धमान छाजेड़, शोभा बाफ्ना, सोनल.बोथरा, शशि सांखला, जुली सांखला, कंचन सांखला, सीमा सांखला, संगीता बोथरा, बबली बोथरा बेमेतरा जैन श्री संघ से प्रकाश जैन,कोमल जैन,संजू जैन प्रिंस सुराना,विनित जैन,कलपेश जैन, किरण जैन, नवीन जैन, हिमांशु जैन,डिया जैन, साजा जैन श्री संघ से निकेश जैन, अरुण कोठारी, योगेश बागरेचा, छगन गोलछा, मुकेश छाजेड़ प्रेम गोगड, देवकर से श्रेयांस बोरा थानखम्हरिया से सरिता जैन, अनमोल जैन बेरला जैन श्री संघ से विजय जैन, सुभाष लोढा, हर्षद सुराना, ललित कोचर, शांतीलाल जैन, फत्ते लोढा हर्षद लोढ़ा ,संदीप जैन, आलोक जैन, प्रमोद सुराना ,नेहा सुराना, शोभा जैन,पुष्पा जैन,मुस्कान जैन, ज्योति सुराना ,सरिता बोथरा, टींकल सुराना सहित अन्य लोग शामिल थे।

**किसान नेता योगेश तिवारी ने जन्मदिन के अवसर पर अपना जीवन जनसेवा के लिए समर्पित करने का लिया संकल्प**

# किसान नेता के जन्मदिन को समर्थकों ने जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया, दर्जनभर स्थानों पर काटे केक









पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

किसान नेता योगेश तिवारी ने अपने जन्मदिन को समर्थकों के साथ जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया। वही जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण अंचल में दर्जनभर स्थानों पर समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान किसान नेता ने अपना जीवन जनसेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि गरीब, शोषित, वंचित और बुजुर्गो की सेवा ही ईश्वर की आराधना है। बेमेतरा विधानसभा के किसान, मजदूर समेत अन्य वर्गो के हितों के लिए हमेशा संघर्ष किया है, जो आगे भी जारी रहेगा। हमेशा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिला है, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं।

**वृद्धा आश्रम में माता पिता तुल्य बुजुर्गो के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया**

इस अवसर पर किसान नेता अपने समर्थकों के साथ वृद्धा आश्रम पहुंचे। जहां उन्होंने माता पिता तुल्य बुजुर्गो के साथ करीब दो घंटे व्यतीत किए और बुजुर्गो के साथ केक काटने के साथ खाना खाया। इस दौरान किसान नेता ने बुजुर्गो को कपड़े का वितरण किया। किसान नेता के समृद्धि विहार स्थित आवास में कॉलोनी वासियों ने जन्मदिन मनाया। इस दौरान राजेश झा, राजेश गजपाल, इकेश साहू, संतोष साहू, डोमेन्द्र पाण्डे, शेष सोनी, रूपेश पाण्डेय, उमेश राजपूत आदि कॉलोनीवासी शामिल हुए। बेरला ब्लाक के ग्राम पिरदा में आयोजित समारोह में किसान नेता ने सैकड़ों समर्थकों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया।

**जन्मदिन के अवसर पर समर्थकों ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान, मरीजों को बांटे फल**

किसान नेता समर्थकों के साथ जिला अस्पताल पहुचे, जहां मरीजो को फ्ल का वितरण किया। यहां 17 समर्थको ने रक्तदान किया। जिसमे हरिश सेन, योगेश कुमार साहू, सिद्धांत तिवारी, सत्यम शर्मा, सिद्धार्थ तिवारी, मनोज बंजारे, हिरून साहू, ईश्वर राजपूत, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, उत्सव सलूजा, दिव्यांशु शर्मा, मनोज साहू, मृत्युंजय दुबे, निखिल जैन, तुषार राजपूत, साहिल बरगडे, मनोज साहू ने रक्तदान किया। समाजसेवी और पुलिस आरक्षक संदीप साहू, ताराचंद माहेश्वरी, नीतू कोठारी ने बेमेतरा थाना के पास स्थित पियाऊ घर के पास केक काटकर योगेश तिवारी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर राहगीरों को शीतल पेय शर्बत का वितरण किया।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, डौंडी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



डौंडी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। ग्राम घोटिया निवासी पुरूषोत्तम मरकाम पिता रिखीराम मरकाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मई को अपने बड़े भाई गंभीर सिंह को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 जे 6492 में बिठाकर ग्राम तुरई छोड़ने गया था। आते समय शाम 5 बजे अपने बेटी दामाद के घर ग्राम छिंदगांव में रूका था रात्री में अपने बेटी दामांद के घर के सामने बाहर परछी में मोटर सायकल को खड़ा कर रात्रि करीबन 9 बजकर 30 मिनट खाना खाकर सोने से पहले मोटर सायकल को देखा था। मोटर सायकल खड़े किये गये स्थान पर था। करीबन सुबह 5 बजकर 30 मिनट को उठकर प्रार्थी घर से निकल कर मोटर सायकल खड़े किये गये स्थान पर जाकर देखा तो मोटर सायकल खड़े किये गये स्थान पर नही था। जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरा मोटर सायकल को दरम्यानी रात्री में चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी जीआर ठाकुर के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी प्रज्ञा मेश्राम व नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में प्रकरण के अज्ञात आरोपी एवं माल मशरुका की सरगर्मी से पता तलाश की गई। पता तलाश के दौरान कुसुमटोला निवासी आरोपी हेमलाल रात्रे पिता निर्भयराम रात्रे (37वर्ष) के द्वारा अपने साथी विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी के निशानदेही पर छिंदगांव से मरारटोला जाने वाले रास्ते के झाड़ी में छुपाकर रखे एक काला नीला रंग का मोटर सायकल को बरामद किया गया एवं आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर ज्युडीशियल रिमाण्ड पर भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी मे थाना डौण्डी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई, सउनि निर्मल यादव, सउनि डीएल रावटे प्रआर विष्णु तारम, आरक्षक खिलावन सिन्हा, शमनेश साहू की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# कलेक्टर महोबे ने गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल स्त्रोत एवं शौचालय की नियमित साफ-सफाई नहीं होने पर की नाराजगी जाहिर

## नियमित साफ-सफाई करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गुरुवार को गुरुर मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी हेतु नवीन भवन के लिए प्रस्ताव बनाने और पुराने भवन के खपरेल को हटाकर मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औषधी भंडार एवं वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया और औषधियों को व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि हमर लैब में पैथॉलाजी जांच निःशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर के सभी 50 जांच में से 44 निःशुल्क पैथोलाजी जांच हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डॉ. खुबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अन्तर्गत विकासखण्ड गुरूर में 78 प्रतिशत लोगो को कार्ड बनाया जा चुका है। छुटे हुए लोगो को आयुष्मान भारत कार्ड शीघ्र बनाया जाय। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल स्त्रोत एवं शौचालय की नियमित साफ-सफाई नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की और नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरुर का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए इस अवसर पर गुरुर एसडीएम रश्मि वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# चोरहापड़ाव लूट के फरार आरोपियों में एक को पुलिस ने रायपुर से किया गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कांकेर जिले के ग्राम चौगेल निवासी युवराज यादव पिता सनत यादव (23वर्ष) द्वारा डौंडी थाना में हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 मई को दल्लीराजहरा से वापस गांव चौगेल जाते समय रात्रि करीबन 11 बजकर 45 मिनट को चोरहापड़ाव के चाचा ढाबा के आगे मोटर गैरेज के पास 4 लड़को द्वारा गाड़ी के सामने आकर गाड़ी को रूकवाकर चारो लड़को द्वारा चाकू दिखाकर एवं डरा धमका कर प्रार्थी एवं उसके भाई आशीष मारको सहित तीन अन्य लोगो से करीबन 5 नग मोबाइल एवं 1 हजार 500 रुपये नगद की लूट की रिपोर्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क्र0 67 /2022 धारा - 341, 392, 506, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी जीआर ठाकुर के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी प्रज्ञा मेश्राम व नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश की गई और प्रकरण के आरोपी दल्लीराजहरा निवासी अरसद अली पिता स्व. कुर्बाब अली (21वर्ष) को रायपुर से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से लूट किये गये मोबाईल एवं घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया गया एवं आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

वही प्रकरण के फरार रायपुर के अन्य आरोपियों की पता तलाश कर गिरफ्तारी हेतू लगातार प्रयास पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी मे थाना डौण्डी प्रभारी कैलाश चंद्र मरई, सउनि डीएल रावटे, प्रआर विष्णु तारम, आरक्षक खिलावन सिन्हा, रवि यादव , सुरेन्द्र देशमुख, शमनेश साहू की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# एएसपी बेमेतरा ने ली रक्षित केन्द्र में पुलिस जवानों का जनरल परेड़

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड़ ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधिकारियो कर्मचारी के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। एएसपी महोदय द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। परेड़ में अच्छी गणवेश धारण करने वाले अधिकारियो कर्मचारी. को पुरस्कृत भी किया गया। एएसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिये और अनुशासन में रहने एवं आम जनता से उचित व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया। जनरल परेड़ के दौरान अति. पुलिस अधीक्षक के साथ ही साथ प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, निरीक्षक चिन्तुराम ठाकुर एवं समस्त थाना चौकी प्रभारियों सहित रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना चौकी के अन्य अधिकारी कर्मचारी परेड़ में सरिक हुये।

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**बीजापुर वनमंडल, बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

**// नीलाम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बीजापुर वनमंडल के बीजापुर/काष्ठागार/बांसागार के ईमारती काष्ठ एवं अगरबतती काड़ी का नीलाम दिनांक 01/06/2022 को प्रातः 10:00 बजे से बांसागार नीलाम हॉल में किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम के पूर्व लाटों को भली भॉंति देख लें। बाहर से आने वाले व्यापारियों/क्रेताओं को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा:-
1. सोशल डिस्टेसिंग नियम का पालन। 2. क्रेताओं को सीधे नीलाम कार्य में भाग लेकर अपने गंतव्य को वापस जाना होगा। यहां-वहां घूने की अनुमति नहीं होगी।

| काष्ठागार का नाम | नया काष्ठ अनुमानित मात्रा | | | पुराना काष्ठ अविक्रीत | | योग:- | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रजाति | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| ईमारती काष्ठ | | | | | | | |
| | सागौन | 0.000 | 0 | 9.076 | 0 | 9.076 | 0 |
| | साजा | 0.000 | 0 | 1.018 | 0 | 1.018 | 0 |
| | अन्य | 0.000 | 0 | 21.876 | 0 | 21.876 | 0 |
| | योग :- | 0.000 | 0 | 31.970 | 0 | 31.970 | 0 |
| अगरबत्ती काड़ी | | | | | | | |
| | अगरबत्ती काड़ी (चौकड़ी) | | लम्बाई 8 इंच | | 20 क्विंटल | | |

टीप:-
01. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10% प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करें।
02. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कैलेण्डर वर्ष 2022 का पंजीयन एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
03. क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व जी.एस.टी. पंजीयन (GSTN) की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
04. विनिर्माता/उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस एवं आयकर पेन/टिन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
05. नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
बीजापुर वनमंडल, बीजापुर

G- 91597/4

## घटिया शब्द का प्रयोग करते हुए समाज का अपमान किया

# क्रांति सेना के अध्यक्ष ने जैन समाज के धर्म गुरुओं पर की अभद्र टिप्पणी कड़ी कार्यवाही करने सौंपे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्म गुरुओं पर की गई अभद्र टिप्पणी की घोर निंदा एवं उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए चौकी प्रभारी देवकर को सौंपे ज्ञापन। बुधवार दिनांक 26 मई 2022 को आदिवासी समाज के आह्वान पर ग्राम तूएगोंदी, थाना गुंडरदेही, जिला बालोद, छत्तीसगढ़ में आदिवासियों पर हुए हमलों को लेकर बालोद जिला बंद का आह्वान किया गया था। इसी दौरान मंच से छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के द्वारा अल्पसंख्यक एवं अहिंसक जैन समाज के धार्मिक गुरुओं के खिलाफ अभद्र, अनर्गल एवं बहुत ही घटिया शब्दों का प्रयोग करते हुए जैन समाज का अपमान किया है। सारे विश्व में अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले, आपसी प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा ब?ाने वाले, जियो और जीने दो का संदेश देने वाले और जगत के सभी प्राणिमात्र के प्रति करुणा भाव धारण करने वाले जैन मुनियों के बारे में ऐसी धारणा रखने वाले और खुले मंच से उनके प्रति ऐसी घटिया भाषा का प्रयोग करने वाले कि मानसिकता का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है। अमित बघेल जिन्होंने आज जैन मुनियों के बारे में बहुत ही गंदे गंदे शब्दों का प्रयोग किया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य जो कि आपसी प्रेम और सद्भाव के लिए जाना जाता है, के लिए अच्छा सूचक नहीं है और यह बयान इस प्रेम सद्भाव के वातावरण में जहर घोलने वाला कृत्य है। अगर शासन इस प्रकार की कृत्य पर संज्ञान लेकर कार्यवाही नहीं करेगी तो भविष्य में सभी जाति विशेष कर अल्पसंख्यकों को विशेष परेशानी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में इन शब्दों का प्रयोग किसी भी साधु के लिए नहीं किया गया है, यह एक बहुत ही निंदनीय कृत्य है। अमित बघेल द्वारा ना सिर्फ जैन मुनियों के प्रति अपशब्द कहे गए अपितु समय आने पर इंसानों को तक मारकर जीव बलि देने तक कि बात कही गई जोकि सर्व मानव समाज के लिए अपमानजनक है एवं उनकी घिनौनी सोच को दर्शाती है। माननीय जिलाधीश महोदय के माध्यम से शासन से निवेदन है कि इस विषय को बहुत ही गंभीरता से संज्ञान लेते हुए ऐसे निंदनीय कृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। जैन समाज जोकि सदा से ही अहिंसक समाज रहा है। ऐसे जैन समाज के खिलाफ ऐसे अनर्गल शब्दों का प्रयोग करना बहुत ही निंदनीय है। हम इस ज्ञापन के माध्यम से आदरणीय जिलाधीश महोदय के मार्फत छत्तीसगढ़ राज्य के सिपहसालार माननीय राज्यपाल महोदय एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करते हैं कि ऐसे कुकृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए एवं शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी की जाए। सरकार यदि इस कुकृत्य को रोकने में विफल होती है या किसी भी कार्यवाही में कोई कमी प्रदर्शित करती है तो सकल जैन समाज, भारतवर्ष एकजुट होकर स्वयं से ही इस विषय का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करेगा। समाज में असाम्प्रदायिकता का माहौल बनाने वाले ऐसे असामाजिक व्यक्ति के खिलाफ सरकार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करेगी इन्हीं कामना के साथ जैन समाज यह ज्ञापन आपको सौंपती है। साथ ही कलेक्टर महोदय बेमेतरा, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा, एसडीएम साजा, थाना प्रभारी साजा को ज्ञापित किया जाता है।

# जिन्दल स्टील छत्तीसगढ़ में रेल पहिये की फैक्टरी लगाएगा

■ यात्री डिब्बों व मालगाड़ियों के लिए पहिये भी बनाएगी कंपनी

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com






भारत की पहली और निजी क्षेत्र की एकमात्र रेल निर्माता कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर ने रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर उत्पादन क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाई है। कंपनी छत्तीसगढ़ के रायगढ़ स्थित अपने स्टील प्लांट में देश की पहली रेल पहिया उत्पादन कारखाना लगाएगी। राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक इस महत्वाकांक्षी योजना को अंजाम देने के लिए कंपनी ने जीआईएफएलओ-हंगरी के साथ एक समझौता किया है।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जीआईएफएलओ-हंगरी और जिन्दल स्टील के बीच यह तकनीकी करार नई दिल्ली में आज हंगरी दूतावास एवं फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत-हंगरी बिजनेस फोरम में हुआ, जिसके अनुसार प्लांट की शुरुआती उत्पादन क्षमता 25 हजार सेट पहिया प्रतिवर्ष होगी। गौरतलब है कि जिन्दल स्टील भारतीय रेल के लिए विभिन्न श्रेणियों की पटरियां तैयार कर आपूर्ति कर रही है। कंपनी देश की विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के लिए हेड हार्डेंड रेल भी तैयार कर रही है। रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए जिन्दल स्टील एसिमेट्रिक रेलों के लिए रेल फोर्जिंग यूनिट भी स्थापित कर रही है, जिसका इस्तेमाल रेल ट्रैक्स स्वीचेज, खासकर तेज रफ्तार ट्रेनों के संचालन में किया जाएगा। इस संबंध में जिन्दल स्टील एंड पावर के प्रबंध निदेशक वी.आर. शर्मा ने कहा कि उनकी कंपनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गए आत्मनिर्भर भारत अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेल पहिया प्लांट से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण को गति मिलेगी और विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले पहियों की उपलब्धता से हम भारत सरकार के दूरदर्शी गतिशक्ति अभियान को साकार करने में एक महत्वपूर्ण साझेदार साबित होंगे।

शर्मा ने कहा कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास और रेल परिवहन की आवश्यकताओं को समझते हुए जेएसपी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप रेल पटरियों की विभिन्न श्रेणियों की मांग पूरी करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रायगढ़ की रेल मिल से भारतीय रेलवे और विभिन्न मेट्रो रेल परियोजनाओं को विशेष ग्रेड के रेल की आपूर्ति की जा रही है। जिन्दल स्टील एंड पावर 1080 एचएच एवं 1175 एचटी हेड हार्डेंड रेल ग्रेड की एकमात्र भारतीय निर्माता है। ये पटरियां 25 टन से अधिक भार वहन की क्षमता रखती हैं और तेज रफ्तार दौड़ने वाली गाड़ियों के लिए उपयुक्त हैं। जेएसपी 60ई1, जेडयू1-60 और 60ई1ए1 मानदंडों के अनुरूप आर260 और 880 ग्रेड की पटरियों का भी निर्माण करता है और आर350 एचटी ग्रेड पटरियों का निर्यातक है।

## दरहा नाला के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस की छापेमारी, 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोडा थाना क्षेत्र के दरहानाला के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण कुमार मिंज हमराह सहायक उप निरीक्षक विल्फ्रेड मसीह, आरक्षक उधो पटेल के साथ अपराध विवेचना के लिए देहात भ्रमण पर रवाना हुये थे। इस दौरान निरीक्षक प्रवीण मिंज को मुखबिर से ग्राम घरघोडी खेत दरहा नाला के पास एक व्यक्ति के अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली। तत्काल टीआई मिंज अपने स्टाफ के साथ मौके पर रेड कार्रवाई किया गया, जहां आरोपी रमेश डनसेना पिता रामलाल डनसेना उम्र 19 वर्ष साकिन घरघोडी, थाना घरघोडा, 05-05 लीटर क्षमता वाले तीन नग प्लास्टिक जरिकेन में कुल 15 लीटर महुआ शराब के साथ मिला जो पूछताछ में शराब बिक्री के लिये रखना बताया। आरोपी से अवैध शराब की जप्ती कर आरोपी पर आबकारी एक्ट की अजमानतीय धारा पर कार्रवाई कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

## सड़क दुर्घटना में फिर दो ग्रामीण हुए घायल, तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक सवारों को मारी ठोकर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में सड़क दुर्घटनाओं का क्रम लगातार जारी है। पिछले कुछ महीनों से सड़क दुर्घटनाएं की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनते रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की शाम तकरीबन साढ़े 7 बजे रायगढ़ जशपुर मार्ग पर एक अज्ञात स्कार्पियो वाहन की ठोकर से दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुलीकुंडा गांव निवासी ढूंढ राठिया व विमल राठिया अपने किसी कार्य को निपटाकर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बिहामाटी झगरपुर के पास शुक्रवार की शाम साढ़े 7 बजे घरघोड़ा की तरफ से आ रहे स्कार्पियो वाहन चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दोनों बाईक सवारों को जोरदार ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों के सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट लगने की वजह से दोनों बेहोश हो गए हैं। इस मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने इनकी शिनाख्त कर परिजनों व पुलिस को इस दुर्घटना से अवगत करा दिया है।

गौरतलब रहे कि रायगढ़ जिले में एक लंबे अर्से से भारी वाहन चालकों व तेज रफ्तार वाहन चालकों की लापरवाही का खामियाजा बेगुनाहों को भुगतना पड़ रहा है। बीते कुछ दिनों की अगर बात करें तो महज 15 दिन के अंतराल से 20 से अधिक सड़क दुर्घनाएं अकेले रायगढ़ जिले में घटित हो चुकी है जिसमें मौत के अलावा घायलों की संख्या अधिक है। जिले में बढती सड़क दुर्घटना चिंता का विषय बनी हुई है।

## पर्यावरण विभाग पहुंची गांव, लगाई प्रदूषण मापक मशीन, बोले दो दिन बाद आएगी रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



**रायगढ़.** जिले के तमनार ब्लॉक में जिंदल से निकलने वाले फ्लाईऐश राख से क्षेत्र के काफी ग्रामीण परेशान हैं, जिससे संबंधित खबरें अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनते रही है। इसी के तहत कल दोपहर पर्यावरण विभाग की टीम प्रदूषण मापने की मशीन लगाने कुंजेमुरा गांव पहुंची, गांव पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि तीन-चार दिन मशीन से प्रदूषण के स्तर जांच की जाएगी जिसके पश्चात प्रदूषण के मात्रा के हिसाब से कंपनी प्रबंधन को नोटिस थमाया जाएगा।

शुक्रवार की शाम 4 बजे जिले में आई आंधी तूफान के कारण राख पुनः गांव की ओर उड़कर आई, मानों गांव में एक सफेद चादर से ढकी हुई हो या फिर कोहरा बरस रही हो , अब देखने वाली बात यह होगी कि लगे हुए मापक मशीन में प्रदूषण के स्तर कैसी दर्शाई जाएगी। इस संबंध में अधिकारी का कहना है कि क्षेत्र में प्रदूषण मापक मशीन लगाई गई है दो दिन बाद रिपोर्ट आ जाएगी।

## अदाणी फाउंडेशन ने किया समर कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा तमनार विकासखंड के ग्राम मिलुपारा में पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया। दिनांक मई 23 से 27 तक , पांच दिन चले इस समर कैंप में ग्राम मिलुपारा सहित लालपुर, सिदारपारा, बजरमुडा, ढोलनारा इत्यादि गांवों के 8 से 14 वर्ष की उम्र तक के कुल 52 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस पांच दिवसीय कैम्प के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे- योग, जुम्बा नृत्य ,प्लेइंग काड्र्स के जादुई ट्रिक्स, साइंस मैजिकल ट्रिक्स, क्ल्प क्राफ्ट, क्ले मॉडल, ड्रॉइंग, ओरिगेमी क्राफ्ट, विलेज म्यूजिकल बैंड, वर्ड फार्मिंग इत्यादि के गुर सिखाये गए। वहीं आजकल के समाज में कदम से कदम मिलाने के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट और इंग्लिश स्पीकिंग के कुछ खास नियमों की भी जानकारी दी गयी।

इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल-खेल में तार्किक, मानसिक और शारीरिक क्षमता को विकसित करना और उनकी चनात्मकता को बढ़ाना था। कैम्प में बच्चों में हर्ष और उल्लास के साथ नई चीजों को सीखने की ललक भी दिखाई दी। यहां बच्चों ने उत्साह एवं उमंग के साथ सभी गतिविधियों में हिस्सा लिया और कई गुर सीखे। आयोजन के आखिरी दिन एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाकर कैम्प का समापन किया गया। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन अपने सामाजिक सरोकारों के तहत रायगढ़ जिले के तमनार विकासखडं के 14 ग्रामों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और संरचना विकास के कई कार्यक्रम चलाता है जिनमें क्षेत्र के आदिवासी युवाओं और विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए खासतौर पर इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए रांची के एक प्रसिद्ध कोचिंग केंद्र के साथ अनुबंध करके ऑनलाइन माध्यम से निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

## नटवर स्कूल में हिन्दी मिडियम में होगा छात्रों का एडमिशन

**रायगढ़.** कलेक्टर भीम सिंह ने नटवर स्कूल के हिन्दी मीडियम के कक्षा 6वीं, 9वीं और 11वीं में प्रवेश के इच्छुक छात्रों का एडमिशन लेने के लिए निर्देशित किया है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारी आर.पी.आदित्य ने बताया कि शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ के हिन्दी माध्यम में कक्षा 6वीं, 9वीं और 11वीं में प्रवेश के इच्छुक छात्र अपना आवेदन शासकीय नटवर इंग्लिश मिडियम स्कूल रायगढ़ के कार्यालय में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक जमा कर सकते हैं।

## जिला खनिज न्यास संस्थान जांजगीर चांपा की बैठक में शामिल होंगे पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं डीएमएफ मेंबर श्यामसुंदर



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

जिला खनिज न्यास संस्थान जांजगीर-चांपा की आगामी 1 जून 2022 को जिला पंचायत के सभागार में होने वाली शासी परिषद की बैठक में नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल शामिल होंगे।

तथा उपरोक्त बैठक में स्थानीय विधायक तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के निर्देशानुसार सदस्य श्याम सुंदर अग्रवाल क्षेत्र से संबंधित आवश्यक विकास कार्यों एवं जनहित के कार्यों के संबंध में भी अपने सुझाव रखेंगे,तो वही डीएमएफ मेंबर श्याम सुंदर अग्रवाल के अनुसार शक्ति को नवीन जिले का दर्जा मिलने के बाद आने वाले दिनों में इस नवीन जिले के विकास में डीएमएफ फंड की राशि का अहम योगदान रहना है, अतः इस संबंध में भी श्याम सुंदर अग्रवाल अपने वरिष्ठ नेताओं के दिशा- निर्देशन में सुझाव एवं चर्चा करेंगे,उल्लेखित हो कि 1 जून को जिला खनिज न्यास संस्थान जांजगीर चांपा की होने वाली शासी परिषद की बैठक का आमंत्रण पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं डीएमएफ मेंबर श्याम सुंदर अग्रवाल को प्राप्त हो चुका है, तथा श्याम सुंदर अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण बैठक को लेकर अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

## दिल्ली विधानसभा के सीएम कांफ्रेंस हाल में अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का जन जागरण कार्यक्रम आयोजित




पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की दिल्ली एन सी आर शाखा का 27 मई को दिल्ली विधानसभा के सीएम काफ्रेन्स हॉल में जन जागरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि रामनिवास गोयल अध्यक्ष दिल्ली विधासभा, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन दिल्ली एनसीआर के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, मोटिवेशनल स्पीकर पायल अग्रवाल अहमदाबाद, डॉक्टर सपना बंसल सहित दिल्ली की पूरी टीम तथा अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित लोगो ने हिस्सा लिया।

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के इस जन जागरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि अग्रवाल समाज ने पूरी दुनिया में अपनी दानशीलता एवं सेवा कार्यों से अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है, तथा वर्तमान में पूरी देश- दुनिया में शिक्षा की महती आवश्यकता को देखते हुए अग्रवाल समाज को भी शिक्षा के क्षेत्र में अपना कदम बढ़ाना चाहिए,तथा आज शिक्षित व्यक्ति ही इस राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे सकता है, एवं अग्रवाल समाज भी आज शिक्षित समाज है तथा हमे बच्चो की पढ़ाई के लिए विद्यालय ओर होस्टल खोलने चाहिये।

वही पायल अग्रवाल ने भी समाज को एकजुट होने का संदेश दिया,तथा इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की दिल्ली एनसीआर इकाई के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने पूरे प्रदेश की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज उनकी पहल पर दिल्ली विधानसभा के इस सभागार में जन जागरण कार्यक्रम करने का जो अवसर मिला वह हम सभी के लिए एक सौभाग्य का काम है, तथा इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी आने वाले समय में पूरे देश में जन जागरूकता लाना चाहते हैं।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन मालखरौदा तहसील 30 मई से चार चरणों में करेगा आंदोलन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन तहसील मालखरौदा द्वारा 34प्रतिशत डीए की मांग को लेकर चार चरणों में आंदोलन किया जाएगा, उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन मालखरौदा तहसील के संयोजक विकास चौबे ने बताया कि फेडरेशन द्वारा राज्य के कर्मचारी/ अधिकारी हितों के लिए 4 चरणों में यह आंदोलन किया जाना है,जिसमें प्रथम चरण में 30 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा इस अवसर पर मालखरौदा तहसील का ज्ञापन हेतु सभी सदस्यों को सुबह 10.45 बजे कृषि कार्यालय में उपस्थित होने कहा गया है एवं उक्तआशय का निर्णय फेडरेशन की संपन्न बैठक के दौरान लिया गया है, छत्तीसगढ़ कर्मचारी/ अधिकारी फेडरेशन मालखरौदा तहसील की संपन्न बैठक में जिला संरक्षक के.के पटेल, जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, कार्यकारी संयोजक योगेश महेश, तुलेश्वर प्रसाद पटेल, डी मधुकर, सुरेंद्र कुमार बंजारे, बीरबल प्रसाद सोनवानी, बलदेव सिंह कंवर, आशीष पटेल, साजन सिंह, जेपी सानडे, श्याम लाल यादव, जय किशन उराव, बांके बिहारी त्रिवेदी, नागेंद्र देव सिंह, टकेश्वरी बघेल, मनोज कुर्रे सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

## पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर ने किया पार्षद निधि से हो रहे बोर खनन का पूजन

वार्ड क्रमांक-13 के पार्षद गजाधर यादव द्वारा पार्षद निधि से करवाए जा रहे बोर खनन का कार्य का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति के वार्ड क्रमांक-13 के पार्षद गजाधर यादव नान्हू भांचा द्वारा अपने वार्ड में सदर स्कूल के पीछे करवाए जा रहे पार्षद निधि के बोर खनन कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ 27 मई को नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला खनिज न्यास निधि के सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल ने किया,इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुन्दर अग्रवाल ने कहा कि आज नगर पालिका शक्ति द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकता अनुरूप बोर खनन का कार्य एवं सार्वजनिक स्थानों पर भी बोर करवाए जा रहे हैं, तथा शक्ति शहर में पानी की किसी भी प्रकार की समस्या ना रहे, इस हेतु छत्तीसगढ़ की सरकार,स्थानीय विधायक,एवम नगर पालिका अध्यक्ष भी दृण संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं, तथा शक्ति शहर में नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड में हो रहे इस बोर खनन कार्य से इस वर्ष भी ग्रीष्म ऋतु में पानी की उतनी अधिक समस्या नहीं हुई तथा शक्ति शहर में वर्षो से गर्मी के तीन चार महीनों में पानी की पहले काफी दिक्कतें होती थी।

किंतु आज यह समस्या लगभग समाप्त हो चुकी है,इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिथिलेश अवस्थी ने भी कहा कि नगर पालिका द्वारा जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप समय-समय पर वार्डों में विकास के काम तथा जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य किया जा रहा है, वहीं इस दौरान वार्ड क्रमांक- 13 के पार्षद गजाधर यादव नान्हू भांचा ने भी कहा कि वार्ड क्रमांक- 13 शक्ति नगर पालिका क्षेत्र का एक बड़ा वार्ड है, तथा इस वार्ड में पानी की समस्या देखी जाती थी।

जिस पर मोहल्ले वासियों ने बोर खनन की मांग की थी, जिसे आज वे अपनी पार्षद निधि से पूर्ण करने जा रहे हैं, वार्ड क्रमांक- 13 में होने वाले नलकूप खनन को देखते हुए वार्ड वासियों में भी काफी प्रसन्नता देखी गई,तथा वार्ड के नागरिकों ने बताया कि उनके पार्षद नान्हू यादव द्वारा पूरी सक्रियता के साथ अपने दूसरे कार्यकाल में भी वार्ड की जनता के लिए निरंतर ध्यान देकर काम किया जा रहा है,एवं उनकी छोटी-बड़ी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए उनके पार्षद 24 घंटे तत्पर रहते हैं,27 मई को नगर पालिका शक्ति के वार्ड क्रमांक- 13 में हुए बोर खनन कार्य के शुभारंभ अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिथलेश अवस्थी, वार्ड क्रमांक-13 के पार्षद गजाधर यादव, वार्ड क्रमांक- 2 के पार्षद रामजीवन देवांगन, पार्षद पुत्र वार्ड क्रमांक- 12 गोविंद देवांगन, लाला बरेठ, दुकालू देवांगन सहित काफी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे.



## बिजली बंद की सूचना

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बलौदा बाजार**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाईनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।

| क्र. | दिनांक | 33 एवं 11 के.व्ही. फीडर का नाम | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31.05.2022 (मंगलवार) | 33 केव्ही सण्डी फीडर (सण्डी से गाडाभाठा सेक्शन) | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गाडाभाठा | 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र गाडाभाठा से निकलने वाली सभी 11 केव्ही फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 केव्ही भाटागांव फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अर्जुनी | 11 के.व्ही भाटागांव फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 केव्ही ढाबाडीह फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रिसदा | 11 के.व्ही ढाबाडीह फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 2 | 01.06.2022 (बुधवार) | 11 केव्ही करमदा फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र करमदा | 11 के.व्ही करमदा फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 केव्ही कोलयारी फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र करमदा | 11 के.व्ही कोलयारी फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 केव्ही गैंतरा फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र करमदा | 11 के.व्ही गैंतरा फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 3 | 02.06.2022 (गुरुवार) | 11 केव्ही करहीबाजार फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बिटकुली | 11 के.व्ही करहीबाजार फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| 4 | 03.06.2022 (शुक्रवार) | 11 केव्ही पारागांव फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सोनाडीह | 11 के.व्ही पारागांव फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |

पः- 1) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।
2) स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत करें।
3) विद्युत बिल का भुगतान समय पर करे।

(बी. दीवान)
कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ. स्टेट.पॉ.डि कं.लि. बलौदाबाजार

# अमित बघेल ने अल्पसंख्यक जैन समाज के धर्म गुरुओं पर की अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तार करने की मांग

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



25 मई 2022 को आदिवासी समाज के आह्वान पर ग्राम तुएगोंदी, थाना मंगचुवा, जिला बालोद, में आदिवासियों पर हुए हमलों को लेकर बालोद जिला बंद का आह्वान किया गया था, इसी दौरान बालोद में मंच से छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल के द्वारा अल्पसंख्यक एवं अहिंसक जैन समाज के धार्मिक गुरुओं के खिलाफ अभद्र, अनर्गल एवं बहुत ही घटिया शब्दों का प्रयोग करते हुए जैन समाज एवं पूरे हिन्दू समाज का अपमान किया है। सारे विश्व में अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले, आपसी प्रेम ,सद्भाव एवं भाईचारा बढ़ाने वाले, जियो और जीने दो का संदेश देने वाले और जगत के सभी प्राणी मात्र के प्रति करुणा भाव धारण करने वाले जैन मुनियों के बारे में ऐसी धारणा रखने वाले और खुले मंच से उनके प्रति ऐसी घटिया भाषा का प्रयोग करने वाले की मानसिकता का अंदाजा स्वयं लगाया जा सकता है। अमित बघेल जिन्होंने जैन मुनियों के बारे में बहुत ही गंदे -गंदे शब्दों का प्रयोग किया है, यह छत्तीसगढ़ राज्य जो कि आपसी प्रेम और सद्भाव के लिए जाना जाता है, उस के लिए यह अच्छा सूचक नहीं है और यह बयान इस प्रेम सद्भाव के वातावरण में जहर घोलने वाला कृत्य है। छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में इन शब्दों का प्रयोग किसी भी साधु के लिए नहीं किया गया है। यह एक बहुत ही निंदनीय कृत्य है।

अमित बघेल द्वारा ना सिर्फ जैन मुनियों के प्रति अपशब्द कहे गए अपितु समय आने पर इंसानों को तक मारकर जीव बलि देने तक कि बात कही गई जो कि सर्व मानव समाज के लिए अपमानजनक है एवं उनकी यह घिनौनी हरकत उनके सोच को दशाती है। शासन से निवेदन है कि इस विषय को बहुत ही गंभीरता से संज्ञान लेते हुए ऐसे निंदनीय कृत्य करने वालों के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई करे। जैन समाज जो सदा से ही अहिंसक समाज रहा है, ऐसे समाज के खिलाफ अनर्गल शब्दों का प्रयोग करना बहुत ही निंदनीय है।

इस पर छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु पूरे भारत वर्ष में इसकी निंदा की जा रही है। दल्ली राजहरा सकल जैन समाज के लगभग 200 सदस्यों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अनुविभागीय दंडाधिकारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है कि ऐसे कृत्य करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए एवं शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी की जाए। इसी के साथ जिला बालोद के जिलाधीश को भी दल्ली राजहरा सकल जैन समाज के सदस्यों से द्वारा ज्ञापन दिया गया।

कहा गया कि सरकार यदि इस कृत्य को रोकने में विफल होती है या किसी भी कार्यवाही में कोई कमी प्रदर्शित करती है तो सकल जैन समाज, भारतवर्ष एकजुट होकर स्वयं से ही इस विषय का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करेगा।

मांग की गई कि समाज में साम्प्रदायिकता का माहौल बनाने वाले ऐसे असामाजिक व्यक्ति के खिलाफसख्त आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करे!

## शासकीय उचित मूल्य दुकान से चावल एवं शक्कर चोरी करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



**जैजैपुर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी पंचराम मितल उम्र 47 वर्ष निवासी मल्दा थाना हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मल्दा में जय माता महिला स्व सहायता समूह उचित मूल्य की दुकान का संचालन धनसाय यादव के मकान में किया जा रहा है। 26मई के रात्रि लगभग 11.00 बजे देखा कि हमारे गांव के राजेश यादव एवं 01 अन्य व्यक्ति भवन से चावल की बोरी चोरी कर ले जा रहे थे जिसे चिल्लाने पर दोनों दौड़कर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना हसौद में आरोपियों के विरुद्ध अप. अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी राजेश यादव को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपने सहयोगी के साथ मिलकर चोरी करना बताया। जिस पर आरोपी के घर से 03 जूट के बोरी में भरा चावल कुल 01 क्विंटल 20 किलो ग्राम तथा 10 किलो ग्राम शक्कर कुल कीमती 2570 रु को जप्त किया गया। 27मई को प्रकरण के आरोपी राजेश यादव निवासी मल्दा को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहॉ से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में सउनि लखपति प्रधान, प्र.आर. परमानंद धृतलहरे, आर. प्रमोद सोनंत,जयपाल कंवर, घनश्याम टंडन का सराहनीय योगदान रहा।

# मछुआ समाज को राज्यसभा चुनाव में टिकट देने व आरक्षण लागू करने शांति कुमार ने की हाईकमान से मांग

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



राज्य मत्स्य विकास सलाहकार मंडल छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के पूर्व सदस्य डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को पत्र प्रेषित कर राज्यसभा चुनाव में मछुआ समाज के लोगों को पर्याप्त टिकट देने की मांग की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा पिछले वर्ष 23 दिसंबर को गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मछुआ समाज के लोगों को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पर्याप्त टिकट देने की घोषणा का हवाला देते हुए राज्य सभा चुनाव में भी कांग्रेस शासित राज्यों सहित कांग्रेस के गठबंधन शासित राज्यों से मछुआ समाज के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले तथा विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा कौशल का लोहा मनवाने वाले समाज के मूर्धन्य साहित्यकार, संपादक, पत्रकार, वकील, इंजीनियर,समाज सेवी, प्रबुद्धजन, कर्मठ वरिष्ठ व युवा नेता तथा नारी शक्तियों को पर्याप्त टिकट प्रदान किए जाने का आग्रह कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका वाड्रा सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से किया है। इसके अतिरिक्त डॉ.कैवर्त्य ने मछुआ समाज कल्याणार्थ मछुआ आरक्षण ,नई मछुआ पालन नीति लागू करने तथा मछुआ समाज के लोगों के लिए रेत खदान यथाशीघ्र आरक्षित करने की भी आग्रह किया है। इससे उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 2023 तथा लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को फायदा होने की आशा व्यक्त की है।

डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ने छत्तीसगढ़ राज्य से मछुआ समाज के कर्मठ, मिलनसार व असाधारण व्यक्तित्व इंजी. हरिशचंद निषाद, वीरेंद्र कोसरिया, महादेव कटकवार, दुर्गा प्रसाद पारकर, सोनी राम निषाद, श्याम धर बिंद, खेलन सिंह तारक, बद्री प्रसाद पारकर, रवि निर्वाण, मोहनलाल निषाद, सेवक राम तारक, अजीत नाविक, कार्तिक राम कैवर्त, ललित ढीमर, हरि शंकर निषाद, शंकर कहरा, कुशल थान सिंह मटियारा, प्रेमलता भोई, गायत्री कैवर्त्य, लक्ष्मी पंडरिया, गायत्री गायग्वाल, शकुन ढीमर, कन्या ढीमर, देवव्रत आदित्य, गणेश केवट, रवि निषाद, लिछू राम केवट, तुलसी आदित्य, छोटेलाल केवट, जगमोहन ढीमर, संतोष आदित्य, सुखदेव कैवर्त, महेंद्र काशी, सोनू ढीमर आदि में कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा चुनाव में टिकट देने की मांग की है साथ ही कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान से भी राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी से बी एल कश्यप, मोतीलाल मेहरा,गणेश कहार, बिखर सिंह मेहरा, सरला केवट, लोकेश मेहरा, रामफूल मेहरा जैसे राजस्थान मछुआ समाज के कर्मठ हस्तियों में राज्यसभा चुनाव हेतु प्रत्याशी घोषित करने की मांग की है। बता दें कि पिछले छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 में मछुआ समाज के सहयोग समर्थन से 15 वर्षों पश्चात छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है। इस हेतु मुख्यमंत्री ने कुछ विशेष अवसरों पर समाज का आभार भी जताया है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 के पूर्व जून 2018 में ही भूपेश बघेल ने एससी/ एसटी आरक्षण के समान मछुआ समाज को आरक्षण देने की घोषणा की थी। जिसकी सहमति तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भी थी।जिसे अब तक लागू नहीं किया जा सका है।

## संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम कोटगांव में डेढ़ करोड़ से अधिक विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ एवं गुंडरदेही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अर्जुंदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोटगांव में भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गौरव पथ मेन रोड से कोटपाट देवता तक स्वीकृत राशि 78.40 लाख, पाइप लाइन विस्तार स्वीकृत राशि 69.55 लाख, सीसी रोड निर्माण विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने संसदीय सचिव का आत्मीयता से स्वागत किया। इस अवसर सभा को संबोधित करते हुए ग्रामवासियों को कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों और ग्राम के विकास के लिए योजनाओं से अवगत कराया और कहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में निर्माण कार्यों को एक नया आयाम मिला है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा, गुंडरदेही जनपद पंचायत अध्यक्ष सुचित्रा हेमंत साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुंदा संतु राम पटेल, उमाशंकर साहू, मानसिंह देशलहरा, योगेश साहू, सागर साहू, ओम प्रकाश देशमुख, धनीराम कौशल, सरपंच, विजय ठाकुर उपसरपंच, पंचगन, पुष्पा कौमार्य, ग्राम के वरिष्ठ एवं ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित जवाहरलाल नेहरू



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला संगठन प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा जिला कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस के कुशल मार्गदर्शन एवं शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली के नेतृत्व में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर नया बस स्टैंड नेहरू चौक शिवाजी वार्ड में उनकी छाया चित्र में श्रद्धा सुमन से पुष्पमाला अर्पित किया। पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी स्वतंत्र मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष आत्मा सिंह रूपलाल कोसरे जिला उपाध्यक्ष मंजू शर्मा जिला महामंत्री संजय यादव जिला उपाध्यक्ष अभिलाष सिंह ज़िला सचिव याकूब मेमन शहर महामंत्री सूरज यादव जिला सचिव बृजेश सिंह ठाकुर नामदेव बंजारे उपस्थित हुए।

# ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें राहत पहुंचाएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह लगातार जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हो रहे हैं और उनकी समस्याओं को सुनकर नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दे रहे हैं। वहीं चौपाल में कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सिंह ने मुंगेली विकासखंड के ग्राम छटन पहुंचे और ग्रामीणों के बीच बैठकर चौपाल लगाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से राशन, पेंशन, कृषि कार्य के लिए खाद व बीज की उपलब्धता, जल जीवन मिशन के कार्य, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और शिक्षकों की उपस्थिति, मनरेगा मजदूरी भुगतान, बिजली, राजस्व प्रकरण के निराकरण आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा गांव में प्रति माह बिजली बिल रीडिंग नहीं होने की शिकायत मिलने पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को गांव में नियमित बिजली रीडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही गांव में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को भी शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। यात्री प्रतीक्षालय में अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए और उन्होंने ग्रामीणों को भी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण नही करने की समझाईष दी। इसी तरह उन्होंने किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देष दिए। ग्रामीणजन कलेक्टर को अपने बीच पाकर काफी खुश हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, एसडीएम अमित कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मधुलिका सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने रिलायंस हेल्थ गेन पॉलिसी को लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत में निजी क्षेत्र की जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (RGICL) ने सबसे ज्यादा सुविधाजनक और कस्टमाइज करने योग्य हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ङ्क रिलायंस हेल्थ गेन को लॉन्च किया है। यह पॉलिसी ग्राहकों को अपनी जरूरत के अनुसार सुविधाओं का चयन करने और केवल चुनी गई सुविधाओं के लिए भुगतान करके अपनी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार करने का विकल्प प्रदान करती है। RGICL ने विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के साथ-साथ 3 योजनाओं - प्लस, पावर और प्राइम को पेश किया है ताकि, ग्राहक को अपनी जरूरतों के अनुरूप पॉलिसी तैयार करने में सहूलियत मिल सके। रिलायंस जनरल ने आज के जमाने के हर उम्र के ग्राहकों की विशेष और उभरती हुई जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से इस पॉलिसी को लॉन्च किया है। रिलायंस हेल्थ गेन में इस उद्योग जगत की 38 सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं शामिल हैं, जैसे कि दोहरा कवरेज, जिसके तहत एक बार दावा करने पर उपयोग की जाने वाली बीमा राशि की दोगुनी राशि प्रदान की जाती है; संचयी बोनस की गारंटी, जो दावे के बाद संचयी बोनस का नुकसान नहीं होने देता है; या पहले से मौजूद बीमारी के लिए प्रतीक्षा अवधि को 3 वर्ष से घटाकर 2 या 1 वर्ष करने का फायदा। इस तरह के और भी कई फायदों के साथ, इस प्रोडक्ट को आज के जमाने के हेल्थ इंश्योरेंस ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस लॉन्च से बेहद उत्साहित, राकेश जैन, चीफएग्जीक्यूटिव ऑफिसर, RGICL, ने कहा, महामारी के बाद लोगों के बीच हेल्थ इंश्योरेंस को अपनाने के विचार में तेजी आई है।

# नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म, फरार आरोपी सोनू ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक अभिरक्षा में

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। 08जन.22 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिग लड़की 07जन.22 के सुबह 11.00 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की आशंका पर प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण नाबालिग बालिका से संबंधित होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सायबर सेल से तकनीकी सहायता एकत्र कर थाना से टीम तैयार कर अपहता का सतत रूप से पता तलाश किया गया।विवेचना के दौरान साईबर सेल की मदद से पीडिता को आरोपी के कब्जे से गोरगम्मा थाना सीहापुर पटौरी समस्तीपुर बिहार से 25मई को बरामद किया गया। पीड़िता बालिका द्वारा अपने कथन में आरोपी द्वारा उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करना बताई जिस पर प्रकरण में पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार करने एवं आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी सोनू ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी गोरगम्मा समस्तीपुर बिहार को 26मई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक कमल किशोर महतो, थाना प्रभारी बम्हनीडीह, सउनि भोलेनाथ तिवारी, प्र.आर. यशवंत वर्मा, आर. दिनेश महंत, लक्ष्मीनारायण कश्यप, पुनेश्वर आजाद, अमीर पैकरा, पवन भारद्वाज एवं महिला आरक्षक रूबी आश्मीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर ने किया ग्राम छटन में गौठान, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शासकीय उचित मूल्य की दुकान और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुंगेली विकासखंड के ग्राम छटन में सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान का निरीक्षण कर आजीविकामूलक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि उनके द्वारा बाड़ी में सब्जी उत्पादन, गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और तालाब में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने उनके कार्यों की सराहना की औंर आिर्थक समृद्धि के लिए महिलाओं को अधिक से अधिक आजीविकामूलक गतिविधियों में जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गौठान के चारागाह में हरा चारा लगाने और मुर्गी शेड, बकरी शेड और मशरूम शेड हेतु कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ सिंह ने ग्राम छटन में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, शासकीय उचित मूल्य की दुकान और आंगनबाड़ी केंद्र आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस में स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने षासकीय उचित मूल्य की दुकान में संधारित पंजियों का अवलोकन किया और राषन की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नियमित पोषण आहार देने के निर्देष दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, एसडीएम मुंगेली अमित कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मधुलिका सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# एम.आर.एस. मिनरल्स की जमिन हेराफेरी मामले पर प्रशासन क्यों नहीं कर रही जाँच?

पायनियर संवाददाता < बाराद्वार
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत डूमरपारा में एम.आर.एस. मिनरल्स नामक एक नया ेशर व डोलोमाइट खदान शुरू होने जा रहा है। एम.आर.एस. मिनरल्स द्वारा खदान के लिए जमीन खसरा मांक 2333/8 व 2333/9 की जमीन खरीदी की गई है। जिस जमीन को खदान मालिक 2333/8 व 2333/9 समझकर खरीदा गया। उस जमीन पर सैकड़ों नग सागौन के पेड़ लगे हुए हैं। स्वाभाविक है जमीन खरीदी बि ी के समय खरीददार ने उन पेड़ों को देखकर उक्त जमीन की खरीदी की है। और उसी जगह को 2333/8 व 2333/9 खरीददार द्वारा समझा गया होगा। खरीदी-बिक्री के समय जब उक्त जमीन 2333/8 व 2333/9 पर जब बड़े बड़े सागौन के पेड़ लगे हुए थे। फिर उस जमीन को कृषि भूमि किस आधार पर बताकर जमीन की खरीदी बिक्री की गई? एक बड़े झाड़ की जमीन को कृषि भूमि बताकर शासन को धोखे में रखकर स्टाम्प ड्यूटी में सेंधमारी करने का काम जमीन खरीदी बिक्री में किया गया है। जिस जमीन को एम.आर.एस. मिनरल्स अपना बता रही है उस जमीन को वन विभाग अपना बताते हुए उस पर दावा भी कर रही है कि जिस जगह को एम.आर.एस. मिनरल्स 2333/8 व 2333/ 9 बताकर अपना दावा कर रही है वह वन विभाग की जमीन है जिसमें वन विभाग द्वारा सैकड़ों नग सागौन लगाए गए हैं। लीज के नाम पर सरकारी जमीन का दोहन करने इस तरह हो रहा गोलमाल ग्राम पंचायत डूमरपारा में स्थित जमीन 2333/8 व 2333/9 का 25/11/1949 को हुए लेनदेन के हिसाब से 11 एकड़ भूमी को हरिराम/ सागरमल केडिया ने मंशाराम/सखाराम से खरीदा। उक्त भूमि का साल 2006 में हुए सीमांकन रिपोर्ट के अनुसार भूमि स्वामी ओमप्रकाश केडिया ने उक्त भूमि 2333/8 व 2333/9 में कृषि करना स्वीकार किया है। उप तहसील बाराद्वार के द्वारा दिनांक 21/04/ 2006 के रिपोर्ट में यह आवेदन संकलित है। जबकि उसी जमीन पर वन विभाग 2002 से सागौन पेड़ रोपे जाने की जानकारी प्रदान कर रहा है। इस तरह खदान लीज के नाम पर सरकारी जमीन का बंदरबांट करने का खेल खेला जा रहा है। राजस्व विभाग के एक सीमांकन रिपोर्ट के अनुसार उक्त जमीन के 1.98 एकड़ में अवैध उत्खनन होना भी पाया गया है।

## शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर की होगी संविदा भर्ती

**मुंगेली।** जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल मुंगेली, लोरमी और पथरिया में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय (व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, संवर्ग, सहायक ग्रेड - 03) पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी। जिसके लिए आनलाईन आवेदन मंगाए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत प्रारंभिक पात्र-अपात्र की सूची जारी कर 17 मई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए थे। तत्पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों के निराकरण उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। जिसका अवलोकन जिला शिक्षा कार्यालय के सूचना पटल अथवा जिले के वेबसाईट ॣउनदहमसप.हवअ.पद पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों पर चयन हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक ग्रेड- 03 की परीक्षा में सामान्य ज्ञान, तर्क शक्ति और कंप्यूटर संबंधी 50 प्रश्न पूछे जायेंगे।


**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों को जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार(रों) का नाम रायपुर शाखा | प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया राशि (रू.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री अवधेश कुमार और श्रीमती अंजनी शुक्ला (प्रॉस्पेक्ट नंबर 813239) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 226, क्षेत्रफल परिमाप 530 वर्ग फीट (सुपर बिल्ट अप एरिया), ब्लॉक-ए, इंद्रप्रस्थ रायपुरा योजना फेज-।।, रायपुरा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | रू. 3,66,502.00/- (रूपए तीन लाख छियासठ हजार पांच सौ दो मात्र) | 13-01-2022 | 23-05-2022 |
| श्री गुलाब कीमतानी, श्रीमती ऋचा कीमतानी (प्रॉस्पेक्ट नंबर 856861) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : रायपुर विकास प्राधिकरण, परिमाप 304 वर्ग फीट, नगर विकास योजना-04, इंद्रप्रस्थ रायपुरा योजना फेज-।।, ईडब्ल्यूएस 1 बीएचके, सामान्य संवर्ग, ब्लॉक नंबर सी, फ्लैट नंबर 817, आठवां तल, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत | रू. 3,51,196/- (रूपए तीन लाख इक्यावन हजार एक सौ छियानवे मात्र) | 05-07-2021 | 23-05-2022 |
| श्री विश्वजीत कुमार और श्रीमती शारिका सिंह (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल10101356) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : केएच नंबर 475/122/के, क्षेत्रफल परिमाप 750 वर्ग फीट, का पार्ट, मोवा, पीएच नंबर 109, आरएनएम रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत | रू. 12,89,626.00/- (रूपए बारह लाख नवासी हजार छह सौ छब्बीस मात्र) | 23-02-2022 | 23-05-2022 |

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा।
स्थान : रायपुर तिथि : 29-05-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. /अ-6/2021-22
ग्राम-टेमरी प.ह.नं. 49

ग्राम टेमरी के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार आ. स्व. विजय जाति तेली निवासी टेमरी तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम टेमरी हल्का नं. 49 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 8/1, 31/2, 202/1, 211/3 कुल रकबा क्रमशः 0.442, 0.356, 0.295, कुल रकबा 1.096 हे. एकड़/हेक्टे. भूमि की फौती दर्ज हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार कि कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 06.06.2022 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
मुंगेली



**न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202205200800003/अ-6/2021-22
ग्राम-सोनाबाल, तहसील-कोण्डागांव

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगुराम कोर्राम पिता पाकलू, जाति-गांडा, निवासी ग्राम-सोनाबाल, तहसील व जिला कोण्डागांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक के भाई मिलन पिता पाकलू के नाम से ग्राम सोनाबाल, प.ह.नं.-36 सोनाबाल, रा.नि.मं.-मर्दापाल, तहसील कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 313/3, 356/15 खसरा नंबर योग 02 कुल रकबा 0.3240 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के भाई मिलन पिता पाकलू की मृत्यु दिनांक 03.02.2021 को हो चुकी है। मिलन की पत्नी सुमित्रा कोर्राम की भी मृत्यु दिनांक 20.12.2018 को हो चुकी है। मिलन एवं सुमित्रा दोनों निःसंतान थे। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि से फौती नाम खारिज कर स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना आधार कार्ड मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बी-1 सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पर यदि किसी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना है तो वह अपना दावा या आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 19.05.2022 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
मर्दापाल, जिला-कोण्डागांव



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग नारायणपुर संभाग नारायणपुर (छ.ग.)**

// निविदा सूचना प्रकाशन //

क्रमांक1328/N.I.T. No.-03/व.ले.लि./2022-23 नारायणपुर, दिनांक 01/02/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी वर्ग ''द'' से ''अ'' तक पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 04.06.2022 सायं 5.30 बजे तक

ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 13.06.2022 सायं 5.30 बजे तक (रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट द्वारा)

निविदा खोलने की तिथि :- 14.06.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे

| नि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत निविदा प्रपत्र की राशि | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| T0001 | कार्यालय पुलिस अधीक्षक एवं कैम्प कार्यालय का मरम्मत कार्य (प्रथम आमंत्रण) | 2.00<br>750.00 | 1500.00 | 02 माह |

शर्तेः- निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in मे Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग
नारायणपुर

G- 91574/2

# चिखली चौकी प्रभारी पर एसडीओ को बचाने का आरोप, दोनों की बर्खास्तगी की मांग

## सड़क दुर्घटना के मृतक के परिजन और सिंधी समाज ने लगाए गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पीएस दीवान और चिखली पुलिस चौकी प्रभारी शक्ति सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। 23 मई नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटनामें जान गंवाने वाले यश चौथवानी के परिजन और सिंधी समाज ने सामने आकर पुलिस अधिकारी पर आरोपी एसडीओ की मदद करने और उसे बचाने का गंभीर आरोप लगाया है।

शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान मृतक यश के पिता अनिल चौथवानी ने कहा कि, यह दुर्घटना नहीं हत्या है। इसमें वाहन चलाते हुए दुर्घटना कारित करने वाले न सिर्फ एसडीओ दीवान दोषी हैं बल्कि मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि, दुर्घटना स्थल पर जब यश गंभीर रुप से घायल था तब वहां पहुंचे पुलिस अधिकारी ने उसे सड़क पर तड़पता छोड़कर आरोपी को बचाने की कवायदों में जुट गए।

यहां मौजूद सिंधी समाज ने कहा कि, एक आरोपी को बचाने की कोशिश में एक युवा को जल्द ईलाज मुहैया नहीं कराया जा सका। नतीजतन अस्पताल में उसकी मौत हो गई। अगर, समय पर उसे मदद मिल जाती तो एक युवा की जान नहीं जाती। इस मामले में सीधे तौर पर पुलिस की लापरवाही उजागर होती है। उन्होंने एक घायल की जान बचाने की बजाए एक परिचित अधिकारी को बचाने को प्राथमिकता दी।




इस पूरे मामले में आरोपी एसडीओ पीएस दीवान के खिलाफ दर्ज मामले में धारा 304 ए की बजाए धारा 304 जोड़नेऔर प्रशासनिक पद से बर्खास्तगी की मांग की गई है। वहीं चिखली पुलिस चौकी प्रभारी शक्ति सिंह के खिलाफ भी आरोपी को बचाने और इरादतन घायल को समय पर मदद न मुहैया कराने का आरोप लगाते हुए उन्हें भी पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की गई है।

समाज ने एसडीओ को कथित रूप से बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते चिखली पुलिस चौकी शक्ति सिंह को भी पद से हटाने और विभागीय जांच की मांग की है। यश चौथवानी की मौत के लिए समाज एसडीओ को सीधे जिम्मेदार मान रहा है। समाज का कहना है कि एसडीओ ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते यश चौथवानी को रौंद दिया और हादसे के बाद फरार हो गया। यश चौथवानी के पिता अनिल चौथवानी ने सामाजिक प्रमुखों के साथ प्रेस से चर्चा करते आरोप लगाया कि किसी भी तरह से एसडीओ ने मानवता का परिचय नहीं दिया।

**मुचलके पर छुटे और अब छुट्टी मना रहे :** आरोपी पीएस दीवान को पुलिस ने भिलाई से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें थाने से ही मुचलके पर जमानत भी मिल गई। गंभीर सड़क दुर्घटना के आरोपी को मिली ये सहूलियतें जख्मों को कुरेदने के बराबर है। सारे घटनाक्रम के बीच उन्हें सहूलियतें ही मिलती रही। मुचलके पर छुटने के बाद अब वे छुट्टियां मना रहे हैं। इधर, परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

**क्या है मामला :** 23 मई की सुबह दुर्ग की ओर से तेज गति से आ रही बोलेरो ने सड़क पर किनारे मोपेड पर चल रहे यश चौथवानी को पीछे से ठोकर मार दी। इसके बाद बोलेरो पास ही मौजूद शोरुम में ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी। यश को सिर पर गंभीर चोट आई। पुलिस को सूचना मिली तो दल बल मौके पर पहुंचा। यहां गंभीर स्थिति में यश तड़पता रहा। मौके पर उसे मदद मुहैया कराने की बजाए चिखली पुलिस चौकी प्रभारी शक्ति सिंह आरोपी दीवान को अपने साथ गाड़ी में बिठाकर ले गए। कुछ देर बाद यश को अप्तताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में जमानतीय धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

**पिता की मार्मिक अपील :** मृतक यश के पिता अपने होनहार बेटे की मौत से टूट गए हैं। वे न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने एक और जरुरी अपील लोगों से की है। उन्होंने कहा कि, किसी भी दुर्घटना के बाद लोग विडियोग्राफी करने में व्यस्त हो जाते हैं बजाए इसके की पीड़ित को मदद मुहैया कराई जाए। 108, 112 को फोन लगाने की जिम्मेदारी लोग एक दूसरे पर टालते रहते हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि, ऐसी किसी भी दुर्घटना पर लोग सबसे पहले घायलों को मदद मुहैया कराएं। हो सकता है कि, समय पर ईलाज मिलने से किसी की जान बच जाए।

# मांगों को लेकर डटे हुए हैं मनरेगा कर्मी, रैली में 'कका अभी जिंदा है' के नारे लगे

## नियमितीकरण और वेतनमान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मनरेगा कर्मियों ने दो सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकाली। कर्मियों ने शनिवार को जिला कार्यालय के सामने एकत्रित होकर रैली निकालकर 'कका अभी जिंदा है, कका हमर मांग ल पूरा करही' का नारा लगाते ईमाम चौक, मानव मंदिर चौक, गुरूनानक चौक होते हुए सर्विस लेन से जिला कार्यालय में रैली का समापन किया। रैली में महिलाएं समेत पुरूष कर्मी शामिल थे।

मनरेगा कर्मियों ने छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले रैली निकालकर कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजनांतर्गत कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम रोजगार सहायकों (मनरेगा कर्मियों) द्वारा विगत 16 वर्षों से निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से मनरेगा कर्मियों की निरंतर नियमितीकरण सहित अन्य मांगे रही है, किन्तु शासन द्वारा हमारी मांगो पर आज पर्यन्त तक कोई विचार नहीं किया गया है। कोविड महामारी के दौरान कई मनरेगा कर्मियों की मृत्यु हुई, उसके पश्चात् भी मनरेगा के कार्य लॉकडाउन अवधि में भी पूर्ण लगन से संचालित किया गया था।

आकस्मिक वित्तीय राशि से हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा में कार्यरत मनरेगा कर्मियों को नियमित कर दिया गया है। वर्तमान में पंजाब सरकार द्वारा संविदा-मनरेगा कर्मियों को नियमित करने का घोषणा कर दिया गया है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी इनके स्थायीकरण के लिए कोई बड़ी राशि का अतिरिक्त बजट भार छग शासन को नहीं आएगी, परन्तु छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस सरकार आने के तीन वर्षों से अधिक समय होने के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी के जनघोषणा पत्र के अनुसार मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण संबंधी मांग आज पर्यन्त तक लंबित है। मनरेगा कर्मियों ने बताया कि 4 अप्रैल से छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के सभी 28 जिलों के समस्त मनरेगा कर्मी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर निरंतर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

# महिला का ग्राम से बहिष्कार, पुलिस से शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के करीब ग्राम बांकल की एक महिला ने ग्रामीणों पर गांव से बहिष्कृत करने का आरोप लगाया है। अनुसूचित जाति वर्ग की महिला ने इसकी शिकायत अजाक थाने में की है। महिला का आरोप है कि पहले तो उसके आवासनिर्माण को कुछ ग्रामीणों ने बंद करवा दिया और बाद में गांव की बैठक में उस पर जुमार्ना लगाते हुए बहिष्कृत करने का फैसला सुना दिया। इस मामले की शुरुआत आवास निर्माण से शुरु होना बताया जा रहा है। महिला ने बताया कि, ग्राम के ही एक व्यक्ति ने उसे घर बनाने की लिए जमीन दी है। उसने जब इसमें निर्माण शुरु करवाया तो कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और यहां कॉलम के लिए किए गए गढ्डों को पाट दिया गया। निर्माण सामग्री भी फेंक दी गई। इसके बाद गांव की बैठक में उस पर तीन हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। वहीं फैसला सुनाते हुए उसके किसी भी कार्य में व अन्य किसी भी तरह का सहयोग ग्रामीणों द्वारा नहीं किए जाने का फरमान सुना दिया गया। पीड़िता ने कहा कि इसके बाद से ही वह काफी परेशान है। महिला ने बताया कि उसकी रबी फसल पक चुकी है लेकिन कोई भी मजदूर फसल काटने नहीं आ रहा। उसने आरोप लगाया कि जब मैंनें बाहर से हार्वेस्टर बुलवाकर फसल कटवाने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने उसे भी खेत से भगा दिया। महिला ने ग्राम के दयाराम साहू, मोहनपाल, रामगुलाल सिन्हा, हवन सिन्हा, पोखराज पाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# सहकारी बैंक का टोकन काउंटर हटाने ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

नए बस स्टैंड मे जिला सहकारी बैंकका टोकन काऊंटर हटाने की मांग को लेकर स्टैंड मुंशी संघ ने एसडीएम टंकेश्वर साहू को ज्ञापन सौंपा। मुंशी संघ के मंजीत सिंह, दीपक यादव, होरी पटेल, ऋषि सिंह, अनिल श्रीवास्तव, मणिंद्र सिंह बैस, सुजीत सारथी, रवि मेश्राम, महेश यदु, उमेश सारथी, घनश्याम सिंह, धर्मेंद्र पटेल, अजय देवांगन, आशीष मेश्राम सहित अन्य ने एसडीएम को बताया कि कोरोना काल के चलते सोशल डिस्टेटिंग के नाम पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को नपा द्वारा निर्मित यात्री



प्रतीक्षालय दिया गया था। उन्होंने बताया कि यहां से बैंक कर्मचारी बोनस या अन्य किसी प्रकार की राशि आहरण से पहले टोकन लेने आते थे। लेकिन अभी भी उसी व्यवस्था के चलते बस स्टैंड मे यात्री बसो के स्टापेज की समस्या खड़ी हो गई है, दूर दराज के किसान दुपहिया वाहन में आते है और बैंक प्रबंधन के पार्किंग स्टैंड की जगह प्रतीक्षालय के सामने अस्त व्यस्त तरीके के वाहन खड़ी कर देते है। इस वजह से बसो का स्टापेज प्रभावित हो रहा।यात्री बसों मे सवारी के लिए आने वाले छोटे छोटे बच्चो और महिलाओ को भीड़ के कारण दुकानो की छांव मे शरण लेना पड़ रहा है। मुंशी संघ के सदस्यो ने बताया कि भीड़ के कारण बसों को साइड करने के दौरान दुर्घटना के डर से अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। प्रतीक्षालय के अंदर पेयजल व्यवस्था होने के कारण महिलाए भीड़ की वजह से नहीं जा पाती और बस की प्रतीक्षा मे समय काटना दूभर हो जाता है। संघ ने एसडीएम से टोकन काऊंटर के अन्यत्र व्यवस्थापन की मांग करते हुए कहा कि प्रतीक्षालय का उपयोग मात्र यात्री सुविधाओ के लिए किया जाना बेहतर होगा। संघ की मांग पर एसडीएम ने कारवाई का आश्वासन दिया है।

# सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बुंदेलीकला के सीसी रोड का भूमिपूजन क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू के मुख्य उपस्थित में विधायक निधि मद से बनाए जा रहे सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि पूर्व में विधायक श्री बघेल द्वारा सीसी रोड का घोषणा किया गया था। उपस्थित सभी लोगों ने विधायक भुनेश्वर बघेल का धन्यवाद किये। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि गांव की जो समस्या है, सबके सहयोग से प्राथमिकता के तौर पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान जनपद सदस्य गीतालाल वर्मा, सरपंच खिलेश्वरी साहू, अजय वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि, सचिव, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शक्ति केंद्र के बूथों में ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

भाजपा के अपना बूथ सबसे मजबूत और कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार योजना के तहत प्रत्येक मंडल में जिले के प्रत्येक भाजपा मंडल पदाधिकारी विस्तारक के रूप में दूसरे विधानसभा के भाजपा मंडल के शक्ति केंद्रों के सभी बूथों में जाकर अपना बूथ सबसे मजबूत बनाने के योजना का क्रियान्वन कर रहे हैं। इसके तहत भाजपा मंडल छुरिया के जिला भाजपा सदस्य अजय पटेल व जिला भाजपा किसान मोर्चा के प्रवक्ता मनभावन उइके को डोगरगांव विधानसभा के एलबी नगर मंडल के शक्ति केन्द्र



विस्तारक की जिम्मेदारी मिली है। पेंड्री शक्ति केंद्र के विस्तारक अजय पटेल व पुरैना शक्ति केंद्र के विस्तारक मनभावन उइके बीते दिनों पुरैना पेंड्री शक्ति केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के अपना बूथ सबसे मजबूत के मूल मंत्र को स्थानीय कार्यकर्ता-पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ अध्यक्षों के साथ साझा किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं मे पेंड्री शक्ति केंद्र के गैंदलाल तेंदुलकर, तिजऊ राम वर्मा, देवनारायण वर्मा, रतिराम लोधी, चंद्रेश विश्वकर्मा। उनके अलावा पुरैना शक्ति केंद्र के पूर्व सरपंच फागू वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष बिशेसर राम, अनूप पटेल, कृष्णा वर्मा, श्रीराम, रामगोपाल, बालकृष्ण लोधी, हजारी लोधी, नंदू वर्मा, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# नामांतरण, बंटाकन, फौती कार्य को पूर्ववत रखने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 08 के जिला पंचायत सदस्य व संचार सकर्म विभाग के सभापति अशोक देवांगन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए मांग रख है कि नामांतरण, बंटवारा ( बंटाकन ) व फौती कार्य को पूर्व की भांति ग्राम पंचायतों को ग्रामीण कृषकों की सुविधा के लिए अधिकृत कराए जाने हेतु निर्देशित करें।

देवांगन ने आगे कहा कि नामांतरण, बँटवारा ( बँटाकन ), फौती इत्यादी का कार्य पूर्व में ग्राम



पंचायत द्वह्य संपादित किए जा रहे थे। नामांतरण, बंटवारा, फौती का कार्य वर्तमान में तहसीलदार द्वारा संपादित किए जाने से स्थानीय ग्रामीण किसानों को तहसीलदार कार्यालय में जाकर काफी भटकना पड़ता। इससे उन्हें असुविधा भी हो रही है। मानवीय आधार पर किसानों की सुविधा को देखते हुए यह कार्य पूर्व की तरह ग्राम पंचायत में सरलता व शीघ्रतापूर्वक सम्पादित किए जा सकते हैं।

# हायर सेकेंडरी की पढ़ाई में नहीं आएगी मुश्किल, वहीं मिलेगा दाखिला

- विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए अनावश्यक परेशानी न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय विद्यालयों में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्रों को उन्हीं विद्यालय में कक्षा 12वीं तक अध्ययन करने के लिए निरंतरता प्रदान की गई है। निजी विद्यालय इस आदेश के परिपालन में विद्यार्थियों के नाम आगामी कक्षा में दर्ज करेंगे। शासन द्वारा विभिन्न शालाओं में प्रवेश कराए गए विद्यार्थियों के शुल्क की प्रतिपूर्ति प्रतिवर्ष एकमुश्त अधिकतम 15 हजार रूपए एवं प्रति छात्र 1 हजार रूपए शिक्षण सामग्री देय होगी। निजी शालाओं में कक्षा 9वीं में प्रवेशित छात्रों को शासकीय शालाओं के समान गणवेश एवं गणवेश अनुदान की पात्रता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि नवीन शिक्षा सत्र 24 जून 2022 से प्रारंभ हो रहा है। जिन अशासकीय विद्यालयों में हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्तर की कक्षाएं संचालित नहीं है, उनके विद्यार्थियों को निकटतम शासकीय या अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए पालकों से विकल्प प्राप्त कर संबंधित नोडल अधिकारी, निजी शाला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी को प्रवेश के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर ने बताया कि कक्षा 9वीं अध्ययन निरंतरता के लिए जारी सूची का अवलोकन वेबसाईट में भी किया जा सकता है। संबंधित नोडल अधिकारियों को कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए संबंधित विद्यार्थियों की टीसी पूर्व शाला से सीधे अध्ययन निरंतरता हेतु आबंटित नवीन शाला में स्थानांतरित करने, पालकों को नवीन आबंटित शाला में प्रवेश हेतु मार्गदर्शन देने तथा विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए अनावश्यक परेशानी न हो यह सुनिश्चित करने कहा गया है।

## डीएमएफ मद से जिला अस्पताल मे रेडियोलॉजिस्ट, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं पैथोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई

# जिला अस्पताल में सौ से ज्यादा टेस्ट की सुविधा, जल्द डायलिसिस शुरु करने की कोशिश जारी

- 100 बेड्स के लिए ऑक्सीजन पाईपलाइन के साथ ही दो ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय बसंतपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया गया है। जिला प्रशासन की पहल से डीएमएफ मद से जिला अस्पताल मे रेडियोलॉजिस्ट, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं पैथोलॉजिस्ट की नियुक्ति की गई है। वहीं शासन द्वारा हमर लैब की स्थापना जिला अस्पताल के उन्नयन की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता रही है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर हमर लैब की स्थापना कर जिले के मरीजों को 100 से ज्यादा पैथोलोजी जांच की सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा हमार लैब हेतु विशेष उपकरण स्थानीय स्तर से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

शासन के निर्देशानुसार जिला अस्पताल बसंतपुर में 6 वर्ष तक शासकीय मेडिकल कॉलेज संचालन के बाद मेडिकल कॉलेज का पेण्ड्री में नवीन भवन बनने के बाद विगत अगस्त 2021 को नए भवन मे स्थानांतरण के बाद जिला अस्पताल में आधारभूत सुविधाओं में कमी को महसूस करते हुए कलेक्टर श्री सिन्हा की पहल पर जिला अस्पताल के उन्नयन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला अस्पताल के पुराने जर्जर भवन का स्थानीय मद



से मरम्मत कराकर रंगरोगन करने के साथ-साथ मरीजों एवं आंगन्तुकों के मध्य जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आकर्षक प्रचार प्रसार सामग्री चस्पा करने के साथ सभी वार्डों के खिड़कियों में मच्छरदानी जाली लगाने, बेड्स एवं उपकरणों की पॉलिश करने का कार्य किया जा रहा है। ओटी, लेबर रूम, लैब, वार्ड, कॉरिडोर का मरम्मत एवं रंग रोगन किया गया। शौचालय निर्माण के साथ मरीजों के सेवाओं में विस्तार करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया गया।

### कोविड को लेकर भी तैयारियां पुख्ता

इसी कड़ी में कोविड-19 के तीसरे लहर को ध्यान में रखकर जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र मे 100 बेड्स के लिए ऑक्सीजन पाईपलाइन लगाने के साथ अस्पताल परिसर मे 800 एलपीएम एवं 1000 एलपीएम के दो ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना भी की गई है तथा उच्च क्षमता 500 केवीए का जेनरेटर सेट लगाने का काम किया गया है। जिससे कोविड-19 की विपरीत परिस्थिति में जिले के मरीजों को उपचार हेतु ऑक्सीजन की कमी नहीं हो। जिला अस्पताल के पुराने भवन में भी अतिरिक्त 100 बिस्तर पर ऑक्सीजन पाईपलाइन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

### डॉक्टरों की नियुक्ति से मिली राहत

जिला अस्पताल के उन्नयन की कड़ी में एक कदम और बढ़ते हुए जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से जिला अस्पताल में एक रेडियोलॉजिस्ट, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं पैथोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार किया गया है। जिला अस्पताल में रेडियोलोजी सोनोग्राफी सेवाएं बाधित रहने से मरीजों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता रहा है। इस बात को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी कर चिकित्सकों की उपलब्धता की गई है। जिससे यह सेवाएं स्थानीय मरीजों को उपलब्ध हो रही हैं।

### डायलिसिस भी हो सकेगा

शीघ्र ही जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट की स्थापना हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गई है एवं आगामी महीनों में जिले में किडनी के मरीजों के निःशुल्क डायलिसिस सेवाएं भी प्रारंभ कर ली जाएंगी। जिला अस्पताल को ई - अस्पताल बनाने के दिशा में भी कार्य प्रगति पर है एवं आने वाले मे समय में जिला अस्पताल में समस्त कम्प्यूटर का लिंक बनाकर सभी कार्य ऑनलाईन माध्यम से संचालित की जा सकेंगी और हाथ से लिखे पर्ची और अन्य सभी रिपोर्ट प्रिंटेड रूप मे प्रदाय किए जा सकेंगे।

# एसईसीएल में 46वीं त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक, सून्य क्षति लक्ष्य प्राप्ति का आव्हान






पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

एस ई सी एल में 46वीं त्रिपीक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक मलय टिकादार, डीडीजी, नागपुर एवं हैदराबाद जोन के मुख्य आतिथ्य व डॉ पी एस मिश्रा सीएमडी एसईसीएल के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। निदेशक तकनीकी संचालन सह कार्मिक मनोज प्रसाद एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एस के पॉल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सीएमडी एसईसीएल ने मिशन नाचिकेता के जरिए कंपनी के कार्यबल का बेहतर नॉलेज, ट्रेनिंग तथा निरंतर अपडेट करने की दिशा में कार्य करने का मूल मंत्र दिया। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा - एसईसीएल में शून्य क्षति लक्ष्य प्राप्त करना हमारी सामुहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जो भी आवश्यकताएँ होंगी उसे पूरा करने का आश्वासन उन्होने दिया। सदन से प्राप्त सुझावों को अमल लाने की बात कही। क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में उत्पादकता के साथ सुरक्षित वातावरण एवं सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करें। उत्पादन के बढते लक्ष्य के साथ नई टेक्नॉलॉजी को भी अपनाना है तथा सर्वोपरि रूप से हमें सुरक्षित कार्यस्थल की उपलब्धता सुनिश्चित करनी है साथ ही साथ सुरक्षित रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक साधन, सुविधाएं, प्रशिक्षण व कार्यप्रणाली का ज्ञान सुनिश्चित करना है। बैठक में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति के सदस्य आनदं मिश्रा (एचएमएस), बी. धर्माराव (एटक), कमलेश शर्मा (इंटक), इंद्रदेव चैहान (सीटू), संजय सिंह (बीएसएस), जी एस प्रसाद (सीएमओएआई) ने खान सुरक्षा मानकों तथा संबंधित विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक में देव कुमार, निदेशक खान सुरक्षा बिलासपुर, वीर प्रताप निदेशक खान सुरक्षा रायगढ़, अशोक कुमार निदेशक खान सुरक्षा जबलपुर, विकास गोविन्द राम मेशराम, निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), उमेश क कुमार साहू, उप निदेशक खान सुरक्षा (यांत्रिकी), अनिल टोप्पो, उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), एस पुट्टूराजू, निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), बीपी सिंह निदेशक खान सुरक्षा, एन जी फूले निदेशक खान सुरक्षा (यांत्रिकी, एस भाईसारे निदेशक खान सुरक्षा (यांत्रिकी), आर टी मानडेकर निदेशक खान सुरक्षा, नितिन कमलाकर राऊत उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), सिंधु कुमार उपाध्याय, उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत), विजय भास्कर उप निदेशक खान सुरक्षा (विद्युत) सहित क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक (का/प्रशा) ए के सक्सेना सहित विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। बैठक में श्रमशक्ति, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, प्रशिक्षण, सुरक्षा संबंधी जागरूकता में बढ़ोत्तरी, खान निरीक्षण सहित खान सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक का शुभारंभ सुरक्षा दीप प्रज्जवलन से शुरू हुआ उपरांत पिछली बैठक से लेकर इस बैठक के दरमियान कोयला उत्पादन में लगे उन श्रमवीरों जिन्होंने वीरगति को प्राप्त किया उन्हें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में कोलइण्डिया कारपोरेट गीत पश्चात समस्त उपस्थितों द्वारा सुरक्षा शपथ लिया गया। बैठक में सभी आगन्तुकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। स्वागत सम्बोधन ए के तिवारी महाप्रबंधक (खान सुरक्षा/बचाव) ने देते हुए सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में पावरप्वाईंट के माध्यम से सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

# जांजगीर-चांपा नहर निर्माण कार्य में लापरवाही अभी से उखड रही नहर

## जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत, ठेकेदार कर रहा घटिया निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सोंठी में सिंचाई विभाग द्वारा किसानों के खेतों तक पानी पहुचाने के लिए 26 सौ मीटर लंबाई के नहर निर्माण की औपचारिकता निभाई जा रही है डेढ़ करोड़ इस प्रोजेक्ट में बंदरबाट का संदेह झलक रहा है एक तरफ नहर में सीमेंट का प्लास्टर किया जा रहा है तो वही दूसरी तरफ खराब मटेरियल की वजह से नहर उखड़ने लगी है नहर निर्माण में शुरुआत से ही ठेकदार द्वारा लापरवाही की जा रही है कम लागत में काम पूरा करने वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नही किया गया है जिसके चलते नहर का प्लास्टर जगह जगह से उखड़ने लगी है सीमेंट और रेत बिखरे नजर आ रहे है वही सम्बंधित अधिकारियो को किसानों के हित से कोई लेना देना नही है ।

**एसडीओ ने कहा शत प्रतिशत सही, अब खुल रही है पोल**

सोंठी नहर निर्माण में अनिमितता की पोल खुल रही है जगह जगह से सीमेंट का प्लास्टर उखड़ने लगा है इस मामले पर जब कुछ दिन पहले सम्बन्धित विभाग के एसडीओ शशांक सिंह से बात की गई थी तो उन्होंने उल्टा ठेकदार का पक्ष रखते हुए कार्य मे शत प्रतिशत गुणवत्ता की बात कही गई थी अब अनिमितता की पोल धीरे धीरे खुल रही है जगह जगह प्लाटर उखड़ने लगे है एवम दरारे पड़ रही है प्रशासन के करोड़ो रूपये का बंदरबाट और दुरुपयोग किस प्रकार किया जाता है इसका अंदाजा ग्रामीण इस कार्य से लगा रहे है।



**ठेकदार. इंजीनयर गायब मुंशी करा रहा करोड़ो का काम**

डेढ़ करोड़ के नहर निर्माण का कार्यभार मुंशी को सौपी गई है जब किसी बड़े साहब का दौरा होता है तो इंजीनियर और ठेकेदार को सम्पर्क कर बुलाया जाता है बाकी समय इंजीनियर अपने घर से ड्यूटी कर लेते है कार्यस्थल से हमेशा नदारद नजर आते है मीडिया कर्मियों का फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते है।

> - नहर निर्माण का कार्य सही तरीके से नहीं हो रहा है भविष्य में किसानो को समस्या हो सकती है।
>
> **पुष्पा देवी सूर्यवंशी**
> सरपंच ग्राम पंचायत सोंठी

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन ने किया संवेदना राशि का सहयोग



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन बलौदा के सदस्य बुधवार सिंह पैकरा ,सहायक शिक्षक एल बी शासकीय प्राथमिक विद्यालय खरमोरा का दिनांक 15 मई को दुःखद व आकस्मिक निधन हो गया,शिक्षक परिवार ब्लॉक बलौदा के सभी सहायक शिक्षक साथियों के द्वारा संवेदना राशि पंद्रह हजार तीन सौ रूपये इक्ट्ठा करके उनके गृह निवास बैजलपुर में जाकर संवेदना राशि उनकी धर्मपत्नी गेंद बाई को प्रदान किया गया दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की गई, सहायक शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष हरीश कुमार गोपाल ने बताया कि संवेदना राशि बलौदा ब्लाक में संगठन के द्वारा सतत चलाया जाता रहा है। कई दिवंगत साथियों के परिवार वालों को सहयोग राशि प्रदान की गई है, जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार राठौर ने सभी साथियों को 2 मिनट का मौन धारण करवा कर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं हर हाल में सहयोग करने की बात कही, तथा इस तरह की संवेदना राशि योजना को सतत चलाये जाने का आह्वान किया। संवेदना राशि प्रदान करने वाले में मड़वा संकुल समन्वयक रोहित देवांगन, लक्ष्मीप्रसाद सोनझरी,भोलाशंकर साहू जिलाध्यक्ष सक्ती,वीर सिंह पैंकरा,गुरूवार सिंह पैंकरा, रामस्वरूप साहू,नंदालाल साहू,अमित कुमार महिलांगे, सुखनंदन सिंह कंवर, कन्हैया मरावी,रामफल पैंकरा सहित स्वजन उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी 31 तक करवा लें

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत समस्त पात्र हितग्राहियों को खाता आधारित पेमेंट को बदल कर आधार आधारित किया गया है। जिन किसानों का आधार नम्बर में मोबाईल नं. लिंक नहीं होगा उनका आगामी भुगतान लंबित होगा। कृषि विभाग द्वारा सभी पंजीकृत पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे अपने आधार नं. को अपने मोबाईल नं. से 31 मई 2022 तक लिंक कराकर ई-केवाईसी करा ले। किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से या च्वाईस सेंटर में संपर्क कर ई-केवाईसी करा सकते है। किसान चाहे तो स्वयं ही पी.एम. किसान पोर्टल में जाकर स्वयं ई-केवाईसी कर सकते है। ई-केवाईसी कराने के लिए सबसे पहले अपने मोबाईल नंबर आधार से लिंक कराना होगा। जिनका आधार नंबर आधार से लिंक नहीं है, वे आधार में मोबाईल नं. लिंक कराने हेतु आधार लोक सेवा में अपडेट कराना होगा। मोबाईल नं. लिंक कराने के बाद अपने मोबाईल से या च्वाईस सेंटर में जाकर पी.एम. किसान पोर्टल से ई-केवाईसी करायें। ई-केवाईसी कराने के बाद अपने आधार को बैंक से लिंक करा ले। च्वाईस सेंटर से ई-केवाईसी कराने पर शासन द्वारा 15 रू. की राशि निर्धारित है। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी पूर्ण करा लें ताकि पी.एम. किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हो सके। अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि विभाग के मैदानी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या जिला कार्यालय कृषि विभाग से संपर्क कर सकते है।

# आनलाइन सेंटर में छापा मारकर आरपीएफ ने बड़ी संख्या में अवैध ई टिकट जब्त किया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेल सुरक्षा बल की अपराध गुप्तचर शाखा बिलासपुर की टीम ने 27 मई को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर अकलतरा पुलिस के सहयोग से एक टीम ने अकलतरा के एक आनलाइन सेंटर में दबिश देकर हजारों के अवैध ई टिकट बनाकर बेचने वाले को गिरफ्तार करने में अहम कामयाबी हासिल की है। इस संबन्ध में रेल सुरक्षा बल की अपराध गुप्तचर शाखा (सीआईबी) बिलासपुर में पदस्थ उपनिरीक्षक ए के बिंद के अनुसार प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ए एन सिन्हा के निर्देशन में टीम ने अवैध ई टिकट बनाने वाले लोगो के खिलाफ अभियान चलाया है इसी तारतम्य में 27. मई को सीआईबी रेसुब बिलासपुर उपनिरीक्षकएस.के.मिंज साथ बल सदस्यों को लेकर प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के द्वारा निर्देशित धारा 143 के तहत ई टिकिट दलालो के धरपकड़ अभियान के दौरान लोकल पुलिस थाना अकलतरा से समन्वय कर अकलतरा के पास परसहीं नाला में स्थित निधि कम्प्यूटर ऑन लाइन सेंटर में निगरानी के दौरान संचालक मौजूदगी में स्वेच्छा से जांच करने पर संचालक रोहित कुमार जगत उम्र 34वर्ष निवासी परसही नाला वार्ड नंबर 4 थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा .एवम योगेश्वर कुमार मरावी के मोबाईल को सर्च करने पर मोबाइल पर बनी 02 नग पर्सनल यूजर आईडी से कुल 43 नग रेल आरक्षित ई टिकट, कुल कीमत 20840.1रुपए जिसमे 03 नग लाईव टिकिट को बरामद कर ई टिकिट दलाली का अवैध व्यापार करना पाकर। मौके पर दो नग मोबाईल को व अन्य उपकरणों व टिकिटों को जप्ती पत्र तैयार कर अन्य आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही कर लिखित रिपोर्ट के साथ आरपीएफ पोस्ट चांपा को उचित कार्यवाही हेतु दोनों आरोपियों सुपुर्द किया गया।जहां उसके विरुद्ध अपराध क्रं. 341/2022 धारा 143 रेल अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है । अपराध गुप्तचर शाखा बिलासपुर की ई टिकट के अवैध कारोबार करने वालो पर गिराई गाज से ई टिकट के अवैध टिकट बनानें वालो में हड़कंप मच गया है। शिकायत के आधार पर सेंट्रल जीएसटी की टीम ने शहर के दो संस्थानों में दबिश दी।

# विधायक चंदेल आज से क्षेत्र के दौरे पर

**जांजगीर-चाम्पा।** क्षेत्र के विधायक एवं छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेष महामंत्री नारायण चंदेल 29 मई दिन रविवार को प्रातः 11:00 बजे बूथ क्र. 78 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ सुनेंगे तथा बूथ की बैठक में षामिल होंगे। तद्उपरांत वे षाम 04.:00 बजे ग्राम तागा में अम्बेडकर जयंती समारोह एवं महासभा सूर्यवंषी समाज के कार्यक्रम में षामिल होंगे। 30 मई को जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करेंगे। दिनांक 31 मई को सुबह 11:00 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किसानों के सम्बोधन को सुनेगे तथा 11:30 बजे कृशि विज्ञान केन्द्र जांजगीर में प्रधानमंत्री के सम्बोधन एवं किसान मेले के कार्यक्रम में षामिल होंगे तथा केन्द्र सराकर द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करेंगे। 01 जून को डीएमएफ की बैठक में भाग लेंगे। वे 2, 3 एवं 4 जून को जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरा कार्यक्रम में भाग लेंगे। 5 जून को प्रातः 10:00 बजे क्षेत्र में आयोजित पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में भाग लेंगे। षाम 04:00 बजे ग्राम धुरकोट में धीवर समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं विकास कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 5, 6 एवं 7 जून को क्षेत्र में आयोजित अनेक वैवाहिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

# संविदा कर्मचारी से बाल संप्रेषण गृह के प्रभारी अधीक्षक का प्रभार विभाग ने छीना

**बिलासपुर।** बाल संप्रेक्षण गृह से दो नाबालिग फरार होने के मामले पर संस्था के प्रभारी अधीक्षक पर कार्यवाही करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी ने उसे हटाकर मूल पद में कार्य करने का आदेश दिया है गौरतलब है कि सरकंडा नूतन चौक पर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह बिलासपुर से 10 मई को गार्डनिंग के दौरान दो नाबालिक दीवार फांद कर फरार हो गए थे। दोनों नाबालिगों ने संस्था प्रभारी अधीक्षक राहुल पवार के नियम कायदो को धत्ता दिखाकर उसकी निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था में होने वाली लापरवाही को उजागर किया। लगातार खबर छपने से विभाग के उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया और विगत दिनों पहले बाल संरक्षण आयोग की टीम उक्त मामले पर जांच करने के लिए पहुंची थी और तीन दिवस के भीतर मामले में जांच कर कार्यवाही करने का आदेश टीम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिया था। जिसके परिपालन पर महिला एवं बाल विकास विभाग बिलासपुर के जिला कार्यक्रम अधिकारी सूर्यकांत गुप्ता ने बाल संप्रेक्षण गृह पर कार्यरत संविदा कर्मचारी व प्रभारी अधीक्षक राहुल पवार पर कार्यवाही करते हुए उसे प्रभाव से हटा दिया और मूल पदस्थापना में कार्य करने का आदेश दिया है। जांजगीर-चांपा जिपं सीईओ ने बलौदा विकासखण्ड के गोठानों का किया निरीक्षण।

# जिपं सीईओ ने बलौदा विकासखण्ड के गोठानों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता
◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को बलौदा विकासखण्ड के चारपारा, महुदा (ब),नवगवा एवं जाटा गौठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौठान में प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने के साथ ही गौठान में मूलभूत पानी, चारा एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरूत करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ नेहा सिंह सहित गोठान समिति सदस्य, सरपंच, सचिव उपस्थित थे। जिपं सीईओ ने बलौदा विकासखण्ड की गौठान में मुर्गी पालन केन्द्र, बकरीपालन केन्द्र में चल रहे रही गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गौठान में समूहों के लिए बेहतर रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें, इसके लिए उन्हें बेहतर प्रशिक्षण दिया जाए। बाड़ी विकास के लिए समूह को सब्जी एवं फल उत्पादन के लिए बीज उपलब्ध कराने कहा। इस दौरान उन्होंने गौठान में स्वीकृत कार्य बकरीपालन शेड, मुर्गीपालन शेड, मशरूम उत्पादन केन्द्र, नेपीयर घास, हरा चारा, गेहूं उत्पादन आदि कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वीकृत कार्यो को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में गायों के लिए पर्याप्त मात्रा में पैरादान ग्रामीणों की सहभागिता से एकत्रित करवाने कहा। इस दौरान उन्होंने बाड़ी विकास के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने कहा।

# आपसी विवाद में दूसरी पत्नी की हत्या, आरोपी को उम्रकैद की सजा

**कवर्धा।** नीता यादव जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कबीरधाम (छ0ग0) के न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय में थाना सिंघनपुरी जंगल के अपरध क्रमांक 21/2021 से संबंधित एट्रोसिटी विशेष आपराधिक प्रकरण क्रमांक 312/2021 जो कि भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 302 एवं 201 तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम 2015 की धारा (2)(5) से संबंधित था, में अभियुक्त नरेन्द्र साहू, पिता पिताम्बर साहू को हत्या करने और साक्ष्य छुपाने के अपराध में दोषी पाते हुए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 में उम्रकैद एवं 1000/- रू0 के अर्थदण्ड तथा धारा 201 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध के लिए 5 वर्ष सश्रम कारावास और 1000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। प्रकरण में अभियुक्त द्वारा मृतिका केकतीबाई से दूसरा विवाह किया गया था तथा उसे संरोधी के ईटा भट्ठा झोपड़ी में रखा था। घटना के 20-30 दिन पूर्व अभियुक्त द्वारा मृतिका को मायके जाने के नाम पर पैर को टंगिया से काट देने की धमकी दी गई थी तथा मायके नहीं जाने दिया गया था।

# न्यू विस्टा लिमिटेड तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा द्वारा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



न्यू विस्टा लिमिटेड के संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी, जिला नोडल अधिकारी गैर संचारी रोग की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आज विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस एवं सघन दस्त नियंत्रण पखवाडा के अवसर न्यू विस्टा लिमिटेड तथा हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिस्दा के संयुक्त तत्वाधान में रिसदा में जागृति शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश प्रेमी, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिसदा प्रमुख डॉ अविनाश केसरवानी, खंड समन्वयक विकास जायसवाल, वेगेश्वर यदू, प्रमिला जांगडे, खिलेश्वरी दिवाकर, न्यू विस्टा लिमिटेड के संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन, लाईजन हेड धनंजय सिंह, सी.एस.आर. हेड चन्द्रशेखर उपाध्याय, सरपंच जितेन्द्र खुंटे, उपसरपंच परेश वैष्णव, पंच जितेन्द्र धुरंधर के साथ ही मितानिक प्रशिक्षिकाएं एवं बडी संख्या में किशोरी बालिकायें एवं महिलाये उपस्थित थी । दीप प्रज्जवल एवं अतिथि स्वागत उपरांत सर्वप्रथम चन्द्रशेखर उपाध्याय ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य की जानकारी दी । तदूपरांत डॉ अविनाश केसरवानी ने सघन दस्त नियंत्रण पखवाडे के महत्व पर जानकारी देते हुये बताया कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों में दस्त के प्रमुख कारण, बचाव, रोकथाम, साफसफाई आदि पर विस्तृत जानकारी के साथ ही ओ.आर.एस. घोल बनाने की विधि तथा जिंक गोली सेवन के नियम एवं महत्व को समझाया। इसके बाद खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश प्रेमी ने स्वास्थ विभाग की योजनाओ को विस्तार से समझाते हुये इसका लाभ लेने तथा हमेशा स्वस्थ एवं खुश रहने हेतु प्रेरित किये साथ ही संयंत्र एवं हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रिस्दा के संयुक्त तत्वाधान में संचालित गतिविधियों की सराहना की । इसके पश्चात् न्यू विस्टा लिमिटेड के संयंत्र प्रमुख राजू रामचंदन ने कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं के उत्साह को देखकर अभिभूत होते हुये कहा कि इसी प्रकार यदि आप हमेशा उत्साहित रहें तो जीवन स्वस्थ्य एवं खुशहाल रहेगा। उन्होने संयंत्र के सी.एस.आर. विभाग द्वारा संचालित विकास गतिविधियों का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किये साथ ही इन गतिविधियों के सफ ल संचालन में सहभागी शासन के विभागों तथा ग्राम पंचायत की सराहना की तथा इसी प्रकार सहयोग प्रदान करने हेतु अपील भी की।

# इन्फ्राकाम इंडिया लिमिटेड चिटफण्ड कंपनी के फरार डायरेक्टर संजीव गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



थाना जांजगीर के प्रतिष्ठा इन्फ्राकाम इंडिया लिमिटेड चिटफण्ड कंपनी के वर्ष 2015 के 07 सालों से फरार मुख्य आरोपी डायरेक्टर संजीव को गिरफ्तार करने में जांजगीर पुलिस को मिली बड़ी सफलता। आरोपी घटना दिनांक से था फरार आरोपी को 27मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण में 05 आरोपियों को पूर्व में तथा 02 आरोपियों को 25मई को गिरफ्तार कर तथा अप. क्र. 138/21 के आरोपी रामगोपाल को 25मई को गिरफ्तार कर भेजा गया है जेल मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी महेन्द्र निवासी पेण्ड्री थाना जांजगीर द्वारा प्रतिष्ठा इन्फ्राकाम इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर व एजेंटों के विरूद्ध अधिक ब्याज देने का प्रलोभन देकर ग्राहकों से पैसा जमा कराने एवं रकम वापस नहीं करने की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर पूर्व में 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था एवं दो आरोपियों को 25मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है एवं इसी तरह अपराध चिटफण्ड अधिनियम एवं 6,10 निछेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम के मामले में एक आरोपी को 25 मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना जांजगीर स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# धोखा कांग्रेस प्रवेश कराने वाले व्यक्ति फिर हुए अपने परिवार भाजपा के साथ

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तार योजना अंतर्गत बोड़ला मंडल के पोड़ी के दोनों बूथ क्रमांक 89 एवं 90 में कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के अनेक योजनाओं, कार्यों, भाजपा की रीति नीति एवं क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय के कार्यों व सक्रियता से प्रभावित होकर गोस्वामी समाज के प्रमुख व्यक्ति यों ने भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल ठाकुर एवं मंडल अध्यक्ष बरसाती वर्मा की सहमति से भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश तिवारी के द्वारा भगवा गमछा पहनाकर गोस्वामी समाज के लोगों को भाजपा में प्रवेश कराया। भोरमदेव शक्क र कारखाना के सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू के नेतृत्व में गोस्वामी समाज से भभूत गोस्वामी, नकुल गोस्वामी, मोहन गोस्वामी, राजू गोस्वामी, सपूत गिर गोस्वामी, राम जी गोस्वामी आदि ने पुनः भाजपा में शामिल होकर घर वापसी किए। सांसद संतोष पांडेय ने दूरभाष के माध्यम से उक्त कार्यकताओं का पार्टी में पुनः स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू ने बताया के गोस्वामी समाज के लोग अपने समाजिक भवन एवं सड़क निर्माण की मांग करने के लिए क्षेत्रीय विधायक के पास गए थे। लेकिन उन्हें बेवजह कांग्रेस प्रवेश किए हैं ऐसा कहकर पेपर मे छपवाया गया था। जबकि यह भभूत गोस्वामी, नकुल गोस्वामी एवं उनके साथ गए साथी का कहना है कि हम पहले से भाजपा हैं और आज भी हम भाजपा मे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए गणेश तिवारी ने कहा कि हम सभी को मिलकर अपने बुथ स्तर पर केंद्र के मोदी सरकार के अनेक योजनाओं को बताना हैं। सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक व मंत्री के पास अपने समाजिक मांग को लेकर जाते हैं।


## कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर

### // अल्प कालिन निविदा //

एन.आई.टी. क्रमांक/06 से 09/जि.नि.स./2022-23 — कांकेर, दिनांक 18/05/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए **निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित** की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 06/06/2022 (सायं 5:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात् मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 08/06/2022 (सायं 5:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 10/06/2022 (प्रातः 12:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 16/06/2022 (सायं 5:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 17/06/2022 (प्रातः 11:30 बजे से)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा प्रारूप कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।**

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06 | 50 सीटर आदिवसी कन्या छात्रावास भवन चारगांव, वि.ख.-कोयलीबेड़ा का (बचत कार्य) निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण सहित। | 90.92 | 68,500/- |
| 2 | 07 | ग्राम थानाबोड़ी, वि.ख. नरहरपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य। | 29.98 | 22,500/- |
| 3 | 08 | ग्राम मरकाटोला, वि.ख. नरहरपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य। | 29.98 | 22,500/- |
| 4 | 09 | 50 सीटर प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोदागांव, वि.ख. कांकेर का बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 19.35 | 15,000/- |

कलेक्टर,
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

G- 91609/5

# व्यापारियों से मारपीट की घटना पर चैंबर ने जताई नाराजगी उपद्रवियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए : चैंबर ऑफ कामर्स

- गुंडरदेही में हुए व्यापारियों से मारपीट की घटना को लेकर चेम्बर भवन में संरक्षक मंडल, सलाहकार मंडल की हुई आवश्यक बैठक, बालोद जिले के व्यापारीगण हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर कार्यालय में संरक्षक मंडल, सलाहकार मंडल और वरिष्ठ सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई, जिसमे दल्लीराजहरा, बालोद एवं गुण्डरदेही के व्यापारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया की बैठक में बालोद जिला के ग्राम तुएगोंदी में घटना की आड़ में बालोद बंद के नाम पर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा गुंडरदेही में व्यापारियों के साथ मारपीट की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा दी गई विवादास्पद बयान से भी समाज का माहौल खराब हुआ। इसका भी चैंबर आफ कामर्स ने पुरजोर विरोध किया। पूर्व मे भी अमित बघेल द्वारा प्रदेश के विभिन्न् शहरों में अन्य समाजों के लिए उन्माद फैलाने के उद्देश्य से इसी प्रकार से नफरत और घृणा से भरे हुए भाषण दिए गए हैं।

पूरे भारत में छत्तीसगढ़ सबसे शांतिप्रिय प्रदेश है, जिसके सामाजिक समन्वय और सौहार्द को जानबूझकर बिगाड़ने की कोशिश की गई है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा व्यापारियों से जबरन वसूली की शिकायतें भी सामने आती रही है । श्री पारवानी ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि अतिशीघ्र ही चेंबर एवं समस्त समाजों के वरिष्ठों का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर सारी बातों से अवगत कराएगा एवं इस प्रकार के तत्वों पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग करेगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ चेम्बर के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, महेन्द्र कुमार धाड़ीवाल, स. भजन सिंह होरा, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता सलाहकार दीपक बल्लेवार, भरत बजाज, अमर गिदवानी, जितेंद्र दोशी, नरेंद्र कुमार दुग्गड़, परमानंद जैन, राकेश ओचवानी, सुरिन्दर सिंह, अजय अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा सहित दल्ली राजहरा इकाई अध्यक्ष शंकर लाल कुकरेजा, बालोद इकाई के महामंत्री अमित कुकरेजा व कैलाश जैन, भूपेंद्र डहरवाल उपस्थित थे।

### संविधान संशोधन समिति की नियमित बैठक चेम्बर भवन में



छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर के संविधान में संशोधन हेतु चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी सहित संविधान संशोधन समिति के सदस्य- राजेन्द्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, भरत बजाज, संजय रावत एवं राम मंधान सम्मिलित हैं जो नियमित रूप से चेम्बर के संविधान में संशोधन से संबंधित बैठक कर रहे हैं। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। आवश्यकता के अनुरूप ही नियम बनते हैं, बदलते हैं तथा उन्हें अद्यतन भी किया जाता है। चेंबर के संविधान में शुरुआती दौर में जो नियम बने हुए हैं उनका वर्तमान रूप में बदलाव करना आवश्यक है। चूंकि पूर्व में चेंबर की सदस्यों की संख्या सीमित थी जो वर्तमान में पहले से कई गुना बढ़ गई है। आज सदस्यों की संख्या में विस्तार के फलस्वरूप चेंबर के संविधान में संशोधन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। पारवानी जी ने आगे कहा कि संविधान संशोधन समिति चेंबर के संविधान का बारीकी से निरीक्षण कर संशोधन कर रही है, तत्पश्चात संशोधित किए गए नियमों को चेंबर की प्रक्रिया के अंतर्गत उसे पारित कराया जायेगा।

# भाजपा का राजनीतिक प्रस्ताव मोदी सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लग रहा है : धनंजय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा में राजनीतिक एवं वित्त प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी बैठक में जो राजनीतिक एवं वित्त प्रस्ताव किया है उन प्रस्ताव के पठन से ऐसा लगता है कि भाजपा ने यह प्रस्ताव मोदी सरकार के मुखाल्फत करने के लिये प्रस्तुत किया है। भाजपा का यह प्रस्ताव मोदी सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लग रहा है। आज देश की आर्थिक स्थिति बदहाल है। देश में बेरोजगारी दर बढ़ी हुयी है। देश में उद्योग धंधे तबाह है। लगभग 23 करोड़ हाथ बेरोजगार है। लगभग 45 करोड़ लोग ऐसे है जिन्हें नौकरियों की आस समाप्त हो चुकी है। किसानों को उनकी उपज का कीमत नहीं मिल रही है, महंगाई चरम सीमा पर है तो ये सारे प्रस्ताव ऐसे लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी केन्द्र सरकार को आईना दिखाने के लिये पारित की है। छत्तीसगढ़ में वस्तु स्थिति भाजपा के प्रस्ताव से अलग है। देश की बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ का बेरोजगारी दर 0.6 प्रतिशत है। उद्योग धंधो की स्थिति अच्छी है। राज्य का जीएसटी कलेक्शन देश में सर्वोत्तम है। छत्तीसगढ़ में किसानों को देश में सबसे ज्यादा उनकी उपज का मूल्य मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव ने मोदी सरकार को आईना दिखाया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अर्थव्यवस्था के तीनों प्रमुख सेक्टर में देश की तुलना में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन विगत सवा तीन वर्षो में बेहतर हुआ है। कृषि के क्षेत्र में 1.4 प्रतिशत, उत्पादन में 4 प्रतिशत और सेवा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय औसत से 8 प्रतिशत बेहतर है। मोदी सरकार का फोकस चंद पूंजीपतियों का मुनाफा है, वहीं भूपेश सरकार की प्राथमिकता आम जनता की समृद्धि है, किसान, मजदूर, आदिवासी, वनोपज संग्राहक, गोपालक, युवा, महिला समूहों की समृद्धि है।

# अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने विधायक संगीता सिन्हा ने कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



कॉलोनाइजर एक्ट का उलंघन और रेरा नियमो को ताक में रखा भूमाफियाओं ने कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कालोनी पर नकल जारी करने पटवारियों ने कलेक्टर से लिखित में मांगी अनुमति

लगातार खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आया था प्रशासन, की गई थी नोटिस जारी

पायनियर लगातार

विधायक संगीता सिन्हा के एक पत्र ने खलबली मचा दी है। नियमो को दरकिनार कर अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने संजारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने कलेक्टर को पत्र लिख भूमाफियाओं पर कड़ी कार्यवाही करने पत्र लिखा हैं। जिससे कॉलोनाइजर एक्ट का उलंघन कर और रेरा नियमो को ताक पर रख कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कालोनीयों करने वाले भूमाफियाओ में हड़कंप मच।गया हैं। जिले के सबसे संवेदनशील विधायक संगीता सिन्हा ने मामले को बड़ी गंभीरता से लिया हैं।

**नियमों को दरकिनार कर की जा रही प्लाटिंग-** विधायक संगीता सिन्हा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। भू-माफियाओं द्वारा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारटी (रेरा) को दरकिनार कर प्लॉट बेचा जा रहा है। भूमाफियाओ द्वारा जमीनों को नियम विरुद्ध टुकड़ों में बॉटकर लोगों को ले-आउट, डायवर्सन आदि के संबंध में झूठी जानकारी देते हुए अपने चंगुल में फँसाकर प्लॉट बेचा जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रूपये के राजस्व की हानि हो रही है। शासन-प्रशासन के सारे नियमों को ताक में रख कर बालोद व गुरूर नगरीय निकाय क्षेत्रों के आस-पास खेत-खलिहानों का प्लॉट काट-काट कर आवासीय प्लॉट के रूप में बेखौफ खरीदी-बिकी हो रही है।

**धोखाधड़ी करने व ठगी के कई मामले आये है सामने-** विधायक ने बताया कि कई ऐसे उदाहरण है जब प्लॉट खरीदने के बाद क्रेता मकान नक्शा के लिए नगरपालिका कार्यालय पहुँचते हैं। तब उन्हें पता चलता है कि वे अवैध प्लाटिंग का शिकार हो चुके हैं एवं अपने जीवन भर की जमा पूँजी को भू-माफियाओं बहकावे में गवा चुके हैं। जैसे नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत ख.नं. 145/4 एवं 145/5 को भू-माफियाओं ने क्रेता टुमेश्वर साहू आ0 गैंदलाल साहू निवासी ग्राम-दानीटोला (गुरूर) को झूठी जानकारी देते हुए विक्रय कर दिया एवं इनके हक की जमीन का चिन्हांकन करने में अब वे टालमटोल कर क्रेता को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहें हैं। जिसकी लिखित शिकायत गैंदलाल साहू आह्व बलराम साहू द्वारा थाना प्रभारी गुरूर, तहसीलदार गुरूर, अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष किया गया है।

**ठगी के शिकार हुए लोग न्यायालय के काट रहे चक्कर-** इसी प्रकार भू-माफियाओं द्वारा 2 वर्ष पूर्व नगर पंचायत गुरुर अंतर्गत ही ख.न. 145/1 का सौदा गिरधारी साहू निवासी ग्राम साहवाड़ा (चारामा) से कर आज तक उनसे धोखाधड़ी किया जा रहा है जिसकी शिकायत गिरधारी साहू द्वारा आपके समक्ष की गई है। भू-माफियाओं द्वारा लोगों से धोखाघड़ी एवं ठगी किये जाने के ऐसे और अनेक मामले हैं जिसके कारण लोगों को न्यायालयों का चक्कर काटना पड़ रहा है।

### भूमाफियाओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही किया जाना आवश्यक : संगीता



विधायक ने बताया कि अवैध प्लाटिंग का कारोबार ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले दिनों में लोग जहाँ मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते नजर आयेंगे वहीं दूसरी ओर प्रशासन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भू-माफियाओं के विरुद्ध समय रहते यदि कठोर कार्यवाही नहीं की जाती है तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब होती चली जायेगी। ऐसी स्थिति में अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं एवं भू-स्वामियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जाना अत्यावश्यक है। अतएव इसे सर्वप्राथमिकता देते हुए अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं एवं भू-स्वामियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग कलेक्टर से किया हैं।

# समर कैंप का समापन : सभापति प्रमोद दुबे ने उपहार दिए



**रायपुर।** मदर्स डे से प्रारंभ 21 दिवसीय ड्राइंग, पेंटिंग, कैलीग्राफी प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री प्रमोद दुबे, सभापति रायपुर नगर निगम ने बच्चों की कलाकृतियों की तारीफकरते हुए अपने करकमलों द्वारा उन्हें पठन पाठन सामग्री के अलावा रिटर्न गिफ्ट में लूडो, सांप सीढ़ी, शतरंज आदि इंडोर गेम्स, उपहार स्वरूप सौंपे। अपने उदबोधन में सभापति प्रमोद दुबे ने लाभार्थियों का मूल्यांकन करते हुए उन्हें गुदड़ी का लाल बताया तथा निमया सेवा जतन फाउंडेशन के प्रयोजन एवं सेवाभाव की सराहना की ।

## भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता जी 30 और 31 मई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता जी 30 मई को दिल्ली से सुबह 8 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट में संगम लाल गुप्ता का पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी स्वागत करेंगे। गुप्ता जी एयरपोर्ट से सीधे न्यू सर्किट हाउस जाएंगे। सर्किट हाउस से महासमुंद जाएंगे और जिला स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। महासमुंद से लौटकर शाम 7 बजे सामाजिक बैठक करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 31 मई को 11 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक के बाद 2 बजे प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता लेकर शाम 4 बजे दिल्ली रवाना होंगे।

# पंख एंड एडी एग्जीबिशन फैशन एंड लाइफस्टाइल का समापन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के समता कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर हॉल में दो दिवसीय फैशन एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद कांग्रेस नेता नितिन भंसाली द्वारा किया गया था जिसका आज समापन हुआ.

आस्था दवे और कोमल जिंदल ने बताया की एग्जीबिशन में हैंडीक्राफ्ट, हेयर एसेसरीज, ज्वेलरी, हैवी डिजाइनर साड़ियां, सूट,पर्स, राखियां हाथ के बने हुए बेहतरीन और आकर्षक गिफ्ट आइटम सब एक ही छत के नीचे उचित दामों में उपलब्ध रहे. आस्था दवे में बताया की एग्जीबिशन में जनता का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और आगे भी वे इस तरह के एग्जीबिशन लगाती रहेंगी।




# वरदान साबित हो रहा मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, 7 हजार 4 सौ 34 ग्रामीणों को मिला इलाज



पायनियर संवाददाता ➤ मनोरा
www.dailypioneer.com

मनोरा विकास खण्ड में सुदूर वनांचलों व ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीबों के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का वरदान साबित हो रही है। आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष अब तक 7 हजार 434 ग्रामीणों का इलाज इस योजना के तहत हुआ है। प्राथमिक उपचार के साथ ही निःशुल्क दवा भी दी जाती हैं।

मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के तहत हाट बाजारों में कैंप लगाकर के नृत्य गायन प्रस्तुत करते है ताकि बाजार में आने वाले लोग खरीदारी के साथ-साथ इलाज भी करा सकें, इलाज के दौरान बीमारी की स्थिति में निःशुल्क दवा का वितरण किया जाता है। गंभीर बीमारी होने पर चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाता हैं। लेकिन मनोरा परामर्श नही होने पर एएनएम के द्वारा दी जाती हैं। गांवों से स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी के आधार पर हाट बाजारों का चिन्हांकन किया गया है। प्रत्येक हफ्ते डेडिकेटेड टीम के माध्यम से इन हाट बाजारों में आने वाले ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा उन्हें आवश्यक उपचार की सुविधा प्रदान की जा जाती है।

**ये है टीम :** हाट- बाजारों में प्रशिक्षक देने वाली कलावती नायक, नेमनी बाई, मटिल्डा केरकेट्टा, सुखमई बाई, बेनेदित्ता कुजूर, जयमनी बाई, ब्लाक समन्वयक अनिता विश्वकर्मा और जिला समन्वयक जागेश्वर भगत, होम्योपैथिक चिकित्सक अधिकारी डॉ. उमेश बलानी, चिकित्सक डॉ. हेमन्ती यादव, आरएमए सन्तोषी अग्रवाल, एएनएम ललिता पैकरा, एसएन अमित गुप्ता एलटी के साथ डेडिकेटेड वाहन में सभी प्रकार की आवश्यक औषधियां उपलब्ध रहती हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403